ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 18 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 165 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल हार का मुझ पर ... पेज 10 पर



## दूसरी सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। सावन की दूसरी सोमवारी पर राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में लाखों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। सभी श्रद्धालुओं ने सुबह शिवालयों में दूध, बेलपत्र, अक्षत, रोली, चंदन चढ़ा कर भोलेनाथ के जयकारे लगाए और जलाभिषेक किया। सोमवार को अहले सुबह मंदिर के पट खुलते ही शिवभक्त के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। करीब सात से दस बजे मंदिर परिसर में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव और बोलबम के नारों के साथ पूरा शिवालय गुंजायमान हुआ। वहीं, सुरक्षा को लेकर मंदिर परिसर के पास जवानों को तैनात किया गया था। पहाड़ी मंदिर के बाहर युवा शिवभक्तों की भीड़ लगी रही। पहाड़ी के बाहर दुकानों पर भी लोग खरीदारी करते नजर आए।

### देवघर में कांवड़ तीर्थयात्रियों का सैलाब जलाभिषेक के लिए लंबी कतार

**सावन** के दूसरे सोमवार पर देवघर का श्रावणी मेला आस्था के रंगों से झूम रहा है। लाभिषेक लिए अभी भी कांवड़ तीर्थयात्रियों की लंबी कतार लगी हुई है। मंगलवार से मलमास शुरू हो जाएगा। इस वजह से भी शिवभक्त जन-बच्चों के साथ बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। सुल्तानगंज से पैदल चले कांवड़ तीर्थयात्री रविवार शाम से ही यहां पहुंचने शुरू हो गए थे। रात चढ़ते-चढ़ते कांवड़ पथ पर शिवगंगा तक शिवभक्तों का तांता लग गया। कांवड़ पथ घुमावदार और तकरीबन 17 किलोमीटर दूर नंदन पहाड़ तक है। मंदिर परिसर में हर हर महादेव का उद्घोष हो रहा है। बाबा वैद्यनाथ मंदिर और कांवड़ पथ पर सुरक्षा का अभूतपूर्व इंतजाम किया गया है। मंदिर से आठ किलोमीटर दूर पंडाल लगाने के साथ बैरिकेडिंग की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में 8700 पुलिस अफसर और जवान तैनात हैं। देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसपी सुभाषचंद्र जाट ने मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी को सजग रहने का निर्देश दिया है।

#### आज से शुरू हो जाएगा मलमास (पुरुषोत्तम मास)

श्रावणी मेला के अवसर पर 19 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पवित्र श्रावण मास के बीच मलमास (पुरुषोत्तम मास) का संयोग लगा है। वही श्रावणी मेले की दूसरी सोमवारी जो आमावस्या तिथि पर पड़ने के कारण विशेष महत्व का दिन हो जा रहा है। साथ ही सोमवार को ही कर्क संक्रांति भी है। अनूठे संयोग के बीच 18 जुलाई से बाबानगरी में बांग्ला श्रावण की भी शुरूआत हो जाएगी। मलमास (पुरुषोत्तम मास) और बांग्ला श्रावण एक साथ निरंतर एक मास 16 अगस्त तक चलेगा। मलमास मेला समापन के उपरांत 17 से 31 अगस्त तक पुनः श्रावणी मेला का दूसरा पखवारा निरंतर चलेगा।

## दो सगे भाइयों की पीट-पीटकर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जलडेगा थाना क्षेत्र के मामा भगिना कुम्बा टोली में दो सगे भाइयों की हत्या से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बदले की रंजिश में थाना क्षेत्र के मामा भगिना मुण्डू टोली निवासी दो सगे भाई पीटर जोजो 45 वर्ष और असीम जोजो 38 वर्ष को गांव के ही नवीन भेंगरा 36 वर्ष नामक पड़ोसी युवक ने मामा भगिना कुम्बा टोली में पलटवार करते हुए लकड़ी के डंडे से पीट-पीट कर मार डाला। आरोपी नवीन भेंगरा को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी एक महीना पहले बोरिंग करने वाले गाड़ी में काम करके आया था तब से रोज शराब के नशे में डूबा रहता था लेकिन जब पैसे खत्म होने लगे तो आरोपी का व्यवहार बदलने लगा एवं मानसिक रूप से अजीब हरकतें करने लगा इसी बीच पिछले हफ्ते आरोपी नवीन भेंगरा ने मृतकों की मां मुनिका जोजो पर धान कूटने वाले लकड़ी (समाट) से सिर में हमला कर दिया था। घटना के बाद आरोपी अपने पत्नी की बड़ी बहन के यहां कुम्बा टोली में रह रहा था। इस घटना से आहत दोनों भाई नवीन से नाराज चल रहे थे एवं उससे बदला लेने के फिराक में थे।

सोमवार को जब नवीन भेंगरा अपने डेढ़ सास के घर पर अकेला था तभी दोनों भाई बदला लेने के उद्देश्य से कुम्बा शेष पृष्ठ 11 पर



### क्या है मामला

आरोपी नवीन भेंगरा एक सप्ताह पूर्व भी मृतक की मां मुनिका जोजो को सामट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसे तत्काल सिमडेगा सदर अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया जहां डॉक्टरों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया था। इसी घटना के बाद दोनों भाइयों में बदले की भावना उत्पन्न हुई और आज दोनों आज एक साथ मारे गए। मृतक पीटर जोजो की पत्नी सेतेंग जोजो ने बताया कि आरोपी नवीन भेंगरा व मृतक असीम व पीटर तीनों पड़ोसी हैं।

### पुलिस कार्रवाई नहीं होने से हुई भाइयों की मौत

थाना प्रभारी हिरालाल महतो ने कहा कि मां के साथ हुई घटना के संबंध में परिजनों ने किसी प्रकार का फर्ज बयान देने से इंकार कर दिया गया। जिसके कारण आरोपी को समझा बुझाकर छोड़ दिया गया था। ग्रामीणों ने भी बताया की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जबकी मृतक के परिजनों ने कहा आरोपी को घटना के दिन ही पुलिस रात 11 बजे से कस्टडी में रखते हुए अगले दिन शाम 5 बजे छोड़ा गया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### संध्या टोपनो हत्याकांड में आरोपी महमूद कुरैशी ने किया सरेंडर

**रांची।** महिला दारोगा संध्या टोप्पो हत्याकांड के अभियुक्त महमूद कुरैशी ने सोमवार को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। महमूद के घर पर पुलिस ने एक अप्रैल को इश्तेहार चिपकाया था। पुलिस लगातार महमूद की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। पुलिस के दबाव में आकर महमूद ने सरेंडर किया है।

### चाईबासा में आईईडी की चपेट में आया सीआरपीएफ एएसआई

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड में चाईबासा के सबसे ज्यादा उग्रवाद प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कुईरा गांव में पहाड़ी के आसपास के जंगल में सोमवार सुबह नक्सलियों के लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक एएसआई घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक शेखर ने बताया कि इस विस्फोट में एएसआई को मामूली चोट आई है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भेजा गया है। पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों ने समूचे इलाके को घेरकर नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इन दिनों गोइलकेरा एवं टोंटो थाना क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। इससे नक्सली बौखलाए हुए हैं।

### आर्म्स एक्ट में दाहू यादव की अग्रिम बेल याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सोमवार को आर्म्स एक्ट एवं हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित दाहू यादव उर्फ राजेश यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने दाहू यादव की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

### लातेहार में डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपती की हत्या

**लातेहार।** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत आमडीहा गांव में जान बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपति की हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान कृत सिंह (70) तथा उनके पत्नी तुलसीमनी देवी (65) के रूप में हुई है । दोनों आमडीहा गांव के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार तुलसीमनी देवी को गांव के कुछ लोगों द्वारा विगत चार वर्षों से डायन बिसाही का आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जा रहा था। पूर्व में भी कई बार इनके साथ मारपीट की घटना हुई थी।

### सीएम ने हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का किया अनावरण, बोले

# झारखंड का हॉकी से गहरा नाता

### आम लोगों में हॉकी के प्रति बढ़ेगा लगाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने तीन अगस्त से शुरू होने वाले हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी चेन्नई- 2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का सोमवार को अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पास द बॉल ट्रॉफी टूर अभियान को लॉन्च करते हुए भारतीय हॉकी टीम को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त कि इस चैंपियनशिप में भारतीय हॉकी टीम बेहतर और शानदार खेल का प्रदर्शन करेगी।




मुख्यमंत्री ने कहा कि हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 की ट्रॉफी का देश के विभिन्न शहरों में भ्रमण कराया जाना एक बेहतरीन कदम है। इससे ना सिर्फ हॉकी खिलाड़ियों बल्कि खेल प्रेमियों के बीच भी चैंपियनशिप के प्रति आकर्षण और उत्साह का संचार होगा। इसके साथ आम लोगों में भी हॉकी की प्रति लगाव बढ़ेगा। शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्य से निकले हैं कई नामी हॉकी खिलाड़ी

सीएम ने कहा कि झारखंड का हॉकी से गहरा नाता रहा है। खूंटी और सिमडेगा जैसे जिलों के गांव -गांव में हॉकी बसती है। यहां के बच्चे- बच्चियों में बचपन से ही स्टिक पर 'मैजिक' शुरू हो जाती है। ऐसा लगता कि हॉकी के बिना उनकी जिंदगी अधूरी सी है। इसी का नतीजा है कि यहां के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। यहां से कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं।

### भारत पहली बार कर रहा मेजबानी

ज्ञात हो कि एशियन हॉकी चैंपियनशिप का भारत पहली बार मेजबानी कर रहा है इसका आयोजन चेन्नई में 3 से 12 अगस्त तक हो रहा है। इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत समेत दक्षिण कोरिया, मलेशिया, जापान, पाकिस्तान और चीन की टीम मुख्य रूप से भाग ले रही है। ज्ञात हो कि भारत अब तक तीन बार एशियन हॉकी चैंपियनशिप का विजेता बना है। भारत ने वर्ष 2011, वर्ष 2016 और वर्ष 2018 में खिताब जीता था।

## दिनेश गोप का सहयोगी नीलांबर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी पुलिस ने रविवार को गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र में छापामारी कर पीएलएफआई के कुख्यात उग्रवादी और दिनेश गोप के खास सहयोगी नीलांबर गोप को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र से अवैध हथियार, एक देसी कट्टा, 38 जिंदा गोली, हथियार बनाने में प्रयोग होनेवाली लेथ मशीन, पीएलएफआई के पर्चे और चंदा रसीद और लेवी के रूप में वसूले गए एक लाख रुपये बरामद किये हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एसपी अमन कुमार को मिली शेष पृष्ठ 11 पर

## 30 हजार से अधिक महिलाओं को मिला फूलो झानो आशीर्वाद अभियान का लाभ

### जागरूकता ने निभाया अहम किरदार, सरकार से मिला सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं के दिन बहुरने लगे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास का प्रतिफल है कि 20 सितंबर 2020 को शुरू हुई इस योजना के जरिए हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी 30,013 महिलाओं ने सम्मानजनक आजीविका को अपने जीवन का आधार बनाया। आज ये महिलाएं समाज में बदलाव की कहानी गढ़ दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर फूलो झानो आशीर्वाद अभियान का शुभारंभ हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। अभियान का प्रथम चरण सितम्बर 2020 से प्रारम्भ हुआ। सर्वेक्षण के माध्यम से इस कार्य से जुड़ी महिलाओं की संख्या 15,284 दर्ज की गई। इनके बीच जागरूकता अभियान चलाया गया, ताकि ये वैकल्पिक सम्मानजनक आजीविका गतिविधियों से जुड़ अपने जीवन को नई दिशा दे सकें। सरकार को शेष पृष्ठ 11 पर





### रांची में लड़की से गैंगरेप 48 घंटे में दूसरी वारदात हिरासत में 10 आरोपी

**रांची।** रांची के डोरंडा इलाके में रविवार को लेट नाइट पार्टी के बाद घर लौट रही एक नाबालिग लड़की से गैंगरेप की वारदात हुई है। पुलिस ने वारदात के दस आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। 48 घंटे के भीतर शहर में इस तरह की यह दूसरी वारदात है। शुक्रवार की रात भी एक बर्थडे पार्टी से लौट रही नाबालिग छात्रा से उसके ही चार दोस्तों ने रेप किया था। बताया गया कि लड़की अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी में गई थी। रात लगभग ग्यारह बजे पार्टी खत्म होने के बाद वह लौट रही थी तो दोस्तों के अलावा कुछ अन्य युवकों ने उसे हवस का शिकार बनाया। लड़की बदहवास हाल में किसी तरह घर पहुंची। वारदात की सूचना पुलिस को सुबह छह बजे मिली तो वह तुरंत एक्शन में आई।

## बीमारी के कारण विष्णु अग्रवाल नहीं पहुंचे ईडी ऑफिस, मांगा तीन हफ्ते का समय

### पुगड़ू जमीन मामले में आज से होगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड- बंगाल के बड़े कारोबारी व न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल ईडी के समन पर सोमवार को उपस्थित नहीं हुए। दिन के 11 बजे अग्रवाल को रांची के जोनल आफिस में उपस्थित होना था। लेकिन उन्होंने उपस्थिति के पहले ईडी को पत्र भेजकर तीन हफ्ते का वक्त मांगा है। ईडी अब विष्णु अग्रवाल के टाइम पीटिशन पर विचार करेगी। संभव है कि उन्हें ईडी फिर से समन करे। ईडी ने



चेशायर होम रोड जमीन केस में तीन बार विष्णु अग्रवाल को समन कर पूछताछ किया है। अब ईडी नामकुम अंचल के पुगड़ू मौजा में 9.30 एकड़ जमीन की खरीद की जांच कर रही है। इस मामले में ही पूछताछ के लिए ईडी ने विष्णु अग्रवाल को समन किया था। विष्णु अगव्राल शेष पृष्ठ 11 पर

### छवि रंजन की बेल पर 28 को होगी सुनवाई

**जमीन** घोटाले मामले में गिरफ्तार और जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की बेल पर सोमवार को होने वाली सुनवाई टल गई है। जज के अवकाश पर रहने के कारण सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। बेल पिटीशन पर सुनवाई अब 28 जुलाई को होगी। ऐसे में छवि रंजन को बेल के लिए इंतजार करना पड़ेगा। निलंबित आईएएस छवि रंजन झारखंड कैडर के 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और रांची के पूर्व डीसी रह चुके हैं।

### राजनीतिक दलों को ऑनलाइन देना होगा वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट

# चुनाव आयोग के निर्देश पर मचा हड़कंप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अब राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग को ऑनलाइन वित्तीय लेखा-जोखा उपलब्ध कराना होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन लेखा-जोखा की शुरूआत चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 से शुरू की है। भारत निर्वाचन आयोग के इस निर्णय के बाद झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टी को चिट्ठी भेजकर ससमय रिपोर्ट आयोग को देने को कहा गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के वित्तीय लेखा जोखा को वार्षिक ऑडिट अकाउंट रिपोर्ट के माध्यम से जमा करने को कहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के द्वारा जारी पत्र के अनुसार जो राजनीतिक दल ऑनलाइन मोड में वित्तीय रिपोर्ट दाखिल नहीं करना चाहते हैं, उन्हें लिखित रूप में इसकी वजह बतानी होगी। इसके अलावा आयोग के द्वारा निर्धारित प्रारूप में सीडी या पेन ड्राइव के साथ हार्ड कॉपी प्रारूप में रिपोर्ट भी दाखिल कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों के द्वारा वित्तीय डिटेल ऑनलाइन दाखिल नहीं करने की वजह को सार्वजनिक करने का काम करेगी।




**चुनाव आयोग की चिट्ठी से गरमाई राजनीति :** वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट को लेकर राजनीति गरमा गई है। बीजेपी ने पार्टी फंड में आनेवाले चंदा की राशि को पूरी तरह से वैध रूप में होने का दावा करते हुए दूसरे दलों पर तंज कसा है। पूर्व स्पीकर और रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह ने पार्टी फंड में आने वाली राशि को सही बताते हुए कहा है कि जब कभी भी अभियान चलाया जाता है तो बकायदा चेक और कूपन के जरिए पार्टी फंड में राशि जमा होती हैं, जिसमें दाताओं के नाम, मोबाइल नंबर और पता अंकित होता है। बीजेपी पूरी सूचना के साथ वित्तीय लेन-देन में विश्वास रखती है। यही वजह है कि अन्य दलों की अपेक्षा हमारे यहां पूरी पारदर्शिता रहती है। झामुमो ने वित्तीय लेखा-जोखा संबंधी रिपोर्ट चुनाव आयोग के द्वारा मांगे जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी ससमय रिपोर्ट उपलब्ध करा देगी। पार्टी प्रवक्ता मनोज पांडे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी के वित्तीय लेखा-जोखा का ऑडिट होना चाहिए। जिसमें इलेक्ट्रॉल बाउंड के जरिए और उद्योगपतियों के द्वारा कई माध्यम से पार्टी फंड में पैसे जमा होते आए हैं।

**क्षेत्रीय पार्टी की आय में होती रही है वृद्धि :** हाल के वर्षों में क्षेत्रीय पार्टियों की आय में अज्ञात स्त्रोतों से काफी वृद्धि हुई है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म यानी एडीआर के रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-2022 में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की अज्ञात स्त्रोतों से आय 887.55 करोड़ रुपए रही, जो उनकी कुल आय का 76% है। शेष पृष्ठ 11 पर

## 5 साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए दो नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस) के पांच साल के अंतराल में 13.5 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं और गरीबों की संख्या में 14.96 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। नीति आयोग ने 2015-16 में कराये गए एनएफएचएस-4 और 2019-21 में कराये गये एनएफएचएस-5 की तुलना के आधार सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी द्वारा जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति समीक्षा 2023 नामक रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28 प्रतिशत पर आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में 3.43 करोड़ के साथ सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान का स्थान है। इसमें कहा गया है कि पोषण में सुधार, स्कूली शिक्षा के वर्षों, स्वच्छता और खाना पकाने के ईंधन ने गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2030 की समय सीमा से काफी पहले एसडीजी लक्ष्य 1.2 (बहुआयामी गरीबी को कम से कम आधा करने का) हासिल शेष पृष्ठ 11 पर



### बीएयू में वन महोत्सव का किया गया आयोजन

## कृषि विवि झारखंड की धरोहर : डॉ. महुआ माजी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को वन महोत्सव मनाया गया। मौके पर नव निर्मित पीजी गर्ल्स हॉस्टल में राज्य सभा सांसद डॉ. महुआ माजी, कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह एवं वरीय पदाधिकारियों ने महुआ पेड़ का पौधा रोपण किया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बहुउद्देशीय परीक्षा भवन में किया गया। इस महोत्सव का उद्घाटन दीप जलाकर बतौर मुख्य अतिथि डॉ महुआ माजी ने किया। इस अवसर पर छात्रों ने मनमोहक पारंपरिक लोक नृत्य की प्रस्तुति पेश की। अपने संबोधन में डॉ. महुआ माजी ने कहा कि झारखंड की धरती में कृषि एवं जंगल रची बसी है। पेड़ो के कटने से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है और भूगर्भ जल स्तर काफी नीचे चले जाने से पानी की किल्लत होने लगी है। आज बंद पड़े कोलियरी क्षेत्रों को हरा - भरा करने की आवश्यकता है। वैज्ञानिकों के पास तकनीकी है। उन्नत तकनीकी के साथ राज्य के हरेक क्षेत्रों में फलदार पेड़ के वृक्षारोपण को बढ़ावा देनी होगी। मौके पर उन्होंने वानिकी छात्रों द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया। डॉ. महुआ माजी ने कहा कि बचपन से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को आगे बढ़ते देखा है। यह विश्वविद्यालय हमारे झारखंड राज्य की धरोहर है। इस विश्वविद्यालय के योगदान से कृषि क्षेत्र में राज्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। विवि में काफी क्षमताएँ है। एशिया का पहला महाविद्यालय होने के बावजूद वानिकी छात्रों का नियोजन एक बड़ी समस्या बनी हुई है। वानिकी छात्रों के हितों की रक्षा के लिए सभी पहल की जाएगी। महोत्सव के अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने महुआ पौधे की महत्ता पर प्रकाश डाला और विलुप्त होती महुआ प्रजाति के संरक्षण पर जोर दिया। वृहद् स्तर पर वन महोत्सव अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि वानिकी स्नातकों का राज्य वन सेवा में की दिशा में विशेष पहल की आवश्यकता है। ताकि राज्य में वानिकी तकनीकी मानव बल का सदुपयोग हो सके।




## अमन साहू गिरोह के अपराधियों ने एटीएस टीम के डीएसपी और दरोगा को मारी गोली

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ । रांची से रामगढ़ पहुंची एटीएस की टीम पर सोमवार की शाम अपराधियों ने हमला कर दिया। रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि अमन साहू गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए एटीएस की टीम रामगढ़ आई थी। उस टीम को पतरातू पुलिस की ओर से सहयोग किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान अमन साहू गिरोह के शूटर फायरिंग करने लगे इस फायरिंग में एटीएस टीम के डीएसपी नीरज कुमार को गोली लगी। साथ ही पतरातू थाने में पदस्थापित दारोगा सोनू साहू को भी पैर में गोली लगी है। जेल में बंद अपराधी अमन साहू गिरोह के अपराधी को पकड़ने गए एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार को अपराधियों ने गोली मार दी। घटना रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र स्थित तेरपा में हुई। जानकारी के मुताबिक एटीएस डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम अमन साहू गिरोह से जुड़े शूटर को गिरफ्तार करने गई थी। इस दौरान अपराधियों ने एटीएस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें नीरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि एटीएस को अमन साहू गिरोह के कुछ शूटर्स के पतरातू में होने का लोकेशन मिला था। इसके बाद डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में एटीएस की एक टीम पतरातू पहुंची थी। एटीएस की टीम ने शूटर को पकड़ लिया था। इतने में उसने फायरिंग कर दी। इसमें गोली डीएसपी नीरज कुमार को लगी है।

### जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में आद्या बुधिया का चयन होने पर बधाई



**रांची।** रांची के व्यवसायी गौरव बुधिया एवं श्वेता बुधिया की सुपुत्री आद्या बुधिया का चयन 30वीं एशियन जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप प्रतियोगिता में होने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति एवं अग्रवाल सभा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए आद्या बुधिया एवं उनके पूरे परिवार को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने आद्या को बधाई देते हुए कहा है यह हमारे समाज के लिए गौरव की बात है कि हमारे समाज की खिलाड़ी आद्या बुधिया 16 अगस्त से चीन मे आयोजित अंडर -13 आयु वर्ग की एशियन जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

### श्री श्याम मंदिर में महा स्नान अनुष्ठान उत्सव का आयोजन



**रांची ।** जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपकी दर्शन दे दो बाबा श्याम..... के करण प्रिय भजनों के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था सोमवती श्रावणी अमावस्या पर खाटू नरेश के महा स्नान अनुष्ठान उत्सव का। आज प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती व बाल भोग अर्पित करके गर्भ गृह के पट बंद करके महा स्नान अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा के नेतृत्व में सभी आचार्यों ने खाटू नरेश को गंगाजल, दूध, दही, शहद, गुलाब फूल, केसर, गुड़, इत्र के महा मिश्रण से महा स्नान करवाया। खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर कोलकाता से मंगाए गए सुगंधित लाल गुलाब, रजनीगंधा, तुलसी दल, पीला गेंदा, गुलबहार, सूर्यमुखी, मुरगन आदि फूलों की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। इत्रों का राजा गुलाब रूह से खाटू नरेश का मसाज किया गया। पंचमेवा प्रसाद विभिन्न, फलों का भोग अर्पित कर प्राप्त 8:30 बजे विशेष श्रृंगार आरती की गई। खाटू नरेश के श्याम रूप के दर्शन कर भक्त भाव विभोर हो रहे थे। खाटू नरेश की जय जयकारों से मंदिर परिसर गूंज रहा था। संतोष पोद्दार-सिद्धार्थ पोद्दार ने विशेष श्रृंगार सेवा एवं विशाल कुमार शर्मा ने सभी के लिए पोशाक तथा पंचमेवा प्रसाद और श्री शंकर लाल सोमानी ने आम-अनार फल प्रसाद की सेवा निवेदित की। बड़ी संख्या में भक्तजनो ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढांढनिया श्याम सुंदर शर्मा अनिल नारनौली श्याम सुंदर जोशी सहित सैकड़ो भक्तजनों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई।

## सांई मंदिर में ज्योर्तिलिंगम दर्शन के लिए 16 दिवसीय मेला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चौधरी बगान हरमू रोड रांची एवं आरआर स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में सांई मंदिर रातू रोड में द्वादश ज्योर्तिलिंगम आध्यात्मिक दर्शन 16 दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डा. प्रदिप कुमार गुप्ता, प्रोफेसर, गॉसनर कॉलेज ने कहा एक ही यात्रा से 12 तीर्थयात्राओं के पुण्यफल की सहज प्राप्ति करने के लिए श्रावण के पावन महीने में दूर्गा मंदिर ( आर०आर० स्पोर्टिंग क्लब) रातू रोड के इस अध्यात्मिक मेले में अवश्य आना चाहिए। शिव को मुक्तेश्वर और पापकटेश्वर कहा जाता है। शिव आशुतोष हैं।

शिव परमात्मा जल्दी और सहज ही उच्च वरदान देने वाले हैं। इसी भावना को लेकर शिव पर जल चढ़ाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। परंतु जीवन भर रोज शिव की पूजा करते रहने पर तथा हर वर्ष श्रद्धापूर्वक शिवरात्रि पर जागरण, व्रत इत्यादि करने पर भी मनुष्य के पाप और संताप क्यों नहीं मिटते, उसे मुक्ति और शक्ति क्यों नहीं प्राप्त होती और उसे राज्य भाग्य का अमर वरदान नहीं मिलता। आखिर शिव को प्रसन्न करने की सहज विधि क्या है। इसके लिए हमें अपने मनोविकारों को दग्ध करने की आवश्यकता है। विकारों को दग्ध करने में राजयोग का अभ्यास हमारी सहायता करता है। सुमन सिहं, पुर्व अध्यक्ष, इनर व्हल क्लब, रॉंची ने कहा श्रावण के महीने में विशेष रूप से सोमवार को शिव की पूजा की जाती है इसके पीछे का रहस्य यह है कि कलियुग के अंत में जब सभी नगुष्यात्मायें घोर अज्ञान में फंस कर दुखी हो जाते हैं तब परमात्मा धरती पर अवतरित हो ज्ञान रूपी सोम अथवा अमृत पिलाते हैं अर्थात ज्ञान की वर्षा करते है।

### उपायुक्त ने जिला परिषद् कार्यालय रांची का किया निरीक्षण

# अधिकारियों को दिया दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को जिला परिषद् कार्यालय रांची का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद रांची ब्रजलता एवं संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा निरीक्षण क्रम में जिला परिषद् कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में कार्यरत्त कर्मी से उनके द्वारा संपादित कार्य उनके पदस्थापना, अनुकंपा आधारित कर्मी, पद सृजन, नियमित नियुक्ति संबंधित जानकारी लेते हुए। उनके द्वारा संपादित संचिकाओं का अवलोकन करते हुए उन्हें कार्य संबंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया एवं इन्हें समय-समय पर ट्रेनिंग के बारें जानकारी लेते हुए यहाँ कार्यरत्त कर्मी को समय-समय ट्रेनिंग देने को कहा ताकि ये लोग कार्य बेहतर तरीके से कार्य संपादित कर पाए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी से जिला परिषद् के आय श्रोत के बारें विस्तृत जानकारी मांगी जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि बाजार हाट से प्राप्त राशि जैसे- बुंडू मार्केट, हटिया मार्केट, बेड़ो मार्केट, हटिया मार्केट, सोनाहातू मार्केट, जिला परिषद् रांची के कार्यालय परिसर में नवनिर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स से होने वालें आय के बारें जानकारी दी गई। जिसपर उपायुक्त, रांची द्वारा जो हटिया मार्केट में 20 दुकानें जिन पर किराया ऊपर जाने के लिए सीढ़ी नही रहने के कारण नही लगा है, वहां सीढ़ी का निर्माण कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया। ताकि उन दुकानों पर किराया लगाया जा सकें एवं वहाँ जा कर संबंधित अधिकारी को स्थल निरीक्षण करने को कहा गया और संबंधित अधिकारी को आय के बढ़ाने के लिए कई जरूरी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने पीएल खाता में जिला स्तर के विभिन्न कार्यालय की राशि जमा की जानकारी संबंधित अधिकारी से मांगी जिसपर अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि कुल-16 विभागों की राशि पीएल खाता में जमा हैं, जिसपर उपायुक्त, रांची द्वारा क्रमवार समीक्षा करते हुए कहा कि ये सभी राशि वित्त वर्ष में खर्च होनी चाहिए थी, इसके लिए संबंधित विभाग को जानकारी देकर उनके द्वारा खर्च करने को कहा गया एवं इसपर आगे फिर से पूर्ण समीक्षा करते हुए आगे कई निर्देश दी जायेगी।



### सिल्ली प्रखंड के पतराहातू में राजद की बैठक संपन्न



**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पतराहातू मे सिली प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में काशीनाथ सिंह मुंडा को जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही रमापति महतो को रांची जिला राजद महासचिव बनाया गया। इस मौके पर श्री महतो ने कहा कि इन दोनों को सिल्ली प्रखंड के पदाधिकारी बनाए जाने से इस क्षेत्र के ग्रामीणों का समस्या का समाधान होगा तथा सिल्ली प्रखंड मैं पार्टी मजबूत होगा। बैठक में मुख्य रूप से राम भजन, भोला नाथ गोस्वामी राम कृष्णा सिंह मुंडा परशुराम महतो बुधनी महतो बहरू महतो सिल्ली प्रखंड के मनी प्रसाद मुंडा समेत कई लोगों ने भाग लिया।

## 'मीनू' मीना सिन्हा की बिटिया' काव्य संग्रह का लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। साहित्यकार 'मीनू' मीना सिन्हा की दूसरी पुस्तक 'बिटिया' काव्य संग्रह का लोकार्पण आईएमए हॉल, रांची में संपन्न हुआ। उनके चालीसवें वैवाहिक वर्षगांठ पर मौजूद शहर के गणमान्य बुद्धिजीवी लोगों में डॉ शंभू प्रसाद सिंह, डा एमपी सिन्हा, डा श्रीमोहन सिंह, डॉ जेपी मिश्रा, डा बलराज सिंह, रमाकांत सिंह, निरंजन श्रीवास्तव, हिमकर श्याम, एके सिंह, चंद्रिका ठाकुर , मांगल्या एवं अभिषेक के द्वारा पुस्तक लोकार्पित की गयी। पुस्तक में इक्यानवें रचनाएं बेटियों के विभिन्न मनोभावों से संबंधित हैं। पुस्तक के कवरपृष्ठ पर कवियत्री छः महीने की बच्ची के रूप में अपनी मां की गोद में है। पुस्तक की विशेषता है कि यह बिटिया के द्वारा बिटियाओं के लिए बिटियाओं की पुस्तक है। पुस्तक का दूसरा संस्करण जल्द ही आनेवाला है। बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न 'मीनल' उपनाम से प्रसिध्द 'मीनू' का प्रथम काव्य संग्रह जीवनधारा, 2018 और तीसरा काव्य संग्रह 'अनुभव के दरख़्त 2023 है। दो पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं। विभिन्न विधाओं में 'मीनू' की रचनाएं प्रकाशित होती रहती हैं। पद्य और गद्य, दोनों में यह समान अधिकार रखती हैं। महादेवी वर्मा शिखर सम्मान सहित सवा सौ से अधिक सम्मानों से सम्मानित की जा चुकी है।



### सरला बिरला में नेशनल वुशु जजेस ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन कोर्स शुरू



**रांची।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी में आयोजित किये जा रहे नेशनल वुशु जजेस ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन कोर्स के पहले दिन विभिन्न राज्यो के तकनीकी पदाधिकारियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम के तहत उनको ट्रेनिंग कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी गयी।सरला बिरला यूनिवर्सिटी के कैफेटेरिया में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित आशुतोष द्विवेदी,प्रशांत जमुआर ने यूनिवर्सिटी के द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकरी दी।ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अवसर पर प्रद्युम्न बेहरा,शम्भू सेठ ने सेमिनार के सिड्यूल की जानकारी दी।इस अवसर पर अशोक डी मोकाशी,शैलेन्द्र दुबे,रत्नेश कुमार गुप्ता, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी,राहुल रंजन सुभाष सहदेव,भारद्वाज शुक्ला आदि विशेष रुप से उपस्थित थे।

## एसपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच मुरी राइडर्स ने 4 विकेट से जीता

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

मुरी हिंडालको मैदान में पिछले 22 जून से चल रहे हैं एस पी एल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच विगत रविवार को खेला गया। फाइनल मैच रॉयल राजस्थान तथा मुरी राइडर्स के बीच खेला गया। रॉयल राजस्थान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। रॉयल राजस्थान ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओभर में 9 विकेट खोकर कुल 94 रन बनाया वहीं मुरी राइडर्स ने जवाबी पारी खेलते हुए 10.1 ओभर में 4 विकेट मैच जीत लिया। मैन ऑफ मैच, रोहित कुमार मैन ऑफ द सीरीज केशव कुमार को दिया गया। उपविजेता टीमों को गोमिया विधायक लंबोदर महतो एवं विजेता टीमों को सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खेल में आए हुए अतिथियों का एसपीएल कमेटी के सदस्य ने फूल बुके एवं मेमोटो देकर सम्मानित किया।इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष नूर उल अंसारी , आजसु पार्टी के प्रवक्ता देवशरण भगत, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो , गुज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, प्रणब महतो समेत काफी संख्या में खिलाड़ी एवं दर्शक मौजूद थे।

### बैठक गोली कांड के विरोध में प्रतिरोध सभा का आयोजन

# अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

थाना क्षेत्र के हाजी चौक सिमलिया मैदान में गोली कांड के विरोध में उच्च स्तरीय जांच, दोषियों पर कारवाई और दो घायल व्यक्ति की समुचित इलाज एवं मुवाआज की मांग को लेकर प्रतिरोध सभा का आयोजन कर घटना की निंदा की गई। प्रतिरोध सभा के दौरान राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, झारखंड, वरीय आरक्षी अधीक्षक के नाम मांग पत्र प्रेषित किया गया। पत्र के माध्यम से बताया गया कि 16 जुलाई 2023 को रात्रि लगभग 7:30 बजे रातू प्रखंड के सिमलिया पंचायत के हाजी चौक स्थित होटल मोखतार में अज्ञात लोगों द्वारा मोटर साइकिल से आकर गोलीबारी कि गई जिसमें होटल के दो स्टाफ को पैर में गोली लगी जिसे वो घायल हो गयें। जिसका इलाज रिम्स में चल रहा है। घटना के बाद स्थानीय रातू थाना को एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी को जानकारी देकर कानूनी कार्रवाई की मांग कि गई थी लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नही हुई।



**50 लाख की मांगी गई थी रंगदारी** : 4 फरवरी 2023 को संध्या 7:37 बजे रातू अंजुमन इस्लामिया के सदर कमरुल हक के मोबाइल नम्बर 8809121443 में वाट्सप पर मोबाइल नम्बर 9124989867 से रंगदारी मांगा गया और जान से मारने की धमकी दी गई थी इस संदर्भ में रातू थाना कांड संख्या 53/2023 दिनांक 04फरवरी 2023 को प्रथामिकी दर्ज कराया गया लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। पुनः दिनांक 09 जुलाई 2023 को मोबाइल नम्बर 9124989868 से धमकी देते हुए 50 लाख की रंगदारी मांगा गया और नही देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इस संदर्भ में कमरुल हक ने 9 जुलाई 2023 को ही रातू थाना में कांड संख्या 284/2023 प्रथामिकी दर्ज कराया था। लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नही होने के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ गया और 14 जुलाई 2023 एवं 15 जुलाई 2023 को लगातार फोन कर कमरूल हक से रंगदारी एवं जान से मारने की धमकी दी गई और 16 जुलाई 2023 को रणनीति के तहत रात्रि 7:30 बजे हाजी चौक सिमलिया स्थिति होटल मोख्तार में गोली-बारी की घटना को अंजाम दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि उपरोक्त गोली कांड एवं फोन द्वारा धमकी की उच्च स्तरीय जांच एवं दोषियों पर कानूनी कारवाई किये जाएँ कार्रवाई नही होने की स्थिति में लोकतांत्रिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर मौजूद आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली, ग्रामीण अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, पूर्व जिला परिषद ऐनुल हक, प्रखंड अंजुमन कमेटी बुढ़मू के सदर शमीम बड़ेहार, बेलाल अंसारी, रातू उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी सहित सैकड़ों संख्या में रांची आसपास के प्रबुद्ध लोग शामिल थे।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण

**रांची।** संत स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट(रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं गुरु जी के परम भक्त शिष्य ओमप्रकाश मीरा देवी आडुकिया की शादी की 50 वीं सालगिरह के सुअवसर सोमवार को संगीतमय नानी बाई को मायरो का भव्य आयोजन दोपहर 02 बजे से 5 बजे हुआ और दोपहर 12:30 बजे से निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण ओम प्रकाश मीरा देवी आडुकिया के सौजन्य से किया गया। आज कार्यक्रम की शुरूआत श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) के प्रांगण मे बने हुए प्रणामी समाज के गुरु महाराज एवं श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान के सजे हुए दरबार मे दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलित में आज के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश मीरा देवी आडुकिया संस्था के सह-संरक्षक बिजय जालान अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान सचिव मनोज कुमार चौधरी के कर कमलो द्वारा हुआ एवं उसके पश्चात संगीतमय नृत्य नाटिका संग नानी बाई को मायरो का भव्य कार्यक्रम शुरू हुआ।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आम सूचना**

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या 05 के आम जनता/नागरिको को मूलभूत सुविधा प्रदान करने के लिए वार्ड विकास केन्द्र, सिंचाई कॉलोनी के पास शिविर (कैम्प) का आयोजन दिनांक 21.07.2023 को 11:00 पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक किया जा रहा है, जिसमें जन्म– मृत्यु/पानी/विद्युत व्यवस्था/ चापानल मरम्मति/ होल्डिंग टैक्स/ट्रेड लाईसेंस/ साफ–सफाई/भवन चित्र/प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य कार्य का त्वरित निष्पादन किया जायेगा।

PR 302554 Urban Development and Housing (23-24)_D

प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

सरकार के सचिव, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के अधिसूचना संख्या– 1/ब0–02–06/22/क 06 राँची दिनांक–28.03.2023 के द्वारा अपने प्रखण्ड/जिला के खेल संस्कृति, नृत्य, गायन, चित्रकला, वाद्य वादन कला, नाट्य कला को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को तराशने, निखारने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने के लिए सिमडेगा जिलान्तर्गत प्रत्येक गाँव में ग्राम स्तरीय "सिद्धो–कान्हू युवा खेल कल्ब योजना" का संचालन हेतु "सिद्धो–कान्हू युवा खेल कल्ब" का गठन ग्राम स्तर पर एवं प्रखण्ड स्तर पर प्रारंभ है।

आम सभा में अस्थायी समिति का गठन में गाँव के 40 वर्ष तक के आयु वर्ग के सारे युवाओं को "सिद्धो–कान्हू युवा खेल कल्ब" का सदस्य बनायेगी। ये सदस्य निर्वाचन के द्वारा "सिद्धो–कान्हू युवा खेल कल्ब" के संचालन हेतु पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों (उम्र 18 से 40 वर्ष तक) चयन करेगीं।

सभी ग्रामीणों से अपील है कि प्रखण्ड स्तरीय गाँव में चल रहे आम/ग्राम सभा में अधीक से अधीक की संख्या में शामिल हों।

जिला खेल पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 302553 Simdega (23-24)_D

**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**आवेदन आमंत्रण (आम सूचना)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 12 रा0 (वि0) दिनांक 06.07.2023 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु लाभुकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्न है–

| क0 सं0 | योजना ईकाई का नाम | भौतिक लक्ष्य | योजना ईकाई हेतु अनुदान की राशि | लाभुक का अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य नाव (सं0 में) | 17 | 30000 (प्रति नाव) | 3000 (प्रति नाव) | |
| 2 | वर्ष–2018–19 के पूर्व तक निर्मित केज के लिए ग्रो आउट नेट (सं0 में) | 43 | 22819 (प्रति पीस) | 7606 (प्रति पीस) | |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए मोटर चालित नाव (सं0 में) | 2 | 400500 (प्रति पीस) | 44500 (प्रति पीस) | |
| 4 | केज हाउस अधिष्ठापन (सं0 में) | 2 | 455400 (प्रति केज हाउस) | 50600 (प्रति केज हाउस) | |
| 5 | केज रिपेयरिंग (सं0 में) | 10 | 25000 (प्रति केज) | 10000 (प्रति केज) | |
| 6 | पुराने रिवराईन फिश फार्मिंग (ईकाई में) | 40 | 25000 (प्रति यूनिट) | – | |
| 7 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/ सदस्यों के लिए गिल नेट (अधिकतम 05 कि0ग्रा0) | 25 | 2871 (प्रति लाभुक) | 319 (प्रति लाभुक) | |
| 8 | नया रिवराईन फिश फार्मिंग (ईकाई में) (40 मीटर X 05 मीटर) | 10 | 86000 (प्रति 40 मी0 X 05 मी0) | – | |

उपरोक्त योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुक से कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 31.07.2023 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते है। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय में आकर सूचना प्राप्त कर सकतें है। क्रम सं0 3, 4, 5 एवं 6 के लाभुकों को अनुदान की राशि संबंधित बैंक में Escrow Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी तथा लाभुक अंशदान की राशि एक माह के अंदर उक्त खातें में जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान राशि जमा करने के उपरांत ही योजना का लाभ दिया जायेगा। तत्पश्चात संपूर्ण राशि एजेंसी/आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में एक मुश्त हस्तांतरित की जायेगी।

नोट :– आवेदन पत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

उप मत्स्य निदेशक,
कोडरमा

PR 302509 Fish(23-24)#D





# हजारों लोगों ने किया जलाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग चांपी गांव के दिवरी पतरा स्थित शिवलिंग में सावन की दूसरी सोमवारी को हजारों लोगों ने बाबा भोलनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। सैकड़ों सनातनी मोटरसाइकिल जुलूस के रूप में दिवरी पतार पहुंचे, जबकि अन्य वाहनों से भी लोग पूजा-अर्चना के लिए वहां पहुंचे। ज्ञात हो कि सावन की पहली सोमवारी को ईसाई समुदाय द्वारा सनातन धर्मावलंबियों को दिवरी पतरा स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से रोक दिया था



और पूजा-अर्चना करने गए श्रद्धालुओं को वहां से भगा दिया था। इसको लेकर पिछले दिन पड़गांव में सनातन धर्मावलंबियों की हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि सावन की दूसरी सोमवारी को हजारों लोग सामूहिक रूप से दिवरी पतरा स्थित शिवलिंग में जलाभिषेक करेंगे। सोमवार को सुबह से ही हजारों सनातनियों की भीड़ उक्त देवस्थल पर पहुंचने लगी कर्रा, गोविंदपुर, लापुंग, तोरपा, तपकारा, जरियागढ़ सहित अन्य दर्जनों गांवों के लोग पूजा-अर्चना के लिए वहां पहुंचे। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी सहित कई गणमान्य लोग भी दिवरी पतरा पहुंचे। पूरा वातावरण बोल बम, हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। जलाभिषेक करने के बाद दिवरी पतरा परिसर में बैठकर यहां के उत्थान के बारे में विचार विमर्श किया गया। हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव ने कहा कि यह कलयुग है, कलयुग की शक्ति संगठन में है। हम सभी का कल्याण चाहते हैं, पूरे संसार के कल्याण की कामना करते हैं। इसके बावजूद कोई हमें छोड़ेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।

## छात्र-छात्राओं की समस्यों का निदान जल्द करे विश्वविद्यालय प्रशासनः आजसू

**रांची।** रांची। सीए/आईटी विभाग के कोर्डिनेटर का कार्यकाल पूरा हो चुका है, इसलिए अविलंभ नए कोर्डिनेटर को नियुक्त किया जाए। विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल को दुरुस्त किया जाए ताकि विद्यार्थियों को प्लेसमेंट में बैठने का मौका मिले एवं अच्छी कंपनियों में रोजगार मिले। विश्वविद्यालय परिसर में साइकिल स्टैंड सेड का निर्माण अतिशिग्र किया जाए। विश्वविद्यालय में कैंटीन को अतिशीघ्र चालू किया जाए। विश्वविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद अविलंभ छात्र संघ चुनाव तिथि की घोषणा की जाए।

## मुख्यमंत्री से मिले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा की बात, आम जनों के साथ अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा राज्य में चल रहे विकासात्मक कार्यों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

## रांची में चली गोली, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** रांची के थड़पखना में सोमवार दोपहर दिनदहाड़े गोली चली है। बताया जा रहा कि एक राउंड फायरिंग हुई है। अपराधी गोली चलाकर फरार हो गया है। गोली चलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## सड़क हादसे में मारे गए पीड़ित परिवारों से मिलीं विधायक

**रांची।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को सड़क हादसे में मारे गए दोनों युवकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। ज्ञात हो कि सोमवार की रात मांडर थाना क्षेत्र के कैम्बो गांव के पास हुए सड़क हादसे में दो युवकों, कैम्बो निवासी नीरज एक्का और सरगांव निवासी पंकज किसपोट्टा की मौत हो गई थी। वहीं दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। विधायक ने पीड़ित परिवारों से मिलकर आर्थिक मदद की। वहीं घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि अभिभावक विद्यार्थियों को बाइक देने से परहेज करें। उधर, पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को नम आंखों से दोनों शव को अंतिम विदाई दी गई।

# लाइट हाउस का हिस्सा गिरने के बाद लाभुकों ने मांगा पैसा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची लाइट हाउस में फ्लैट लेने वाले लाभुक पिछले एक हफ्ते से परेशान हैं। लाइट हाउस के एक ब्लॉक के गिरने के बाद अधिकांश लाभुक फ्लैट लेने को तैयार नहीं हैं। वे अपने पैसे वापस मांग रहे हैं। उनका कहना है कि लाइट हाउस की गुणवत्ता ठीक नहीं है। निगम के अधिकारी उन्हें सही जानकारी भी नहीं दे रहे हैं कि आखिर लाइट हाउस का हिस्सा कैसे गिरा। लाभुकों ने निगम को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर 15 दिन में पूरी स्थिति स्पष्ट कर उन्हें संतुष्ट नहीं किया गया, तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे। नाराज लाभुक धीरे-धीरे एकजुट होने लगे हैं। लाइट हाउस समिति नाम का एक संगठन



भी बन चुका है। सुधीर तिवारी इसके अध्यक्ष बने हैं। लाभुकों को एकजुट करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें 421 लाभुक जोड़े गये हैं। इन सबकी मीटिंग जूम एप पर हो रही है, जहां ये आगे की रणनीति तैयार कर रहे हैं। सुधीर तिवारी ने बताया कि सोमवार को उन्होंने लाइट हाउस की नोडल पदाधिकारी शीतल कुमारी और सिटी मैनेजर से बातचीत की। इसमें कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। सुधीर तिवारी ने लाभुकों का पक्ष रखते हुए कहा कि जिन लोगों ने 25000 रुपये जमा करने के बाद आगे की किस्त जमा नहीं की है, ऐसे 350 लाभुकों के नाम काटे जे रहे हैं। क्या निगम इन्हें वो राशि वापस करेगी। इस पर पदाधिकारियों ने कोई जवाब नहीं दिया। लोन के लिए बैंक और निगम कार्यालय के चक्कर लगाने का भी मामला उठा। पदाधिकारियों ने बताया कि अक्टूबर महीने में लाभुकों को फ्लैट में शिफ्ट करा दिया जाएगा। लाइट हाउस समिति के सदस्य मंगलवार को रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नगर विकास सचिव विनय चौबे और अपर नगर आयुक्त समेत कई लोगों से मुलाकात करेंगे। लाइट हाउस की जांच करने के लिए चेन्नई से आने वाली जांच टीम के साथ बातचीत में लाभुकों का भी एक डेलिगेट शामिल होगा। गुणवत्ता की सही जानकारी मिलने के बाद समिति किसी ठोस नतीजे पर पहुंचेगी।

## सिपाही नियुक्ति नियमावली चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट 16 अगस्त को करेगा सुनवाई



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर अगली सुनवाई 16 अगस्त को निर्धारित की है। कोर्ट ने इससे संबंधित सुप्रीम कोर्ट में एक लंबित केस की सुनवाई को देखते हुए यह आदेश दिया। इस मामले में सुनील टूडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गई हैं। झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार एवं राकेश रंजन ने पैरवी की। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनाई गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद्द कर देना चाहिए। हालांकि, इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी। वर्ष 2015 में सभी जिलों में सिपाही और जैप के जवानों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। वर्ष 2018 में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पूर्व के आदेश के तहत इस मामले में नियुक्ति हुए सभी सिपाहियों को पक्ष रखने के लिए अदालत ने मौका दिया था। इसके लिए सार्वजनिक नोटिस भी जारी किया गया था, जिसके बाद से करीब सात हजार सिपाही इस मामले में प्रतिवादी बने हैं।

# डीजीपी ने जैप-10 महिला बटालियन के महिला बैंड को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुलिस मुख्यालय में सोमवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने महिला बटालियन (जैप-10) के महिला बैंड को सम्मानित किया। आईटीबीपी के तत्वाधान में पंचकुला हरियाणा में 28 फरवरी से 4 मार्च तक 23वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। जैप-10 महिला बैंड ने पाइप बैंड श्रेणी में पूरे देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जैप-10 महिला बैंड स्वतंत्रता दिवस समारोह, गणतंत्र दिवस समारोह परेड, राज्यपाल भवन और झारखंड राज्य के अन्य कई राजकीय समारोह में



अपनी उपस्थिति लगातार दर्ज कराता रहा है। झारखंड सशस्त्र पुलिस 10 महिला बैंड ने कई स्कूली बच्चों, बालिका विद्यालयों में भी बैंड प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये हैं। जैप-10 महिला बैंड का गठन तीन अगस्त 2010 में हुआ। जैप-10 महिला वाहिनी बैंड की नियुक्ति दो चरणों (पहला 2010 और दूसरा 2017) में हुई। महिला बैंड ने राष्ट्र के पटल पर झारखंड पुलिस के साथ-साथ राज्य का भी नाम रोशन किया है। जैप-10 महिला बैंड में एक अवर निरीक्षक (साक्षर), 6 हवलदार और 34 महिला बैंड आरक्षी कमान संभाल रही हैं।

## स्थापना दिवस पर डीपीएस में बिखरी सांस्कृतिक छटा

**रांची।** डीपीएस, रांची ने सोमवार को अपना 34वां स्थापना दिवस समारोह बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार के सचिव संजय कुमार सिन्हा, डीजीपी अजय कुमार सिंह और प्राचार्य डॉ राम सिंह ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत-संगीत से भरी एक से बढ़कर प्रस्तुतियों से आगंतुकों का मनोरंजन किया। चाणक्य नीति दर्पण विषय पर छात्रों द्वारा एक मनोरम नृत्य नाटिका पेश किया गया। नाटक के माध्यम से गुरु-शिष्य के संबंधों की प्रगाढ़ता पर विशेष बल दिया गया। आकर्षक प्रस्तुति रैंप वॉक की भी थी, जिसमें विद्यार्थयों द्वारा विभिन्न वेशभूषा के माध्यम से प्रासंगिक सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरुकता का संदेश दिया गया।

# भाजपा के कार्यक्रमों का ही नहीं नीतियों का भी अनुसरण करे कांग्रेस : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा की बात आम जन के साथ पर तीखी प्रतिक्रिया दी। साहू ने कहा कि देश में भारत जोड़ो यात्रा की विफलता के बाद कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के कार्यक्रमों का अनुसरण किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संपर्क से समर्थन अभियान से कांग्रेस पार्टी घबरा गई है। इसलिए आम जनता से झूठ का पुलिंदा लेकर बात करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वाभिमानी,स्वावलाबी और विकसित भारत के निर्माण के कार्यक्रम और उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास का दृढ़ संकल्प है। 2047के विकसित और विश्व गुरु भारत बनाने का रोड मैप है ।इसलिए जनता भाजपा से जुड़ रही। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, सत्ता स्वार्थ, लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान, परिवारवाद, जातिवाद की भारी भरकम पोटली के अलावा क्या है जनता को बताने के लिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अगर भाजपा के कार्यक्रमों की ही नकल करनी है तो उसे देश हित में भाजपा की नीतियों का भी अनुसरण करना चाहिए।

## लोकतंत्र बचाओ नहीं, यह है गर्दन बचाओ अभियान : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को ट्वीट करके बेंगलुरु में विपक्षी दलों (गैर भाजपा) की होने वाली बैठक पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लोकतंत्र बचाओ अभियान के नाम पर एक साथ बैठ रहे हैं। वास्तव में यह गर्दन बचाओ अभियान है। बैठक में शामिल होने वाले कांग्रेस, राजद, टीएमसी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आप और अन्य दलों के प्रमुख नेताओं को कटघरे में खड़ा किया है। मरांडी ने हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी एक मामले में जमानत पर हैं। दूसरे में सजायाफ्ता हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में लूटखंड के संस्थापक हैं। बेहिसाब जमीन जायदाद के मालिक हैं। जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। कभी भी जेल जा सकते हैं। राजद प्रमुख लालू यादव चारा घोटाले में सजायाफ्ता हैं। लैंड फॉर जॉब में चार्जशीटेड हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भतीजा शिक्षक भर्ती और कोयला घोटाले में जांच का सामना कर रहा है। मंत्री जेल में है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार के डिप्टी सीएम अरबों रुपये के शराब घोटाले में जेल में बंद हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के मंत्री मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में हैं। इससे दिखता है कि सब गर्दन बचाओ अभियान के लिए ही साथ बैठ रहे हैं।

## निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) की राज्य कमिटी गठित

# अमर उरांव अध्यक्ष, संजय पासवान महासचिव बने

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीटू और कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सी डब्लू एफ आई) से संबद्ध झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन की राज्य स्तरीय बैठक मेन रोड स्थित कार्यालय में सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश विप्लव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से यूनियन की राज्य कार्यकारिणी और पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें अमर उरांव अध्यक्ष, संजय पासवान महासचिव, प्रतीक मिश्रा कोषाध्यक्ष, भवन सिहं, सुखनाथ लोहरा, गणेश कुमार वर्मा व रमेश प्रजापति उपाध्यक्ष, प्रेम प्रकाश व राकेश कुमार संयुक्त सचिव के अलावा कबीर शेख, इकबाल शेख, सुजीत माजी, रिजाउल करीम, देवी सिंह पहाड़िया, इश्वर महतो, नागेश्वर दास कार्यकारिणी सदस्य चूने गए। बैठक में इस वर्ष 25 हजार नए सदस्य बनाने एवं दिसम्बर माह में राज्य सम्मेलन करने का फैसला किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के महासचिव विश्वजीत देव ने कहा कि भारतीय निर्माण उद्योग कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। जहां लगभग 51 मिलियन लोग काम करते हैं और देश की जीडीपी में लगभग 11% का योगदान देते हैं। भारत में यह 2025 तक 1.4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्माण मजदूरों के लिए 1996 के कानून को संघर्षों के बल पर पूरे देश में लागू करवाया गया। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी निर्माण श्रमिक कल्याण बोड मे निर्माण मजदूरों का बड़ा हिस्सा पंजीकृत नहीं हुआ हैं। कानून बनने से लेकर अब तक कुल 78521.24 करोड़ रुपए सेस से वसूली की गई है। जिसमें 35399.40 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए।

## बैठक | तेली समाज द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में बोले राजेन्द्र प्रसाद

# समय के साथ समाज को बदलना होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

समाज संगठित होकर ही एक दूसरे को मदद कर सकता है आज हम सभी जूटे हैं, हमारी एकता का ही प्रतीक है। हम सभी एकता के सूत्र में बंधे रहे और संगठित रहे हैं। उक्त बातें गोड्डा में तेली समाज द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कही। श्री प्रसाद ने कहा तेली समाज आर्थिक ,राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से कमजोर है, इसे संगठित और जागृत करना होगा। तेली समाज की भाषा और संस्कृति जनजाति समाज की तरह ही है। तेली समाज के हित में समाज के लोगों को मजबूती के साथ खड़ा रहना होगा। उन्होंने कहा तेली समाज की आबादी झारखंड में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वोट के महत्व को समझना होगा। आज समय के साथ




-साथ समाज को भी बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा जब तक तेली समाज को राजनीतिक भागीदारी नहीं मिलेगा तब तक समाज का उत्थान नहीं हो सकता है। समाज के लोग उसी दल का साथ दें जो तेली समाज को राजनीतिक भागीदारी देगी ।

वैसे दलों के पक्ष में समाज को भी खड़ा रहना पड़ेगा। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में ओबीसी की आबादी 55% है लेकिन सिर्फ 14% ओबीसी को आरक्षण मिल रहा है जबकि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की ओर से 36 से 50 प्रतिशत आरक्षण देने की अनुशंसा की गई है। सात जिलों में पिछड़ी जाति का आरक्षण शुन्य किए जाने का मामला भी उठाया। उन्होंने झारखंड में विधानसभा की सीटों को 81से बढ़ाकर 160 करने और लोकसभा की 14 सीटों को बढ़ाकर 28 करने का सुझाव केंद्र सरकार को दिया। जिससे सभी सभी समाज का प्रतिनिधित्व करने मौका मिल सके। कार्यक्रम में दीपिका पाण्डेय ने कहा कि झारखण्ड विधायक विधानसभा में तेली के एस टी का मामला उठाने की बात कही। अरुण शाह ने कहा कि राजनीतिक दल तेली समाज को बंधुआ मजदूर समझते हैं। उन्हों ने कहा कि भाजपा, कांग्रेस, जेएमएम और राजद, तेली समाज को आबादी के अनुसार लोकसभा और विधानसभा में टिकट देती है तो हमारा समाज का भी उन्हें समर्थन मिलेगा। हीरालाल शाह, नीलम शाह, नंदलाल शाह, अशोक शाह,चतुर्भुज शाह, श्याम सुंदर शाह, अर्चना शाह, दीपक सुमन,अनु शंकर मंडल,दीलीप शाह, देवन्दन आदि ने संबोधित किया। इसके अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे। नरसिंग शाह, भुषण शाह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## माही केयर फाउंडेशन ने दिव्यांग बच्चों के बीच बांटी खाद्य सामग्री



रांची। माही केयर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सोमवार को,, कोशिश,, दिव्यांग विद्यालय के बच्चों के बीच मिठाई,टॉफी,बिस्किट, नमकीन,एवं उनके पसंदीदा खाद्य पदार्थों का वितरण किया गया। संस्था द्वारा बच्चों की विशेष मांग पर उन्हें खेल सामग्री भी दिया गया,ताकि बच्चों का बौद्धिक विकास हो। संस्था के निदेशक अभिषेक कुमार द्वारा कोशिश दिव्यांग विद्यालय के बच्चों के लिए छात्रावास निर्माण में सहयोग करने की बात कही गई। साथ ही समय-समय पर हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश करने की बात कही गई। इस कार्यक्रम मे माही केयर फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी,शैलेंद्र सिंह,निदेशक अभिषेक कुमार,समाजसेविका वंदना उपाध्याय, प्रियंका शर्मा सहित कोशिश दिव्यांग विद्यालय की प्रिंसिपल दीपा चौधरी,अध्यक्ष नीता रॉय और अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल ने 34वां स्थापना दिवस मनाया






नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक, दिल्ली पब्लिक स्कूल, राँची ने 17 जुलाई 2023 को विवेकानंद प्रेक्षागृह में अपना बहुप्रतीक्षित 34वॉं स्थापना दिवस बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के विभिन्न असाधारण प्रस्तुति एवं कौशल को देखकर सभा में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथि उत्साह से भर उठे। इस शुभ अवसर पर स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार के सचिव श्री संजय कुमार (आई.ए.एस) एवं श्री अजय कुमार सिंह (आई.पी.एस), डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, झारखंड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस पावन अवसर पर राँची के प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्राचार्यगण और शहर के अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे एवं उनकी उपस्थिति ने इस दिन की भव्यता को और अधिक बढ़ा दिया। कार्यक्रम की शुरूआत डीपीएस राँची के प्रतिभाशाली गायकों और वादकों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति के साथ हुई। प्राचार्य डॉ राम सिंह ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। उसके बाद डीपीएस राँची के प्राचार्य ने सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और इस आयोजन की सराहना की। यह उत्सव एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ जारी रहा, जिसमें स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने कई प्रस्तुतियाँ दीं। सभा में उपस्थित दर्शकों ने ₹चाणक्य - नीति दर्पण₹ विषय पर छात्रों द्वारा एक मनोरम नृत्य नाटिका का आनंद लिया, जिसमें आकर्षक नृत्य, मधुर संगीत और आकर्षक नाटकीय और मार्शल आर्ट शामिल थे। नाटक के माध्यम से गुरु-शिष्य के संबंधों की प्रगाढ़ता पर विशेष बल दिया गया और सफल जीवन जीने के गुर सिखाए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक और आकर्षक प्रस्तुति रैंप वॉक थी जिसमें विद्यार्थयों द्वारा विभिन्न वेशभूषा के माध्यम से प्रासंगिक सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बिखरी छटा ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम प्रतियोगिताओं में डीपीएस राँची के विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को उल्लेखित किया जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल कर पूरे विद्यालय परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। श्री अजय कुमार सिंह (आई.पी.एस.), डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, झारखंड ने भी अपने आशीर्वचनों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और युवा शिक्षार्थियों के समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने में स्कूल के प्रयासों की प्रसंशा की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन देकर किया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### नक्सली पुष्पा रानी के घर पर पुलिस ने इश्तेहार साटा

**जमशेदपुर।** घाटशिला पुलिस ने नामजद अभियुक्त नक्सली पुष्पा रानी उर्फ वर्षा उर्फ पेरी के पश्चिम बंगाल स्थित बेलपहाड़ी थाना क्षेत्र के मेचुवा गांव में उसके घर पर सोमवार को इश्तेहार साटा. घाटशिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विमल किंडो ने बताया कि न्यायालय से निर्गत इश्तेहार का विधिवत तामिला उसके घर तथा आसपास के चौक चौराहों पर ढोल बजाकर तथा उपस्थित लोगों को इसके बारे में जानकारी देकर किया गया. थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त नक्सली पर घाटशिला थाना कांड संख्या 17/17 धारा 147/148/149/353/307 भा द वि, 27आर्म्स एक्ट तथा 17सी एल ए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था. पुलिस काफी दिनों से उसकी तलाश में जुटी है. इश्तेहार तमिला कराने गए दल में घाटशिला थाना पुलिस अवर निरीक्षक रोशन खाखा एवं घनश्याम कोड़ा के साथ सशस्त्र बल शामिल था.

### बजरंगबली मंदिर में मिला प्रतिबंधित मांस लोगों में आक्रोश

**गिरिडीह।** जमुआ थाना क्षेत्र के हरोडीह स्थित मंदिर प्रांगण में प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा मिलने से लोगों में आक्रोश है. घटना 16 जुलाई की बताई जाती है. जमुआ थाना पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक बलगो पंचायत के हारोडीह स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर में ग्रामीणों ने रविवार को प्रतिबंधित मांस का एक टुकड़ा देखा. खबर फैलते ही मंदिर में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. सूचना मिलते ही जमुआ थानाप्रभारी विपिन कुमार व आरक्षी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह पूरे दलबल के साथ मंदिर पहुंचे और मामले का जांच की. थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है. दोषियों का पता लगाकर उन पर कड़ी कार्रवाई की जायगी.

### स्वास्थ्य मंत्री के जन्म दिन पर मरीजों के बीच बांटा फल

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के जन्म दिन पर सोमवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने एमजीएम अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल, नास्ता एवं मिठाई का वितरण किया. इस दौरान कार्यकताओं ने स्वास्थ्य मंत्री की लंबी उम्र की कामना की. साथ ही मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. मौके पर श्याम किंकर झा, बबुआ झा, मनोज झा, राजेश बहादुर, कैलाश रजक, संजय तिवारी, माजिद अख्तर, संजीव झा, अमित कुमार, मानस गिरी, रवि दुबे, विनोद कुमार, राजेश रजक ,राजू दास,जय प्रकाश साहू,दिनेश पोद्दार,राकेश जायसवाल, राजेश गोराई, नंद किशोर श्रीवास्तव, अरूप सिंह, श्याम राव, निरंजन प्रसाद, स्वरूप सिंह, बाबू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** सावन महीने के दूसरी सोमवारी पर चक्रधरपुर व आसपास क्षेत्र के शिवालयों में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. सुबह से हो रहे बारिश के बीच चक्रधरपुर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही. जहां महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवलिंग की जल, दूध से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की. भगवान भोलेनाथ को बेलपत्र, भांग, धतूरा अन्य फल, फूल चढ़ाए गए. कई मंदिरों में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया. पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटे गए. इस अवसर पर कई मंदिरों में रुद्राभिषेक भी किया गया. चक्रधरपुर के सोनुवा बस स्टैंड शिव मंदिर, लोको कॉलोनी शिव मंदिर, रेलवे के आरई कॉलोनी शिव मंदिर, पंडित हाता शिव मंदिर, श्मशान काली मंदिर स्थित शिव मंदिर, टाउन काली शिव मंदिर, बाटा रोड स्थित हनुमान मंदिर, पुरानी रांची रोड शिव मंदिर, इतवारी बाजार शिव मंदिर के अलावे शहर से सटे देवेश्वर शिव मंदिर, जरकी गांव के शिव मंदिर, चंद्री शिव मंदिर, लोटा पहाड़ स्थित बेगुना शिव मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे. झारखंड के दूसरे बाबा धाम के नाम से विख्यात पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोइलकेरा स्थित महादेवशाल धाम शिव मंदिर में सावन के दूसरी सोमवार पर जलाभिषेक व पूजा-अर्चना के लिए दूर-दराज से लोग पहुंचे. यहां शनिवार व रविवार से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे. सोमवार को हल्की बारिश के बीच अहले सुबह मंदिर के द्वार खोल सबसे पहले पुजारी ने विधिवत पूजा-अर्चना की. इसके बाद महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर जलाभिषेक किया. बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु पैदल व डाक बम कांवर लेकर यह जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे. चक्रधरपुर, मनोहरपुर, आनंदपुर, सोनुवा, गोइलकेरा, कराईकेला, चाईबासा, कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न जगहों के अलावा झारखंड के अन्य क्षेत्र व ओड़िशा, पश्चिमी बंगाल, छत्तीसगढ़ से भी श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर जलाभिषेक व पूजा-अर्चना किया. महिला पुरुष के लिए अलग-अलग कतार में लगने की व्यवस्था की गई थी. वहीं मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था. इस अवसर पर कई सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप खीर पुड़ी सब्जी खिचड़ी इत्यादि बांटे गए.

## शिव मंदिरों में लगा रहा शिव भक्तों का तांता

**धनबाद।** सावन की दूसरी सोमवारी पर रेल नगरी गोमो सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिव भक्तों का उत्साह परवान पर रहा. सभी श्रद्धालुओं ने सुबह शिवालयों में दूध, बेलपत्र, अक्षत, रोली, चंदन चढ़ा कर भोलेनाथ के जयकारे लगाए व जलाभिषेक किया. रेल नगरी गोमो के आरपीएफ शिव मंदिर, जीआरपी शिव मंदिर, लोको बाजार, लोको कॉलोनी, जीतपुर, रतनपुर खेसमी, बिजली ऑफिस सहित शिव मंदिर व शिवालियों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. आरपीएफ शिव मंदिर के पुजारी अवधेश कुमार मिश्रा और गुड्डू पंडित एवं हनुमान मंदिर के पुजारी कौशल कांत पंडित ने बताया कि सावन मास की सोमवारी का विशेष महत्व है. सावन मास में बाबा भोलेनाथ की आराधना व शिवलिंग पर जलाभिषेक से घर में सुख-शांति आती है. सभी कष्टों का निवारण होता है. बाबा भोले नाथ से मांगी गई सभी मन्नतें पूरी होती हैं. भगवान शिव और पार्वती की आराधना करने से कुमारी कन्याओं के विवाह में बाधाएं दूर होती हैं.

### गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

सोमवारी पर खेशमी गांव से आज सुबह गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें बड़ी संख्या में गेरुआ वस्त्र धारी महिलाएं, कुमारी कन्याएं एवं बच्चे शामिल थे. शोभायात्रा की अगुवाई जिला परिषद सदस्य बिजली देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य हीरामन नायक, सुन्दर लाल महतो, रेणुका माता व आशा देवी आदि कर रहे थे. शोभा यात्रा खेशमी गांव से मुख्य सडक पर चलकर ओवरब्रिज गोमो बाजार होते हुए जीतपुर स्थित जमुनिया नदी छठ घाट पहुंची. नदी में माता गंगा की पूजा आराधना कर जल उठा कर वापसी के क्रम में जीतपुर शिव मन्दिर आरपीएफ मंदिर एवं खेशमी गांव स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया.

## सिटी एसपी से भू-माफिया की शिकायत कहा-जमीन लूटेरों से बचायें

**रांची।** पुंदाग थाना क्षेत्र के बगीचा टोली निवासी इंद्रजीत कुमार ने सिटी एसपी से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। इसके लिए उन्होंने लिखित शिकायत की है। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा है कि पुंदाग थाना क्षेत्र के खाता संख्या आठ एवं नौ में उनकी ढाई एकड़ जमीन है। इसकी जमाबंदी जमीनदारी काल से उनके पूर्वजों अनुया तेली वगैरह के नाम से चल रहा है। मेरे इस जमीन पर भू माफियाओं की नजर पड़ी है और वह लगातार इसे लूटने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी जमीन पर पुरुषोत्तम कुमार, विकास कुमार कश्यप और हर्ष रंजन की नजर है। उन्होंने जबरदस्ती भूमि बेचने का दबाव दिया जब हम लोगों ने इंकार कर दिया तब भू-माफियाओं ने जालसाजी कर नकली केवला कोलकाता से बनवाया और जमीन फूलो देवी के नाम पर ट्रांसफर कराने का नगड़ी आंचल से प्रयास किया। परंतु हम लोगों के विरोध के बाद उसे रोक दिया गया। अब एक बार फिर वह लोग सक्रिय हो गये हैं और मुझे धमकी दे रहे हैं। जमीन देने की बात कह रहे हैं। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। उन्होंने सिटी एसपी से जानमाल की सुरक्षा की मांग की है।

## धनबादः हाइवा से टकरा कर बाइक सवार युवक की मौत, दोस्त घायल

**धनबाद।** लोयाबाद एकड़ा वर्कशॉप के समीप सोमवार को सुबह साढ़े सात बजे हाइवा और मोटरसाइकिल की टक्कर में चंदन राम उर्फ गुड्डू (35) नामक युवक की मौत हो गई. वह लोयाबाद नौ नंबर का निवासी था. वाहनों की इस टक्कर में उसका दोस्त धीरेन सिंह घायल हो गया. सूचना मिलने पर लोयाबाद पुलिस पहुंची. पुलिस हाइवा और मोटरसाइकिल को जब्त कर थाने ले गई. मृत युवक दोस्त के साथ धनबाद के एक निजी अस्पताल में ड्यूटी करता था. रात्रि पाली की ड्यूटी खत्म कर दोनों एक ही मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे थे. तभी एकड़ा वर्कशॉप के समीप घुमावदार सड़क पर विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा से उनकी टक्कर हो गई. दुर्घटना में गुड्डू के चेहरे और सिर पर गंभीर चोट लगी. जबकि उसका दोस्त मोटरसाइकिल से दूर जा गिरा. उसके कंधे और पैर मे चोट आई है. स्थानीय लोग चंदन को अस्पताल ले जा रहे थे. परंतु रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. मृतक के पिता रामचंद्र राम लोयाबाद नौ नंबर में ही चाय की दुकान चलाते हैं. मृत युवक का एक आठ वर्ष का बेटा और छह वर्ष की बेटी है. सूचना मिलते ही पूरा इलाका शोक में डूब गया. परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है. पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. इसके पहले रविवार की देर शाम हाइवा की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई थी. लोगों का कहना है कि इन दिनों सड़कों पर हाइवा मौत बनकर दौड़ रहा है. पिछले कुछ दिनों की घटनाओं को देखें तो हाइवा की चपेट में आ कर कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं.

## धनबादः रामअवतार आउटसोर्सिंग के मजदूरों व प्रबंधन के बीच वार्ता बेनतीजा



**धनबाद।** रामअवतार आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों और प्रबंधन के बीच सोमवार को वार्ता हुई. हालांकि कोई नतीजा नहीं निकला. कनकनी स्थित आंदोलन स्थल पर कंपनी के अधिकारियों ने खड़े खड़े मजदूरों से वार्ता की. कंपनी के मालिक आदित्य सिंह व प्रबंधक अंकित सिंह ने मजदूरों से कहा कि चालक का वेतन प्रति माह दो हजार रुपये तथा हेल्पर को 1500 रुपये बढा दिया जाएगा. परंतु मजदूर सहमत नहीं हुए. मजदूरों का कहना था कि जब तक सम्मान जनक वेतन नहीं मिलता है, आंदोलन पर कायम रहेंगे. अंकित सिंह ने मजदूरों को झारखंड न्यायालय के आदेश से संबंधित अखबार में छपी खबर दिखाते हुए कहा कि मजदूर एचपीसी द्वारा निर्धारित वेतन ठेकेदार या उत्खनन कंपनी से नहीं मांग सकते हैं. मजदूरों ने कहा कि एनआईटी में जो वेतन तय है, वह भुगतान किया जाए या फिर सम्मानजनक वेतन दिया जाए. जितना वेतन दिया जा रहा है, उसमें परिवार का पालन पोषण करने में दिक्कत आ रही है. जब भूखे मरना है तो यहीं पर मरेंगे. कंपनी के लोगों ने कहा स्थिति अभी ठीक नहीं है. जब स्थिति सुधर जाएगी तो वेतन बढा दिया जाएगा. मजदूर फिर भी तैयार नहीं हुए. चक्का जाम आंदोलन चौथे दिन भी जारी है.

## पीडीएस दुकानदारों को 30 हजार रुपए मानदेय दे सरकार : फेडरेशन

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन झारखंड के पदाधिकारियों ने 17 जुलाई सोमवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से उनके पैतृक आवास पर मुलाकात की. डीलरों ने उन्हें चार सूत्री ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत झारखंड के लगभग 28000 जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की स्थिति सुधारने का आग्रह किया गया. ज्ञापन में पीडीएस दुकानदारों की आजीविका के लिए प्रतिमाह 30 हजार रुपए मानदेय व 300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कमीशन दिलवाने का आग्रह किया. साथ ही केंद्र सरकार से पप्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 11 माह का बकाया कमीशन व पहले की तरह आश्रितों को अनुकंपा का लाभ दिलाने की भी मांग की. डीलरों ने कहा कि झारखंड की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जब तक 4ऋ सेवा ई-पोस मशीन में बहाल नहीं हो जाती तब तक इलेक्ट्रॉनिक स्केल को बंद कराया जाए. मरांडी से मिलने वाले डीलरों में संजय चौधरी, अनिल राम, इंद्रदेव बरनवाल, जगनारायण साव, इलियास अंसारी, वीरेंद्र राय, गौतम कुमार, सुबोध लाल प्रकाश पासवान आदि शामिल थे.

## मंत्री ने नावाडीह को दी 52 करोड़ की सौगात



नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** राज्य के पीएचईडी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने 17 जुलाई को बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड अंतर्गत भरमारा पंचायत को पेयजल आपूर्ति की 52 करोड़ रुपये की सौगात दी. इस मौके पर नावाडीह प्रखंड के कोदवाडीह में आयोजित समारोह में उत्पाद मंत्री बेबी देवी खास तौर पर मौजूद थी. मंत्री श्री ठाकुर ने नावाडीह प्रखंड के (शेष बचे हुए) ग्रामों में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का 52 करोड़ 36 लाख 17 हजार रुपए की लागत वाली ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया. मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्ति श्रीजी, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल, प्रखंड प्रमुख पूनम देवी, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अनंत कुमार, अंचल अधिकारी नावाडीह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

### 7 पंचायत के लोगों को मिलेगा लाभ

इस योजना से नवाडीह प्रखंड के 7 पंचायत के 18 गांव के लगभग 42 हजार लोग लाभान्वित होंगे. इस योजना के तहत दामोदर नदी से पानी लाकर बिरनी, खरपीटो और पलामू में आपूर्ति की जाएगी. इसके लिए यहां पानी की टंकी बनायी जाएगी और इसी टंकी से लोगों के घरों तक नलों से पानी पहुंचाया जाएगा.

खलबली मची

लक्की सिंह ने किया एफसीआइएल गेट पर एकत्रित होने का आह्वान

# सिंदरीवाासियों ने एन वन बंगला गेस्ट हाउस का घेराव



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** एफसीआईएल सिंदरी क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ प्रबंधन द्वारा जारी नोटिस व पीपी एक्ट कोर्ट में बुलाये जाने के बाद सिंदरी में खलबली मची हुई है. सिंदरी के दुकानदारों व निवासियों ने सोमवार 17 जुलाई को ए वन बंगला गेस्ट हाउस का घेराव किया. वार्ता के बाद जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने सिंदरीवासियों से कि मंगलवार को सुबह दस बजे एफसीआईएल के गेट पर सभी से एकत्रित होने की अपील की है. इसके पहले एफसीआईएल संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी व पीपी एक्ट कोर्ट संपदा अधिकारी उमा दत्त सती के साथ संयुक्त महामंत्री के नेतृत्व में द्विपक्षीय वार्ता हुई. वार्ता में प्रबंधन से कहा गया कि जमीन व आवास खाली कराने का उद्देश्य स्पष्ट नहीं है. प्रबंधन ने टासरा प्रोजेक्ट को खाली कराकर किस नियम के तहत विस्थापितों को एफसीआईएल आवासों में रखा है. अचानक पीपी एक्ट कोर्ट के तहत खाली कराने का काम तानाशाही रवैया है. हालांकि वार्ता के बाद महामंत्री ने कहा कि प्रबंधन सकारात्मक पहल की ओर कदम बढ़ा रहा है. पीपी एक्ट को निरस्त करने के लिए ही यह कदम उठाया जा रहा है. बताते चलें कि मंगलवार से एफसीआईएल सिंदरी के प्रशासनिक भवन के 26 नंबर कमरे में पीपी एक्ट कोर्ट लगाया गया है. यह प्रक्रिया केंद्र सरकार द्वारा जारी गजट के आधार पर पूरी की जा रही है. मंगलवार को पीपी एक्ट कोर्ट में सिंदरी के कई क्षेत्र के लोगों व दुकानदारों को हाजिर होने का नोटिस दिया गया है. वार्ता में एफसीआईएल संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी, पीपी एक्ट कोर्ट संपदा अधिकारी उमा दत्त सती, जश्रसं संयुक्त महामंत्री लक्की सिंह, कांग्रेस नेता ओमप्रकाश सिंह, रवि शर्मा, अनूप सिंह, शशि सिंह, पिंटू सिंह, महेंद्र गुप्ता, अमर सिंह, जयप्रकाश सिंह, मंटू सिंह, मोलू, चंद्रावती देवी सहित कई सिंदरीवासी शामिल थे.

## कभी बाइक लेकर गए ही नहीं, भेज दिया 5650 रुपये का चालान

**धनबाद।** कोयलांचल में कई वाहनों को नकली नंबर प्लेट लगाकर चलाया जा रहा है. इस बात का खुलासा तब हुआ, जब असली वाहन मालिक के पास धनबाद की यातायात पुलिस ने मोबाइल पर चालान काटकर भेज दिया. असली वाहन मालिक हजारीबाग के शिक्षक रत्नेश्वर नाथ पाठक हैं. उनका कहना है कि कभी अपनी बाइक नं जेएच02एयू3214 से धनबाद गए ही नहीं. उन्हें धनबाद पुलिस ने 5650 रुपये का चालान उनके मोबाइल पर भेजा है. शिक्षक का कहना है कि उनकी बाइक के इस नंबर का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है. काटे गए चालान में धनबाद ट्रैफिक पुलिस ने बताया है कि चेकिंग में उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिला. सवाल यह उठता है कि बाइक चेकिंग के जिस दिन और समय का जिक्र किया गया है, उस दिन शिक्षक खुद बाइक समेत हजारीबाग में थे.

## सेंधमारी कर चोरों ने उड़ाई हजारो की संपत्ति

**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के चंदौरी में 16 जुलाई की रात चोरों ने प्रवीण उर्फ वरुण राम के घर में सेंधमारी कर जेवरात सहित हजारों रुपए इस संबंध में भुक्तभोगी अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि बीती रात वे लोग एक कमरे में सोये थे. सुबह उठते ही देखा तो दूसरे कमरे की दीवार टुटी हुई थी. उस कमरे में रखे तीन हजार रुपए नकद समेत चांदी की बालियाँ, पायल व अन्य सामान गायब थे. हो-हल्ला करने पर आस-पास के लोग जुटे और घटना की जानकारी तिसरी पुलिस को दी. तिसरी पुलिस मामले की छान-बीन में जुटी है. वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि भुक्तभोगी परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय है. घर के मुखिया वरुण राम मजदूरी करते हैं. ऐसे में इस परिवार के लिए यह बड़ा नुकसान है.

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**जमशेदपुर।** मुसाबनी थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक डीएसपी चंद्रशेखर आजाद की अध्यक्षता में आयोजित हुई. इस अवसर पर डीएसपी चंद्रशेखर आजाद ने मुहर्रम कमेटी के सदस्यों को जुलूस के दौरान 10 वॉलंटियर रखने को कहा. जुलूस को रात के 10 बजे तक विसर्जन करने और कमेटी के पदाधिकारियों को जुलूस के साथ रहने की बात कही गई. डीएसपी ने कहा जुलूस में किसी भी प्रकार के अनहोनी को रोकने के लिए ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी.

# जनता कह रही, मोदी जी हैं तो मुमकिन : जयंत सिन्हा

## सांसद ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ की टिफिन पर चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी स्थाई संसदीय समिति जयंत सिन्हा ने रविवार रात डेमोटांड़ स्थित अपने आवास पर हजारीबाग और रामगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन पर चर्चा की. इस कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए. इस अवसर पर विभिन्न संगठनात्मक व विकास कार्यों पर संवाद हुआ. जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के ऐतिहासिक नौ वर्ष पूरे हो गए हैं. इसके उपलक्ष्य में भाजपा ने देश भर में अभियान चलाया. इस अभियान के तहत हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया. जयंत सिन्हा ने कहा कि विकास तीर्थ, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स मीट, लाभार्थी सम्मेलन, वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ टिफिन पर भोजन व परिचर्चा, डोर टू डोर जनसंपर्क, विशाल जनसभा, योग दिवस, संयुक्त मोर्चा सम्मलेन व व्यापारी सम्मलेन समेत विभिन्न कार्यक्रम क्षेत्र भर में आयोजित किए गए. उन्होंने कहा कि हजारीबाग व रामगढ़ में कई दिनों तक डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया गया. भाजपा के चलाए गए कार्यक्रम के तहत उन्होंने क्षेत्रवासियों से 9090902024 पर मिस्ड कॉल करवाई और उन्हें जनसंपर्क से जनसमर्थन अभियान का हिस्सा बनाया. जयंत सिन्हा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री की जो लोकप्रियता है, उसे देश में कोई भी हिला नहीं सकता है. उनके नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है. केंद्र व झारखंड में 2024 में मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार बनने जा रही है.

## सड़क हादसे में दो घायल,एक रेफर

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के बंडासिंगा मोड़ के समीप एक अज्ञात हाइवा ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गये। घायलों की शिनाख्त मुन्ना कुमार, सहदेव कुमार ग्राम गोरहर निवासी के रूप में की गई। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर मुन्ना कुमार को बेहतर इलाज हेतु सदर रेफर कर दिया गया।

## बरकट्ठा में धोखाघडी के फरार अभियुक्त के घर बोकारो पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बरकट्ठा।** बोकारो पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया। विदित हो कि बालीडीह,बोकारो थाना कांड संख्या 112/17 धारा 406, 420 के फरार अभियुक्त परमजीत सिंह पिता जगदेव सिंह, जगदेव सिंह पिता अजमेर सिंह ग्राम झुरझुरी सक्रेज, थाना बरकट्ठा निवासी फरार चल रहे हैं। जिसके बाद बरकट्ठा थाना एसआई अशोक टोप्पो एवं बालीडीह थाना एसआई अशोक कुमार पासवान ने अभियुक्तों के आवास पर इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान ग्रामीणों से अभियुक्तों के बारे में पूछताछ करने पर ग्रामीणों ने बताया कि जगदेव सिंह पिता अजमेर सिंह एवं इसके पुत्र परमजीत सिंह कई वर्षो से फरार होकर पंजाब में सपरिवार रह रहे हैं।

## विधायक ने सरनास्थल घेराबंदी का किया शिलान्यास



**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने शिलाडीहा पंचायत अंतर्गत ग्राम बाराडीह में सरनास्थल की घेराबंदी का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए में सदैव तत्पर हूं और इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा हूं। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टूकलाल नायक, भारत जगत मांझी परगना महल अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, संवेदक छोटू माँझी, जीवलाल माँझी, मोहन माँझी, पोखन मरांडी, मोहन बेसरा, बाबूलाल हेंब्रम, मुंशी माँझी, सुनील मुर्मू, सुंदरलाल बास्के समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# बुढ़वा महादेव मंदिर में उमड़ी शिवभक्तों की भीड



**नवीन मेल संवाददाता**

हजारीबाग। बड़कागांव बुढ़वा महादेव मंदिर में सावन की दूसरी सोमवारी को शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी. शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए अहले सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी रही. वहीं शिव भक्तों को ध्यान में रखते हुए बुढ़वा महादेव सेवा समिति कर्णपुरा क्षेत्र की ओर से खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया. सेवा समिति की ओर से ग्रामीणों से समिति को सहयोग करने की अपील की गई है. साथ ही बुढ़वा महादेव परिसर को स्वच्छ रखने की अपील की गई. बुढ़वा महादेव परिसर के जंगल को बचाने के लिए वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति कांडतरी, खैरातरी एवं पड़रिया के सदस्यों ने दिन भर जंगल की रखवाली की. जंगल को क्षति पहुंचाने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी गई. वन प्रबंधन समिति की ओर वन को बचाने के लिए सहयोग मांगी गई. मौके पर जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख बचनदेव कुमार, बुढ़वा महादेव सेवा समिति कर्णपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव झमन प्रसाद, कोषाध्यक्ष बालेश्वर महतो, उपाध्यक्ष सरजू महतो, बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, सिरमा पंचायत के उप मुखिया मनोज कुमार, सुबेंद्र कुमार, राथो कुमार, शिवम कुमार, टीकू महतो, कीनू राम के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

### रामगढ़ : दूसरी सोमवारी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रामगढ़।** पवित्र श्रावण मास की दूसरी सोमवारी पर 17 जुलाई को जिलाभर के शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर उनसे खुशहाली और समृद्धि की कामना की। सावन की दूसरी सोमवारी पर पुजारी मिथलेश तिवारी ने पूजा अर्चना संपन्न करवाते हुए कहा की श्रावण मास की दूसरी सोमवारी पर चार शुभ संयोग बन रहे हैं। जिस कारण दूसरी सोमवारी पर पूजा अर्चना श्रद्धालुओं के लिए फलदायी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया की आज हरियाली अमावस्या और सोमवती अमावस्या है। इसके अतिरिक्त रूद्राभिषेक के लिए शिववास और पुरर्वसु नक्षत्र है। इस कारण सावन की दूसरी सोमवारी पर पूजा अर्चना से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इधर, सावन की दूसरी सोमवारी पर जिला के रजरप्पा, कुरूम, छत्तर मांडू, प्राचीन शिव मंदिर कैथा, शंकर शंभू शिवालय आदि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचे।

### बरकट्ठा : शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में सावन माह की द्वितीय सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं की भीड उमडी। मंदिरों में हर हर महादेव,बोल बम आदि जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा, कोनहरा कला, कोसमा, डाकडीह, झुरझुरी, चेचकपी, बेलकपी, बंडासिंगा, सलैया, कपका, बेडोकला,गैडा, गंगपाचो समेत इचााक क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर देवों के देव महादेव से सुख समृद्धि की कामना की।वहीं गोरहर थाना परिसर स्थित मंदिर के पुजारी रामतीर्थ पांडेय ने बताया कि सावन माह में सोमवार के दिन का काफी महत्व है। सोमवारी के दिन जलाभिषेक और शिव की उपासना व व्रत रखने से बाबा भोलेनाथ सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

## टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार रामगढ़ जिला के कंडेर पंचायत में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान कंडेर पंचायत की उप मुखिया ललिता देवी ने कहा की इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत के स्तर पर लोगों के साथ-साथ पंचायत के मुखिया, उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों आदि को भी टीबी के प्रति जागरूक करना है। साथ ही मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा टीबी मरीजों की सही समय पर पहचान करना एवं उनके इलाज के लिए उत्प्रेरक बनना भी इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। कार्यशाला के दौरान पिरामल स्वस्थ्य के विशाल कुमार एवं जूही सिंह के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि उनके क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई देने पर हेल्थ एन्ड वेलनेस सेन्टर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और साहिया के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने हेतु रेफरल सिल्प व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं, पतरातू प्रखंड के यक्ष्मा विभाग के इरशाद अहमद ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है अतः आप सभी अपने स्तर पर लोगो को टीबी के प्रति जागरूक करें। साथ ही सरकार द्वारा टीबी मरीजों की मुफ्त जांच और दवा तथा पोषण पैकेट उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्यों, डीपीओ अजय नारायण दुबे, पिरामल स्वस्थ्य से अर्पिता परासर, सीएचओ सुमन, सरिता, सविता, मंजू, विमला, अनिता, चंद्रिका सहित अन्य उपस्थित थे।

### कंटेनर ने कांवरियों से भरी वैन को मारी टक्कर

# एक की मौत, दर्जनों घायल





**गोरहर पुलिस ने दिखाई तत्परता, सभी घायलों को आनन फानन में लाया अस्पताल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा ।** गोरहर थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित पॉतितीरी मोड़ के समीप एक कंटेनर वाहन ने देवघर से आने वाली कावरियों से भरी सवारी गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। जिसमें एक की मौत और दर्जनों यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना गोरहर पुलिस को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची तथा सभी घायलों को आनन-फानन में पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। सवारी गाड़ी में करीब 22 लोग सवार थे। इस हादसे में करीब 18 लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोल बम देवघर से जल चढ़ाकर घर लौट रहे कंटेनर संख्या आर जे 14जीजे 7650 ने सवारी गाड़ी संख्या जे एच 12 सी 4651 को जोरदार टक्कर मार दी। वहीं आक्रोशित लोगों ने कंटेनर पर पथराव भी किया। तत्पश्चात पुलिस पहुंचने के बाद आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया गया। घायलों में नंदलाल महतों 40वर्ष, बबन बर्मा 40 वर्ष पिता नारायण साव, मुन्नी देवी 46 वर्ष पति प्रेम पंडित ,माधुरी मसोमात 45 वर्ष पति स्व0 हीरो रविदास, रीना देवी 30 वर्ष पति राजेश राम की स्थिति को गंभीर देखते हुए हजारीबाग रेफर किया गया। जिसमें नंदलाल महतों की सदर में इलाज के दौरान मौत हो गई। साथ ही बसंती मसोमात 33 वर्ष पति सेवा भुईयां, राम भूईयां 40 वर्ष पिता राजू भूईयॉ, सोनी देवी 30 वर्ष पति बबलू राम, जगदीश महतो 50 वर्ष, सीमा मसोमात 50 वर्ष, लखन प्रजापति 35 वर्ष, मुन्नी देवी 50 वर्ष पति नारायण रविदास, नंद लाल रजक 30 वर्ष, बुतुमबा देवी 60 वर्ष पति मुनेश्वर राम, विजय कुमार 30 वर्ष, बैजनाथ ठाकुर 42 वर्ष ,रेशमी देवी 60 वर्ष ,बसंती मसोमात 45 वर्ष सभी इचाक निवासी शामिल हैं। समाचार लिखे जाने तक कुछ अन्य घायलों को भी रेफर करने की बात कही जा रही थी। गोरहर पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

## रामगढ़ में डिस्ट्रिक्ट ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज ट्रस्ट का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** बढ़ते -बदलते रामगढ़ में बढ़ते उद्योग व्यवसाय की जरूरत को ध्यान में रखकर एक नई व्यापारिक संस्था के निर्माण के मद्देनजर रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज ट्रस्ट की नींव रखी गई है । इसके लिए 15 सदस्यों की कार्यकारिणी समिति बनाई गई है। कार्यकारिणी समिति में अमित कुमार सिन्हा, जितेंद्र प्रसाद , विजय मेवाड़ , नंदकिशोर प्रासाद,चार्टर्ड एकाउंटेंट अजीत जायसवाल , डॉ शरद जैन , मनोज मंडल , राजेश प्रसाद , सर्वेश सिंह , बिमल बुधिया , परमदीप सिंह कालरा , 'जानू' , अनमोल कुमार सिंह , बिनोद कुमार साव , मनोज कुमार मंडल व संजय कुमार दांगी शामिल हैं । उक्त जानकारी 17 जुलाई को होटल शिवम इन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा दी गई।प्रेस वार्ता में ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया की की इस नई व्यापारिक संस्था की प्रतिबद्धता उद्योग-व्यवसाय के हितों की रक्षा के साथ विकास की नई संभावनाओं की तलाश भी रहेगी । प्रेस वार्ता में ट्रस्ट के सदस्य अमित कुमार सिन्हा ने बताया की संस्था के गठन का मुख्य उद्देश्य जिला के व्यवसायियों के मान सम्मान की रक्षा और जिले में उद्योग और व्यवसाय के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध करवाना है। वहीं, नंदकिशोर प्रसाद गुप्ता उर्फ नंदू बाबू ने कहा की हमलोगों ने यह महसूस किया की जिले में व्यवासियों के मान सम्मान की रक्षा और व्यवसाय हित में कार्य के लिए इस तरह की संस्था का गठन होना चाहिए। इसके फलस्वरूप संस्था का गठन किया गया है। विजय मेवाड़ ने कहा की हम सबों ने संस्था का गठन कर लिया है अब हम जिला के विभिन्न क्षेत्रों से व्यवसायियों को इससे जोड़कर उनके सुझाव लेंगे और उनके सुझाव के अनुरूप कार्य करते हुए व्यवसायियों के मान सम्मान की रक्षा करने का कार्य करेंगे। संस्था के जितेंद्र प्रसाद डबलू ने कहा की हम राज्य के प्रमुख व्यवसायिक संस्थाओं के पदाधिकारियों से संपर्क कर उनके सुझाव लेंगे ।वही मनोज मंडल ने कहा कि व्यवसायिक संस्थाओं के पदाधिकरी अनुभवी होते हैं।इसलिए उनके सुझाव हमारे लिए महत्वपूर्ण होंगे।

## जनजागरण केंद्र ने कस्तूरबा विद्यालय के बच्चियों के बीच किया बैग का वितरण




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** स्वयंसेवी संस्थान जन जागरण केंद्र ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चियों के बीच स्कूली बैग वितरण किया. वितरण मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव और विशिष्ट अतिथि स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी और संस्था के प्रखंड समन्वयक चितरंजन मंहतो ने संयुक्त रूप से किया. जिसमे विद्यालय की वार्डेन नेहा सिन्हा और शिक्षिका ज्योति वर्मा ने सार्थक सहयोग दिया. प्रखंड समन्वयक ने बताया कि बैग का वितरण जैव विविधता परिषद के सौजन्य से किया जा रहा है. जो पिछले कुछ माह पहले संस्थान द्वारा जैव विविधता और पर्यावरण पर आधारित आयोजित निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चियों के बीच उपलब्ध करवाया गया है. उन्होंने बताया कि उनकी संस्थान ने बालिका शिक्षा पर हमेशा से जोर दिया है, और उसे आगे लाने के लिए हर संभव प्रयासरत रहा है. मुखिया श्री चौधरी ने भी बच्चियों का मनोबल बढ़ाते हुए संस्थान के कार्यों की प्रशंसा किया. जिप उपाध्यक्ष ने भी इस प्रकार के कार्य के लिए संस्थान की तारीफ किया और इसे निरंतर जारी रखने की बात कही. कार्यक्रम में विद्यालय से सभी कर्मी सहित संस्थान के फील्ड वर्कर नरेश यादव इत्यादि मौजूद थे.

**परेशानी**

### 2024 तक पथ बनाने का ग्रामीणों ने अल्टीमेटम

# सड़क जर्जर, चलना दूभर, आक्रोशित जनता



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** डपोक-गरजामु से तिलैया डैम तक जाने वाले करीब 20 किमी आरईओ पथ की स्थिति बदतर हो गई है. सड़क पूरी तरह जर्जर हो गया है. इसी मार्ग के डपोक-गरजामु पुलिया तक के करीब एक किमी तक का स्थान बुरी तरह क्षतिग्रस्त था. जहां बरसात के दिनों में पैदल चलना भी दुभर था. जिसे स्थानीय समाजसेवियों ने अर्थदान और श्रमदान कर मोरम मिट्टी से भरवाकर दुरुस्त किया. इस कार्य में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी सह अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम अंसारी व स्थानीय मुखिया पति अर्जुन राम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. मो अंसारी ने जानकारी दिया कि उक्त पथ करीब 15 वर्ष पहले आर ई ओ से बना था. लेकिन निर्माण काल के बाद विभागीय स्तर से अब तक कोई कार्य नही हुआ. जिससे सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है. डपोक-गरजामू पुलिया तक एक किमी मार्ग बिल्कुल खराब था जिसे उन लोगों ने मरम्मत करवाने का काम किया है. इस कार्य में 125 ट्रैक्टर मोरम भरवाए गए है. इस कार्य में स्थानीय युवाओं का सराहनीय सहयोग रहा. ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से डपोक, बिजैया, मलकोको और भंडारों पंचायत के लोगो के लिए तिलैया जाने का मुख्य मार्ग है. बाबजूद रास्ता पर किसी का ध्यान नही होना चिंता की बात है. उपस्थित लोगो ने बताया कि यदि आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व पड़रिया से मलकोको होते हुए पिपराटांड़, ओरपरता, खुर्दजवाड़, डपोक, डुमरियाडीह, गरजामू, बैजलाडीह, गुंडियो तक मार्ग नही बनता है तो वेसभी लोकसभा और विधानसभा दोनो चुनाव का बहिष्कार करेंगे. मरम्मती कार्य में इन दोनो के अलावा पूर्व पंचायत समिति सदस्य उमेश दास, उप मुखिया बलराज यादव, संजय पांडेय, सुरेंद्र यादव, विकाश पांडेय, ब्रह्मदेव यादव, अजय पांडेय, सुनील, प्रकाश यादव, जागेश्वर साव, अजय यादव, सीताराम यादव, किसुन पांडेय, रंजित पांडेय, पप्पू पासवान, संजय पासवान, सीता राम पासवान, विकाश नायक ,संतोष यादव, हसमत अंसारी, गुलाम अजहर, निजाम अंसारी आदि कई लोग मौजूद थे.

## रामनगर पेट्रोल पंप के ऑफिस में चोरी

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित जैन पेट्रोल पंप में रविवार की रात ग्रिल को क्षतिग्रस्त कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया. चोर दो मॉनिटर और नगद 5000 रुपए समेत कई सामान चोरी कर ले गए. जब पेट्रोल पंप कर्मी सोमवार की सुबह पंप को खोलने पहुंचे तो चोरी की इस वारदात का खुलासा हुआ. पेट्रोल पंप के स्टाफ ने देखा कि ऑफिस के ग्रिल को किसी ने क्षतिग्रस्त किया है और अंदर घुसकर सारा सामान लेकर फरार हो गए. फिर सदर थाना पुलिस को सूचना दी. उसके बाद पीसीआर की टीम पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की. पंप कर्मी ने बताया कि रॉड के माध्यम से ग्रिल को चौड़ा किया गया और किसी ने घुसकर अंदर से रखे कंप्यूटर सहित सभी सामान और कुछ नगदी भी ले गए. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है. सदर थाना पुलिस ने बताया कि देर शाम तक इस संबंध में किसी ने आवेदन नहीं दिया है.

# झुमरी तिलैया : क्लोरोफिल स्कूल में बच्चों ने मनाया रंगारंग अम्ब्रेला डे



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** प्राथमिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों की बुनियाद बनाने में अग्रणी महाराणा प्रताप चौक स्थित स्थानीय क्लोरोफिल स्कूल में बड़ा ही सुन्दर नजारा दिखा। सारे छोटे-छोटे बच्चे अहले सुबह छोटी-छोटी रंग बिरंगी छतरी लेकर स्कूल आए थे। प्राचार्या कंचन अग्रवाल ने बताया कि हम अपने छोटे बच्चों के साथ मिलकर ठहरे-ठिठके मॉनसून का स्वागत कर रहे हैं ताकि वर्षा ऋतु झारखण्ड में भी प्रसन्न होकर बरसे। उन्होंने कहा कि रंग बिरंगी छतरियां बच्चों के रंग बिरंगे मन के अनुकूल हैं और बच्चों के नन्हें हाथों में ये बड़ा ही सुंदर दृश्य उपस्थित कर रही हैं। नर्सरी और प्ले-ग्रुप के बच्चों के साथ शिक्षिकाओं ने बारिश, छतरी और सावन पर आधारित कई गीतों की प्रस्तुति करवाई। सारे बच्चों ने हरी हरी घास में निकलकर छतरी हिलाकर मानसून का स्वागत किया। शिक्षिका दिव्या मिश्रा और आंचल कुमारी ने छोटे बच्चे की टीम का नेतृत्व करते हुए पूरे विद्यालय परिसर में छाते के साथ म्यूजिक पर परेड करवाई। लगभग सारे बच्चों ने भाग लिया था जिसमें रिधान, किव, आयरा, आशी, अभिनव, अथर्व, शुभांगी, सौम्या, हिमांशी कश्यप, देवांशी, श्रीयुक्त, मोबासिर, आयजा, शहान, जसकीरत, अर्जन एवं अन्य कई बच्चों ने मनभावन प्रस्तुति दी। शिक्षिकाओं में प्रमुख रूप से नूतन कुमारी, सीमा जैन, संतोष कुमारी, प्राची जैन, रूपम झा, सुलगना राय, एकता कुमारी, नफीसा इमाम और पंकज सहाय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। निदेशक अजय अग्रवाल ने कहा कि ईश्वर करे इन छोटे बच्चों को सावन के मौसम में अपनी अपनी छतरी खोलने का, खोले रखने का खूब मौका मिले, खूब अच्छी बारिश हो ऐसी शुभकामना दी।

# देशी शराब की तस्करी में लिप्त दो महिला गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** कोडरमा गया रेलखंड स्थित गाड़ी संख्या 13305 इंटरसिटी एक्स के गझंडी स्टेशन में आगमन के दौरान दो महिला शराब तस्कर को करीब 100 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गझंडी रेलवे स्टेशन में समय करीब 08.50 बजे गश्त करते हुए दो महिला को कुछ बोरी के साथ संदिग्ध अवस्था में बैठा हुआ देखा गया। नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम बेबी देवी उम्र 40 वर्ष पति स्व विजय पासवान सा मानपुर थाना मुफस्सिल जिला गया तथा संजू देवी उर्फ घेघी उम्र पति अजय प्रसाद सा पटवा टोली थाना बुनियादगंज जिला गया बताई। उनके पास से बरामद बॉटल व प्लास्टिक की थैली को चेक किया गया तो उसमे अवैध रूप से लाया गया देशी शराब क्षमता करीब 100 लीटर पाया गया। देशी शराब तस्करी में लिप्त महिलाओं से पूछने पर बताया गया कि हमलोग गरीब आदमी है और सस्ते दामों में शराब खरीदकर अधिक दामों में बिहार के गया जिला में ले जाकर चोरी छिपे बेचते है। इससे अपने तथा अपने परिवार का भरण पोषण करते है। उपरोक्त दोनों महिला तस्कर से बरामद सभी 100 लीटर देशी शराब को जब्त किया गया और उसे उसका अपराध बताया गया । महिला आरक्षी के समक्ष गिरफ्तारी रिपोर्ट बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजन को फोन कर दी गई। बरामद सभी देशी शराब का अनुमानित कीमत रु.10000/- आंका गया। जप्तशुदा शराब और दोनो महिला तस्कर को अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द किया गया।

## प्रखंड कार्यालय सिमडेगा में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर हुई समीक्षा बैठक

# सभी बीएलओ घर घर जाकर करेंगे सत्यापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रखंड कार्यालय सिमडेगा के सभागार में सोमवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में प्रखण्ड पकारटांड के बीएलओ एवं प्रखण्ड सिमडेगा के बीएलओ तथा बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बीएलओ को दिनांक 21जुलाई 2023 से 21अगस्त 2023 तक अपने मतदान केंद्र अंतर्गत सभी घरों का घर घर जाकर सत्यापन कार्य करने संबंधित विस्तार से बताया गया,सभी बीएलओ को विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए बीएलओ रजिस्टर एवं करेक्शन स्लिप दिया गया. साथ ही बीएलओ रजिस्टर एवं करेक्शन स्लिप में कार्य करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया प्रत्येक बीएलओ को बताया गया कि जब वह घर घर सत्यापन कार्य करेंगी उस दौरान अपने साथ बीएलओ रजिस्टर एवं करेक्शन स्लिप को साथ में लेकर जाएंगी एवं संबंधित मतदाता से सत्यापित और हस्ताक्षर करा लेंगी.,सभी बीएलओ के बीच घर-घर सत्यापन के दौरान प्रत्येक घरों में चिपकाने हेतु स्टीकर भी दिया गया एवं उसके बारे में जानकारी दी गई कि जिन भी घरों का भ्रमण करेंगी उस घर में स्पीकर चिपकाएंगी और स्पीकर में भ्रमण की तिथि दर्ज करेंगे, सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों के बीच विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए पीपीटी एवं वीडियो को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया एवं विस्तार से बताया गया वही बीएलओ को बीएलओ ऐप के बारे में जानकारी दी गई एवं बताया गया कि बीएलओ ऐप के माध्यम से ही प्रपत्र 6,7,8 का ऑनलाइन एंट्री किया जाना है तथा घर-घर सत्यापन के दौरान प्रत्येक घरों में योग्य मतदाता का निबंधन प्रपत्र 6 भरकर अवश्य करेंगे यह सुनिश्चित कर लेंगे कि कोई भी योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में ना छूटे. साथ ही जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गई है उनका प्रपत्र 7 के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न कर भरने का निर्देश एवं प्रशिक्षण दिया गया साथ ही ऐसे मतदाता जिनका नाम लिंग पता संबंधी का नाम में त्रुटि है उनका प्रपत्र 8 भरकर सुधार करने हेतु बताया गया.अंत में प्रशिक्षण पश्चात सभी बीएलओ से ससमय कार्य कर लेने की अपेक्षा के साथ प्रशिक्षण समाप्त की गई।

# प्रखंड कर्मी की हत्या के विरोध में कलमबंद हड़ताल



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** गढ़वा जिला अंतर्गत भवनाथपुर प्रखंड के प्रखंड समन्वयक मो. सेराज की हत्या के विरोध में कोडरमा प्रखंड कर्मियों ने कलमबंद हड़ताल किया और बैनर के साथ समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया। बता दें कि ड्यूटी करने के बाद घर लौटते समय मोहम्मद सिराज कि 14 जुलाई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राज्य आवास कर्मी संघ झारखंड रॉची के बैनर तले यह प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत कार्यरत जिला-प्रखंड स्तरीय कर्मियों ने सरकार से कई मांग की है। इनकी मांगों में सेराज अंसारी के हत्यारों को दो दिनों कें अंदर गिरफ्तार करने, सेराज अंसारी के आश्रितों को अनुकम्पा पर सरकारी नौकरी देने, ईपीएफ पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा लाभ देने, दुर्घटना बीमा अंतर्गत बीस लाख रुपये का लाभ देने, जिला/प्रखंड स्तरीय कर्मी की नियुक्ति प्रशासी पदवर समिति से स्वीकृति की जाने, पीएमयू में नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियां को सातवें पुनरिक्षित वेतनमान का लाभ देने, सेवा अवधि 60 वर्ष तक स्थायी सुनिश्चित करने आदि शामिल है। हड़ताल में जिला समन्वयक, जिला प्रशिक्षण समन्वयक, सभी प्रखंड समन्वयक, सभी लेखापाल-सह- कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण कोडरमा जिला शामिल थे।

# भाजपा की टिफिन बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यक्रम महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त सिमडेगा केलाघाघ में टिफिन बैठक किया गया,टिफिन बैठक के उपरांत कार्यकर्ताओं के साथ भोजन और संवाद किया गया। टिफिन बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा की यह बैठक कई मायनों में अलग है। इसमें कार्यकर्ता अपने घर से टिफिन लाते हैं और सामूहिक रूप से नेता - कार्यकर्ता बैठकर भोज्य ग्रहण करते हैं। सामाजिक सद्भावना का यह एक अप्रतिम उदाहरण भी है ।मौके पर कार्यकताओं ने अपने विचारों को रखा और संगठन किस तरह से मजबूत हो इस पर भी चर्चा की।किरसई और कोलेबिरा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी टिफिन बैठक आयोजित किया मौके पर पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्विजय सिंह देव पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर महामंत्री दीपक पुरी अनूप प्रसाद सतीश पांडेय श्रीलाल साहू तपेश्वर सिंह मुनु साहू श्रद्धानंद बेसरा अजय सिंह उपेंद्र श्रीवास्तव सत्यनारायण प्रसाद बसंत मांझी राकेश रविकांत संजय शर्मा दीपनारायण दास अनिरुद्ध प्रसाद नीरज बड़ाईक सुदर्शन सिंह कमला कुमारी पिंकी प्रसाद मनीषा देवी बीरेंद्र पंडा मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरियों का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो ।** पशुपालन विभाग बानो में मुख्यमंत्री पशु धन योजना कार्यक्रम के तहत बकरियों का बितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बानो प्रमुख सुधीर डांग ने लाभुकों के बीच एक बकरा व चार बकरियों का बितरण किया गया ।मौके पर उन्होंने कहा हमारा बानो प्रखण्ड बकरी पालन के लिये उपयुक्त जगह है । यहां के ग्रामीण बकरी पालन कर अच्छी आमदनी कमा सकते हैं। पशुपालन विभाग के डॉक्टर दुलमु बीरूलीने बकरियों के देख भाल की जानकारी देते हुए कहा कि बरसात का मौसम है सम्भव हो तो बकरियों को गरम पानी पीने के लिए दे ।बकरियों में किसी तरह की कोई बीमारी हो तो तुरंत स्थानीय चिकित्सक से सम्पर्क कर उपचार जरूर करें।अगर बकरी किसी कारण वश बीमार हो जाय तो बकरियों को न मारे ।सभी बकरियों का इन्सुरेंस किया गया है। मरने पर बकरियों का फोटो खींचे । कान में टैग का फोटो खींच कर बिभाग को भेजे । मौके पर चैतन्य सिंह रबि नायक आदि लोग उपस्थित थे।

# ठेठईटांगर के आंगनबाड़ी केंद्रों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत कुसुमबेड़ा पोषक क्षेत्र के लिए सेविका का चयन सुशीला टेटे का हुआ साथ ही जपलंगा आंगनबाड़ी सेविका के पद पर संगीता केरकेट्टा का चयन किया गया उससे पहले शनिवार को बेलाटोली आंगनबाड़ी के लिए सेविका बसारटोली आंगनबाड़ी के लिए सहायिका का चयन प्रेमधनी सोरेंग पति सामुएल सोरेंग का किया गया, साथ ही मसानिया में संचिता जी का आंगनबाड़ी के लिए सेविका का चयन किया गया। बेला टोली में रोश डुंगडुंग पति प्रमोद डुंगडुंग , जिसमें योग्यता के आधार पर रोश डुंगडुंग का चयन किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, बाल विकास पदाधिकारी मैडम सुकरमणी लिंडा, मुखिया संगीता मिंज,सुपरवाइजर जसिंता लकड़ा, शिक्षिका एडलिन कुजुर,ए.एन.एम. जयंती कुमारी , साथ ही अगल-बगल की सेविका एवं बीएलओ एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिमडेगा : वन अधिकार कानून के तहत प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक



**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच की बैठक अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमड़ेगा में सिलास डुंगडुंग की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में बीरू बिरकेरा,पिंडाटांगर,आरानी,सुतराम,गरजा,जमादोहर, काटूकोना,फुलवाटाँगर,बेंदोजोर आदि राजस्व ग्राम सभा में लोग उपस्थित हुए।बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के अनूप लकड़ा ने अपने वक्तव्य में कहा कि अभी तक दावित सामुदायिक वन पट्टा नहीं देना सरकार और प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शार्ता है ।जब तक वन पट्टा नहीं मिलेगा तब तक ग्राम सभा के लोग चुप नहीं बैठेंगे और चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इस बैठक में समर्पण सुरिन ने कहा कि अब हमें सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना मांगना होगा ।चूँकि संबंधित विभागों की लापरवाही के कारण अभी तक वन पट्टा नहीं दिया गया है ।जबकि केंद सरकार कानून बनाकर दिया और सरकार ने सामुदायिक वन पट्टा एवं व्यक्ति गत वन पट्टा देने का आदेश जारी किया है। बैठक में खुशीराम कुमार,तेलेस्फोर तोपनो,अगुस्टीना सोरेंग ने भी अपने विचारों को रखा ।इस बैठक में मुख्य रूप से अपलुस एक्का, क्लेमेंट तिग्गा, जेंडर केरकेट्टा, स्टेनिस्लास डुंगडुंग, जयप्रकाश सोरेंग, सैहुंन केरकेट्टा, सिलास डुंगडुंग,अंधेरियन डुंगडुंग, सुगढ़ लुगुन, दीपक सुरिन, जोशेफ किड़ो, फुलकेरिया कुल्लु,एमिलिया डुंगडुंग, खिस्टदास किड़ो, जोनसन लुगुग, रॉयन डुंगडुंग, अजित डुंगडुंग,सेबेस्टियन किड़ो आदि लोग उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में दो युवक घायल

**ठेठइटांगर ।** प्रखंड अंतर्गत कुसुमबेड़ा मोड़ पर सोमवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों की पहचान भावनाडिपा निवासी राहुल माझी एवं बिनोद मांझी के रूप में हुई स्थानीय लोगों ने बताया कि वह सअपने घर लौट रहे थे ,इसी क्रम में मोड़ में अपना संतुलन खो बैठे एवं एक पेड़ से टकरा गए जिसके कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए ।ग्रामीणों के मदद से रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर सिमडेगा सदर अस्पताल कर दिया गया, वहां प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता प्रिंस कुमार सुकूवन जोजो, जोन लकड़ा आदि पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से उतारकर डॉक्टर के पास ले गए एवं सही समय पर एवं सही तरीके से इलाज करने का आग्रह सदर अस्पताल के डॉक्टरों से किया।

**आस्था** | सावन की दूसरी सोमवार के मौके पर तामड़ा में कांवर यात्रा का आयोजन

# बोल बम के नारे साथ भक्तों ने किया जलाभिषेक





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सावन के दूसरे सोमवार के मौके पर तामड़ा में भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया कांवर यात्रा की शुरूआत पालामाड़ा नदी से हुई जहां पर सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष युवती एवं बच्चों ने सामूहिक रूप से जल संकल्प लेकर भगवा वस्त्र धारण किए हुए झूमते नाचते गाते भगवान भोलेनाथ कि 4 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करते हुए बाजार स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में जलाभिषेक लिए पहुंचे। इधर शिव मंदिर पहुंचते हुए कतार व तरीके से भगवान भोलेनाथ पर बारी-बारी से सभी लोगों ने जलाभिषेक किया जिसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया भंडारा में आसपास के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर जानकारी देते हुए पंडित जितेंद्र पुरी ने बताया कि इस बार सावन 2 महीने का है और ऐसे में सावन की दूसरी सोमवारी सोमवती अमावस के रूप में जानी जाती है इस दिन का विशेष महत्व माना गया है इसी को लेकर सभी लोगों ने जलाभिषेक किया उन्होंने कहा कि इस दिन भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने से सभी प्रकार की इच्छाएं पूर्ण होती है इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नवयुवक संघ तामड़ा के मनीष केसरी ,सचिन केसरी, नितेश केसरी, गोलू केसरी, मनीष मिश्रा, सचिन केशरी,धनञ्जय बैठा, अमन मिश्रा, विकास साहू ,कुबेर कैथवार,राहुल मिश्रा अशोक गुप्ता, निरंजन पूरी नितेश पूरी गोलू कुमार जोशी कुमार मनोहर कुमार सहित गांव के सैकड़ों लोगों की भूमिका रही।

# 'मोहर्रम के त्योहार पर भ्रामक अफवाह से बचें'

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक में की अपील, अशांति अव्यवस्था फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की दी गयी चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
मोहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सोमवार को मेराल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बीडीओ प्रवेश कुमार साव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दोनों समुदाय के लोगों के अलावे मुखिया बीडीसी, वार्ड सदस्य तथा बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लिया। शांति समिति की बैठक में एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने लोगों से मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने सोशल मीडिया पर भ्रामक अफवाह फैलाने से बचने को कहा। शांति तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि उनके खिलाफ कानून सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। बीडीओ प्रवेश कुमार साव, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, अंचलाधिकारी निकिता बाला, उप प्रमुख निजाम खान इत्यादि ने लोगों से मोहर्रम को मेराल के शांतिपूर्ण इतिहास के अनुकूल इस वर्ष भी आपसी भाईचारे शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का आग्रह किया। लोगों ने कहा कि हर जिम्मेदार व्यक्ति अपने अपने क्षेत्र में शांति बनाए रखने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। बीडीओ प्रवेश कुमार साव, अंचलाधिकारी निकिता बाला, थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने लोगों से कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखें। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान अशांति तथा अव्यवस्था फैलाने का कोशिश करेंगे तो उनके साथ पूरी सख्ती से निपटा जाएगा।

मौके पर दक्षिणी जिप सदस्य प्रतिनिधि सह झामुमो नेता करीब अंसारी, झामुमो जिला युवा सचिव अतहर अली अंसारी, पूर्व मुखिया महबूब अंसारी, खालिद खान पूर्व मुखिया बाल्मीकि चौबे मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर मेहता भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा समाजसेवी सह झामुमो नेता अजय प्रसाद गुप्ता, शिव कुमार चौधरी मुखिया अजीज अंसारी, मुखिया वीरेंद्र तिवारी फिरोज अंसारी, संजय भगत इत्यादि ने भी मोहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए लोगों से आग्रह किया।

## अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें जिम्मेदार, सोशल मीडिया पर रखी जाएगी नजर



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
मुहर्रम पर्व को लेकर सोमवार को खरौंधी थाना परिसर में बीडीओ गणेश महतो के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुखिया बीडीसी, वार्ड सदस्य तथा बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इसमें आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का आग्रह किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि हर जिम्मेदार व्यक्ति अपने अपने क्षेत्र में शांति बनाए रखने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा ताजिया निकाले जाने का रूट चाट प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी अभय कुमार ने लोगों से कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखें। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने से बचें। अव्यवस्था तथा अशांति कि स्थिति में प्रशासन को त्वरित सूचना दें ताकि ससमय आवश्यक कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी अभय कुमार ने असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार से अशांति तथा अव्यवस्था फैलाने का कोशिश करेंगे तो उनके साथ पूरी सख्ती से निपटा जाएगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगाह रखी जाएगी। इस बैठक का संचालन सेवानिवृत शिक्षक राजकेश्वर प्रसाद यादव के द्वारा किया गया। मौके पर बसंत कुमार यादव, रामकृपाल द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, उपेंद्र भारती, कृष्णा साह, प्रखंड सदर समसुद्दीन अंसारी, जाकिर हुसैन, बदरे आलम, लियाकत अली, नजरे आलम, लौटन बैठा, गुलाबचंद मेहता, अलीम अंसारी, बसंत यादव, सतीश राम, बीडीसी कृष्णा राम, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, बृजबिहारी दुबे, कांति प्रसाद द्विवेदी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लगातार बारिश होने से घर गिरा, परिवार हुआ परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड अंतर्गत शिबला पंचायत के भाटचतरा गांव निवासी कृष्णा तुरी पिता सोढ़ारी तुरी का मिट्टी खपरैल घर लगातार बारिश के कारण गिरकर क्षतिग्रस्त हो गयी। पीड़ित कृष्णा तूरी ने बताया कि वह व उसकी पत्नी दो बच्चों के साथ घर में रह रहे थे। बीते दिन लगातार बारिश के कारण घर गिर जाने से घर में रहना काफी मुश्किल हो गया है। घर में रखे पलंग, कुर्सी, बर्तन एवं खाने का अनाज सहित अन्य सामग्री भी खराब हो गयी। हम गरीब हैं। दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। अपने से घर बनाने के लिए सक्षम नहीं हैं। वहीं बताया कि अभी तक हमें पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। वहीं पीड़ित परिवार कृष्णा तुरी ने उपायुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगायी है।

## शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर जदयू प्रवक्ता ने डीएसई को सौंपा ज्ञापन

**चतरा।** जिला में सरकारी शिक्षकों के एक ही विद्यालय में 5 से 25 वर्षो तक एक ही विद्यालय में सेवा देने के कारण शिक्षा की गुणवता में गिरावट आने को लेकर जदयू प्रवक्ता मुकेश कुमार यादव ने शिक्षकों के स्थानांतरण करने की मांग को लेकर सोमवार को जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि चतरा जिले में सैकड़ों सरकारी शिक्षकों का स्थानांतरण पिछले 25 वर्षो से नहीं हुआ है। कई शिक्षक ऐसे भी हैं जो एक ही विद्यालय में योगदान दिए और उसी विद्यालय से सेवानिवृत हो गए हैं। यादव ने नियम संगत शिक्षकों के स्थानांतरण कराने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिप उपायुक्त, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक हजारीबाग को भेजी गई है।

## पेयजल की समस्या से जूझने को मजबूर कदगावां खूर्द अनुसूचित टोला के ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
इक्कीसवीं सदी के भारत में भी जिले के मयूरहंड प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव-टोलों में पेयजल गंभीर समस्या है। इसी की बानगी प्रखंड अंतर्गत कदगावां खुर्द गांव का अनुसूचित टोला है। यहां निवास करने वाले ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। टोले में लगभग दो सौ से ज्यादा आबादी निवास करती है। जिसमें एक मात्र सरकारी चापानल अधिष्ठापित है, जिसके भरोसे लोग जीवन यापन के साथ अपने मवेशियों के लिए पानी उपयोग में लाते हैं। परंतु चापानल का जलस्तर नीचे चले जाने से ग्रामीणों को पानी के लिए तरसना पड रहा है। ऐसे में बेबस और असहाय लोगों को सुध लेने वाले किसी मसीहा का इंतजार है, जो इनके दर्द को समझने के साथ इस विकट समस्या का समाधान कर सके। मुखिया अशोक कुमार भुईयां ने बताया कि जलस्तर नीचे चले जाने से साधारण बोरिंग से पानी नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में डीप बोरिंग करवाने के सिवाय कोई दूसरा विकल्प नहीं है। यहां की पेयजल समस्या से पीएचईडी सहित अन्य संबंधित विभाग के आला अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन कोई कारगर कदम समाधान के लिए नहीं उठाया गया।

## मुखिया ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के कोलझीकी पंचायत अंतर्गत कोइन्दी ग्राम में मुख्य पथ से संतार यादव के खेत तक 15वें वित्त आयोग मद से 1 लाख 99 हजार की अनुमानित लागत से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मुखिया सुनीता देवी ने नारियल फोड़कर किया।

इस मौके पर मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है। इस सड़क के बन जाने से सड़क पर चलने वाले ग्रामीणों को सुविधा होगी। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण हम सभी ग्रामीणों को बरसात के दिनों में पैदल चलने में काफी परेशानी हो रही थी। अब इस सड़क के बन जाने से हमारी समस्या दूर हुई। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया सुनीता देवी को सड़क निर्माण कराने के लिये धन्यवाद दिया। मौके पर बशारत अंसारी, सद्दाम अंसारी, संतार यादव, द्वारिका भुइंया, सफदर अली, रहमत अली, नुरेमोजशम, औरंजेब अंसारी, महबूब अंसारी, सुरेश चंद्रवंशी, विनय भुइंया, बिशुन सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## वाराणसी में बंधक बना खरौंधी का युवक

### परिजनों ने थाने में आवदेन दे मुक्त कराने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
प्रखंड के बजरमरवा के एक मजदूर का बनारस में बंधक बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बंधक मजदूर के पिता उमेश गुप्ता ने थाने में आवेदन देकर भवनाथपुर की टीकर की रहने वाली दुलारी कुमारी पर अपने लड़के को बनारस में बंधक बनाकर मजदूरी कराने का आरोप लगाकर कार्रवाई करते हुए बंधन मुक्त कराने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया मामले की जांच की जा रही है। वहीं सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो बजरमरवा गांव जाकर परिजनों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। मजदूर के पिता ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उसके पुत्र रोहित गुप्ता को लगभग चार माह पूर्व दुलारी कुमारी ने फोन करके बनारस में 15 हजार रुपये प्रति माह नौकरी दिलाने का प्रलोभन दिया था। इसके एवज में उसने उसके पुत्र से 15 हजार रुपये की मांग की। रोहित गुप्ता ने उसके झांसे में आकर 15 हजार रुपये दे दिये। इसके बाद उक्त लड़की ने उसे नौकरी दिलाने के नाम पर बनारस बुला लिया। रोहित बनारस के टेंगरा मोड़ के समीप किसी कंपनी में मजदूरी करने लगा। उसी समय से रोहित को बंधक बनाकर मजदूरी करवाया जा रहा है। आजतक उसे एक दिन की मजदूरी नहीं दी गई। पैसा नहीं मिलने पर उसने घर आने की बात कही तो कंपनी के अन्य स्टाफ ने उसके साथ मारपीट की। उसे बंदी बनाकर रखा गया है। उसे घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। रोहित की तबीयत खराब हुयी तो उसने इलाज के लिए मुझसे पैसे मांगे थे। मैं उसे एक बार एक हजार तथा दूसरी बार पंद्रह हजार रुपये भेज चुका हूं। उसके चंगुल में फंसे हमारे गांव के तीन लड़कों ने रात्रि में किसी तरह भागकर जान बचायी।

## पारा शिक्षक व उप प्रमुख का मामला पहुंचा प्रखंड

### रिकवरी के साथ संपन्न लोगों का राशन कार्ड रद्द कर गरीब लोगों का बनाये जाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
पारा शिक्षक दीनानाथ प्रसाद व उप प्रमुख अंजली देवी का मामला सोमवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचा। ग्रामीण धनंजय राम ने दोनों के खबरों से संबंधित अलग अलग अखबार की कटिंग के साथ सी ओ सह एम ओ चोनाराम हेंब्रम को लिखित आवेदन दिया दिया है।

एम ओ को दिए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि मैं और मेरे जैसे कई गरीब व्यक्तियों को सिर्फ ग्रीन राशन कार्ड का लाभ दिया जा रहा है, जबकि अखबार में छपी खबर में पारा शिक्षक की पत्नी व उप प्रमुख सहित उनके परिवार के लोगों को वर्षों से ए ए वाई और पीएच राशन कार्ड का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही धनंजय ने लिखा है कि उक्त सभी लोगों से खाद्यान्न की रिकवरी करते हुए राशन कार्ड रद्द कर उनके और प्रखंड के अन्य निरीह व्यक्तियों के नाम से एएवाई के साथ-साथ पीएच राशन कार्ड बनाया जाए। एम ओ चोनाराम हेंब्रम ने बताया कि आवेदन में दोनों व्यक्तियों से संबंधित अखबार में छपी खबर की कटिंग भी साथ है। उन्होंने कहा कि मामले की पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 151 चिकित्सकों को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले देश के 151 चिकित्सकों को रविवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने सम्मानित किया। जन स्वास्थ्य कल्याण समिति, पटना की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन बिहार विधान परिषद के उप सभागार में किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, मंत्री लेसी सिंह, आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह, पद्मश्री डॉ आरएन सिंह, पद्मश्री डॉ जितेंद्र कुमार सिंह और समिति के सचिव डॉ एसपी सिंह ने किया। डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह, डॉ जितेंद्र कुमार सिंह और डॉ आरएन सिंह ने चिकित्सकों को बेहतर कार्य की सराहना की। डॉ पीके वर्मा को हृदय रोगियों के जटिल बीमारियों से निपटने तथा अपनी जान को हथेली पर रखकर कोरोना के मरीजों को बेहतर परामर्श देने के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। समिति के सचिव डॉ एलबी सिंह ने कहा कि हम दुनिया के सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले देश व विदेश के लोगों को अपनी ओर से सम्मानित करने का प्रयास किया है। चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा के संस्थापक डॉ कुलदेव चौधरी ने डॉ वर्मा को अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड मिलने पर खुशी जताई है। हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ पीके वर्मा महीने में दो बार गढ़वा में सेवा प्रदान करते हैं।

**धर्म-कर्म**

## लज्जा हमारे राष्ट्र की संस्कृति है, इसके बिना पशु और मनुष्य में अंतर नहीं : महाराज

# अच्छे कर्म से ही सुख की होती है प्राप्ति : जीयर स्वामी



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
हमारे द्वारा किये हुए कर्मों का फल सुख और दुख के रूप में प्राप्त होता है। उक्त बातें जीयर स्वामी महाराज ने पाल्हे जतपुरा ग्राम में प्रवचन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारे चाहने के बाद भी दुख हमारा पीछा नहीं छोड़ता है, ठीक उसी प्रकार से हम नहीं भी कामना करेंगे तो हमारा सुख और आनंद हमारे पास रहेगा। जैसे हम दुख के लिए प्रयास नहीं करते हैं, ठीक उसी प्रकार सुख के लिए भी हमें प्रयास नहीं करनी चाहिए। हमें अपने कर्तव्य व कर्म को अच्छा करना चाहिये। उन्होंने कहा कि लज्जा हमारे राष्ट्र की संस्कृति है। जहां लज्जा नहीं रहती है वहां सब कुछ रहने के बाद भी कुछ रहने का औचित्य ही नहीं बनता है। लज्जा मानव की गरिमा है। अगर इसे संस्कृति से हटा दिया जाये तो पशु और मनुष्य में कोई अंतर हीं नहीं रह जायेगा। उन्होंने कहा कि लोग विवाह से पहले ही पत्नी के साथ फोटो खिंचवा कर दूसरे को, मित्र को भेज देते हैं। मनुष्य को गरिमा और लज्जा (शर्म) का ख्याल रखना चाहिए। यहीं कारण है कि हम संस्कृति को भूल जाने के कारण सभी साधन रहने के बाद भी निराश हैं। उन्होंने कहा कि भक्तिपूर्वक परमात्मा का ध्यान करना ही श्रेष्ठ प्रायश्चित है। मन द्वारा, वाणी द्वारा, शरीर द्वारा भक्तिपूर्वक परमात्मा का ध्यान करते हुए उनके नाम गुण, लीला, धाम इन चारों का जो उपासना करता है, यह श्रेष्ठ प्रायश्चित है। यह जितना श्रेष्ठ प्रायश्चित है उतना श्रेष्ठ प्रायश्चित यज्ञ, दान, तप भी नही है। यज्ञ, दान, तप करने वाला हो सकता है उसके पापों का मार्जन न हो, लेकिन जो मन से, वाणी से पवित्र होकर नाम गुण, लीला, धाम इन चारों का जो भावना करता है, यहीं सबसे श्रेष्ठ प्रायश्चित है।

### जो पाप दुराग्रह के साथ हो, वह महापाप है

स्वामी ने कहा कि भागवत कथा अनुष्ठान से सुनने पर कल्याण होता है। कथा सुनने के समय संसारिकता से अलग एकाग्रचित्त होने पर फल प्राप्ति होती है। भगवान की कृपा होने पर पति-पत्नी में मधुरता रहती है। यदि पत्नी कर्कशा हो और घर में बच्चों की किलकारी भी नहीं हो, तो सुख-शांति नहीं रहती। उन्होंने कहा कि जो पाप दुराग्रह के साथ हो, वह महापाप है। ब्राह्मण, गाय, परिजन और महापुरुषों की हत्या व विश्वासी के साथ विश्वासघात करना महापाप की श्रेणी में आता है। शराब पीने, जुआ खेलने, हत्या करने और न्यायालय में मुकदमा करने वाले की संपत्ति प्रायः नष्ट हो जाती है। इन कारणों से प्राप्त गरीबी का समाज उपहास करती है, क्योंकि अपनी गरीबी और बेबसी का कारण भी ये स्वयं होते हैं। ऐसे लोगों के प्रति किसी का दयाभाव नहीं होता। ये साधन का दुरुपयोग और दुराग्रह युक्त पाप के भागी होते हैं। मांस, मनुष्य के लिए उचित नहीं। मांस खाने के लिये परपोषी जीवों का कुतर्क नहीं देना चाहिए। मुनष्य के शरीर की संरचना परपोषी जीवों से अलग है। अगर मुनष्य छह माह कच्चा मांस खा ले तो चर्म रोग के साथ ही उसका पाचन तंत्र बुरी तरह कुप्रभावित हो जाएगा। अपने स्वार्थ व गलत इच्छा की पूर्ति के लिए कुतर्क का सहारा नहीं लेनी चाहिए।

## वीसी ने जीयर स्वामी का दर्शन कर लिया आशीर्वाद




**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा ग्राम में पूज्य संत जीयर स्वामी महाराज के संकल्पित चातुर्मास्य व्रत स्थल पर सोमवार को वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी आरा एवं बाबा साहब आंबेडकर यूनिवर्सिटी मुजफ्फरपुर बिहार के वीसी डॉ. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ पहुंचे। डॉ. चतुर्वेदी ने महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ चतुर्वेदी ने यहां कि व्यवस्था देख श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा महायज्ञ में पधार कर पुण्य का भागी बनने की बात कही। समिति की ओर से लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे व उमेश शुक्ला ने डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी को अंगवस्त्र व श्री बंशीधर मंदिर में स्थापित भगवान श्री कृष्ण व माता राधिका की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर पं श्यामसुंदर दुबे, पं. तारकेश्वर पांडेय, मीडिया सह प्रभारी धर्मेंद्र चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

# बेरोजगारी व झारखंड

***बेरोजगारी*** आज एक बड़ी समस्या के रूप में आ खड़ी हुई है। झारखंड समेत पूरे देश में बेरोजगारी दर बढ़ गयी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इकॉनोमी यानी कि सीएमआईई ने जुलाई माह का डाटा जारी किया है। जिसके मुताबिक जून में बेरोजगारी दर बढ़कर 8.45 प्रतिशत हो गयी है। सबसे अधिक बेरोजगारी की दर ग्रामीण इलाकों में देखने को मिली है। रिसर्च करने वाली संस्था का मानना है कि ग्रामीण इलाकों जून के माह में हमेशा ही बढ़ोतरी देखने को मिलती है। इसका बड़ा कारण है गांव में जून के माह कृषि से जुड़े कार्य होते हैं । इसलिए रोजगार के मौके घट जाते हैं। बहरहाल झारखंड में मौनसून को लेकर संशय की स्थिति जुलाई में भी बनी हुई है। कई इलाके सूखे की चपेट में आ गये हैं। इसकी वजह समय पर पानी का नहीं होना है। ऐसे में यहां बेरोजगारी दर और बढ़ जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग की आंकड़ों के मुताबिक जून में बेरोजगारी दर 8.45 प्रतिशत जा पहुंची है। जबकि मई के माह में बेरोजगारी दर 7.68 फीसदी थी। इस संस्था की मानें तो ये तीसरा महीना जब बेरोजगारी दर 8 फीसदी से अधिक रही है। हालांकि जून के माह में बेरोजगारी दर बढ़ने का एक और बड़ा कारण है कि इस महीने में लेबर की डिमांड घट जाती है। हालांकि शहरी इलाकों की बेरोजगारी में गिरावट आयी है। फिलहाल इसकी दर 7.87 फीसदी है। सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य छत्तीसगढ़ है। झारखंड में बेरोजगारी की दर देश के औसत से कम है। आंकड़ों की मानें तो पिछले कुछ वर्षों में इसकी गिरावट देखने को मिली है। साल 2017-18 में झारखंड की बेरोजगारी दर सभी आयु वर्ग में 7.7 फीसदी थी तो ये वर्ष 2020-21 में ये घटकर 3.3 फीसदी हो गयी। देश में सबसे अधिक बेरोजगारी वाले राज्य में झारखंड सातवें स्थान पर है। वहीं देश का सबसे कम बेरोजगारी वाला राज्य में छत्तीसगढ़ 1.6 फीसदी के साथ पहले स्थान पर है। देश में सबसे अधिक बेरोजगारी के मामले में हरियाणा 24.6 फीसदी के साथ टॉप पर है। यह एक आंकड़ा सेंटर फॉर मॉनिटरिंग के द्वारा कराया गया है। इसके पलटवार हम देखें तो जमीन पर ये आंकड़े उतने सटीक नहीं उतरते हैं। इसकी बड़ी वजह राज्यों की भौगोलिक संरचना है। अपना राज्य झारखंड इस मामले में अलग है। सर्वे में जो बातें सामने आयी हैं,वह यह बताती है कि यह सर्वे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कम की गयी हैं। झारखंड में कई ऐसे गांव हैं जो आज भी सरकार की विकास योजनाओं से महरूम हैं। कहने का अभिप्राय यह कि यहां तक पहुंचना कठिन है। यहां के हालात काफी जटिल हैं। उसकी एक बड़ी वजह कृषि है। बारिश पर्याप्त मात्रा में नहीं होने की वजह से यहां के नौजवान नौकरी के लिए अन्य जगहों पर पलायन करने को मजबूर हो जायेगें। ऐसे में बेरोजगारी और बढ़ेगी। दूसरी तरफ सूखे की वजह से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ने का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि रविवार की बारिश ने फिर से किसानों की उम्मीद बढ़ा दी है। अब देखना है बारिश कितने दिनों तक प्रवाह में रहेगी। बेरोजगारी का नाता राज्य में कृषि से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में अन्नदाता की उम्मीदों के आकाश से बहुत कुछ तय होता है। बेरोजगारी किसी भी सभ्य समाज के लिए अभिशाप है। सरकार से अपेक्षा है कि वह इस दिशा में कारगर कदम उठायेगी।

**हालांकि शहरी इलाकों की बेरोजगारी में गिरावट आयी है। फिलहाल इसकी दर 7.87 फीसदी है। सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य छत्तीसगढ़ है। झारखंड में बेरोजगारी की दर देश के औसत से कम है। आंकड़ों की मानें तो पिछले कुछ वर्षों में इसकी गिरावट देखने को मिली है।**

# लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में दक्षता : नये भारत की विकास गाथा



***भारत*** आज विकास की ऊंची उड़ान भरने को तैयार है। वैश्विक स्तर पर सभी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत की लॉजिस्टिक्स संबंधी रेटिंग बेहतर होते जाने के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स से जुड़ी इसकी बाधाएं दूर होती जा रही हैं। मैन्यूफैक्चरिंग और व्यापार के क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति बुनियादी ढांचे और निर्यात-आयात (एक्जिम) संबंधी लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने से संबंधित सुधारों के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। बुनियादी ढांचे को अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण विकास इंजन के रूप में पहचानते हुए, प्रधानमंत्री की गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसे सुधारों ने सामानों एवं यात्रियों की आवाजाही के लिए लॉजिस्टिक्स से जुड़े बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स संबंधी सेवाओं में सुधार पर ध्यान केन्द्रित किया है। और बहुत ही कम समय में, इन सुधारों के परिणाम दिखाई देने लगे हैं। विश्व बैंक ने लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) से संबंधित 2023 की अपनी रिपोर्ट में लॉजिस्टिक्स से जुड़ी उन्नत दक्षता की दिशा में भारत द्वारा की गई प्रगति को स्वीकार किया है। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 139 देशों के एलपीआई के बारे में जानकारी साझा करती है और भारत को इस सूचकांक में 38वें स्थान पर रखती है, जोकि 2018 में हमारी रैंक की तुलना में छह स्थान ऊपर है। एलपीआई छह व्यापक मापदंडों पर आधारित 'गुणात्मक धारणाओं का एक सर्वेक्षण-आधारित परिमाणीकरण' है, जो सीमा शुल्क, बुनियादी ढांचे, अंतरराष्ट्रीय लदान (शिपमेंट), लॉजिस्टिक्स संबंधी क्षमता एवं लॉजिस्टिक्स से जुड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता, निगरानी एवं जानकारी जैसे पहलुओं पर विचार करता है। विश्व बैंक एक ऐसी उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदाहरण देता है, जिसने 2015 से देश के पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों तटों पर स्थित बंदरगाहों को सुदूर इलाकों में स्थित आर्थिक केन्द्रों से जोड़ते हुए बुनियादी ढांचे एवं विभिन्न प्रौद्योगिकियों में निवेश किया है। अन्य कारकों के अलावा, इस तरह के निवेश के कारण ही बंदरगाहों पर कंटेनरों के ठहराव के समय के मामले में भारत का प्रदर्शन कई विकसित देशों की तुलना में कहीं बेहतर है। मई से लेकर अक्टूबर 2022 के बीच, भारत में कंटेनरों के ठहराव का समय न्यूनतम 3 दिन था, जबकि संयुक्त अरब अमीरात एवं दक्षिण अफ्रीका के मामले में यह समय 4 दिन, अमेरिका के मामले में 7 दिन और जर्मनी के मामले में 10 दिन था। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट भारत को एक ऐसे देश के रूप में प्रस्तुत करती है, जिसने नेशनल लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक सर्विसेज लिमिटेड (एनएलडीबीएसएल) जैसे डिजिटलीकृत प्लेटफॉर्म के उपयोग के जरिए आपूर्ति श्रृंखला में दृश्यता ला दी है। शुरू में, माल की स्थिति का पता लगाने वाले (कार्गो ट्रेसिंग) इस प्रकार के तंत्र का शुभारंभ 2016 में देश के पश्चिमी तट पर किया गया था और आज इस तंत्र के दायरे में सभी प्रमुख बंदरगाह और निजी बंदरगाह आते हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए अगर कहें तो 'माल की निगरानी (कार्गो ट्रैकिंग) व्यवस्था की शुरूआत के साथ, देश के पूर्वी तट पर स्थित विशाखापत्तनम बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव का समय 2015 में 32.4 दिन से घटकर 2019 में 5.3 दिन रह गया।' देश के उज्जवल भविष्य के निर्माण में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, भारत सरकार ने आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निगरानी रखने हेतु एक डिजिटल प्रणाली के रूप में लॉजिस्टिक्स डेटाबैंक प्रोजेक्ट (एलडीबी) का शुभारंभ किया था। एलडीबी, एक्जिम कंटेनर की आवाजाही के बारे में वास्तविक समय में विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु आपूर्ति श्रृंखला में कार्यरत विभिन्न एजेंसियों के पास उपलब्ध डिजिटल जानकारी को एकत्रित व व्यवस्थित करता है। यह प्लेटफॉर्म भारत के एक्जिम कंटेनर की शत-प्रतिशत मात्रा को संभालता है। इस पर एक मोबाइल ऐप के साथ-साथ एक पोर्टल के जरिए माल पाने वालों (कान्साइनी) के लिए जानकारी पाने की सुविधा उपलब्ध है। इस तरह, एलडीबी दृश्यता प्रदान करता है और भारत के कंटेनरीकृत एक्जिम लॉजिस्टिक्स से संबंधित बिग डेटा एनालिटिक्स को सक्षम बनाता है। जुलाई 2016 में अपना कामकाज शुरू करने बाद से, एलडीबी ने 60 मिलियन एक्जिम कंटेनरों की निगरानी की है। भारत के शत-प्रतिशत कंटेनरीकृत एक्जिम कार्गो की निगरानी करने और उनका पता लगाने हेतु आरएफआईडी, आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और बिग डेटा एनालिटिक्स से संबंधित प्रौद्योगिकियों के संयोजन के साथ, एलडीबी ने प्रमुख भारतीय बंदरगाहों, सबसे व्यस्त टोल प्लाजा, लगभग 400 कंटेनर फ्रेट स्टेशनों (सीएफएस)/ अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) और बंदरगाहों पर खाली यार्ड, विशेष आर्थिक क्षेत्रों और यहां तक कि नेपाल एवं बांग्लादेश की सीमाओं पर स्थित एकीकृत चेक पोस्ट के साथ भी तालमेल बिठाया है। आरएफआईडी से संबंधित आंकड़ों को हासिल करने के उद्देश्य से एसपीवी द्वारा माल ढुलाई के लिए सर्पित गलियारों (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) सहित सभी प्रमुख सड़क एवं रेल मार्गों पर लगभग 3000 आरएफआईडी रीडर स्थापित किये गये हैं। एलडीबी द्वारा हासिल एवं व्यवस्थित किये गये आंकड़ों का विभिन्न प्रकार से विश्लेषण किया जाता है। इन विश्लेषणों में बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव के समय की गणना, माल की आवाजाही के क्रम में होने वाले भीड़भाड़ का विश्लेषण, कंटेनर की आवाजाही की गति का विश्लेषण, प्रदर्शन संबंधी मानदंड, आवागमन में लगने वाले समय का विश्लेषण (बंदरगाह से सीएफएस या इसके उलट) आदि शामिल है। ये विश्लेषण मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक आधार पर किये जाते हैं और सभी संबंधित मंत्रालयों, बंदरगाह के प्राधिकारियों, टर्मिनल के संचालकों, सीमा - शुल्क से जुड़ी एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ साझा किये जाते हैं। दूसरी ओर, संबंधित एजेंसियों द्वारा कठिनाई पैदा करने वाले बिंदुओं और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान करने हेतु नियमित विश्लेषणों का उपयोग किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों के एलडीबी के आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि कंटेनरों की निकासी मामले में आईसीडी और सीएफएस के प्रदर्शन में सुधार के अलावा कंटेनर को संभालने से जुड़े प्रदर्शन, सड़क मार्ग से गुजरने वाले कंटेनरों की निकासी, प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति के मामले में भी सुधार हुआ है। दिल्ली-मुंबई मार्ग और मुंद्रा बंदरगाह को जोड़ने वाले मार्ग जैसे प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति भी 2018 की तुलना में बेहतर हुई है। **आईएएस, विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय) भारत सरकार; तथा एनआईसीडीसी की सीईओ एवं एमडी**

**विश्व बैंक ने लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) से संबंधित 2023 की अपनी रिपोर्ट में लॉजिस्टिक्स से जुड़ी उन्नत दक्षता की दिशा में भारत द्वारा की गई प्रगति को स्वीकार किया है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने अश्वत्थामा की कथा

***भीम कृष्ण*** जी की युक्ति समझ गए और उस हाथी को मार कर गुरु द्रोण के सामने चले गए और कहने लगे की गुरुवर मैंने अश्वत्थामा को मार डाला पर द्रोणाचार्य को भरोसा नहीं हुआ उन्होंने अपने सारथि को कहा की रथ को युधिष्ठिर की तरफ ले चलो। युधिष्ठिर के रथ के सामने पहुँचते ही उन्होंने युधिष्ठिर से कहा कि क्या ये सत्य है कि अश्वत्थामा की मृत्यु हो चुकी है। तब युधिष्ठिर ने कहा कि हाँ अश्वत्थामा मारा गया परंतु हाथी। लेकिन जिस वक्त युधिष्ठिर ने कहा परन्तु हाथी उस समय कृष्ण ने शंखनाद कर दिया था जिससे गुरु द्रोण को लगा की अश्वत्थामा उनका पुत्र मारा गया इस तरह युधिष्ठिर के मुँह से झूठ नहीं निकला। ये बात धर्मराज युधिष्ठिर के मुंह से सुनने के बाद द्रोणाचार्य शोक में डूबकर अपने सारे शस्त्र जमीन पर डाल दिये और शोक मनाने लगे शोक में डूबे हुए द्रोणाचार्ये को निहत्था पाकर द्रौपदी के भाई धृिश्टद्युमन ने उनका सर धड़ से अलग कर दिया। पिता की मौत से अश्वत्थामा बहुत गुस्से में था। उसे पांडवो पर बहुत गुस्सा आ रहा था उसने महाभारत के युद्ध के बाद ठान लिया की वो पाँचों पांडवो को मार डालेगा। वो पांडवो के शिविर तक गया और द्रोपदी के बेटों को पांडव समझ कर मार दिया। जब द्रौपदी को ये बात पता चली तो उसने अर्जुन सहित सभी पांडवो को अस्वत्थामा को लाने को कहा अर्जुन ने कसम खाई थी की वो अस्वत्थामा को द्रौपदी के सामने ले जाकर उसे दंड देगा सभी पांडव कृष्ण जी के साथ अश्वत्थामा को लेने गए। वहाँ पर अश्वत्थामा से छोटा सा युद्ध हुआ जिसमे अश्वत्थामा ने सभी पांडवो को मारने के लिए ब्रम्हास्त्र का प्रयोग किया।

*(क्रमशः)*

# पंचायत चुनाव प्रबंधन, 'दीदी! जरा सीखें योगी से'




आर.के.सिन्हा

***उत्तर*** प्रदेश में मई महीने में पंचायत चुनाव हुए और पश्चिम बंगाल में इसी जुलाई में। दोनों ही देश के आबादी और क्षेत्रफल के लिहाज से खास राज्य हैं। पर पंचायत चुनाव के दौरान जहां यूपी में पूर्ण शांति रही, वहीं पश्चिम बंगाल ने हिंसा, आगजनी और निर्मम हत्याएं होती देखीं। राजनीतिक एकाधिकार के लिए पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा की संस्कृति अन्य भारतीय राज्यों की तुलना में कहीं अधिक विद्रूप रूप धारण कर गई है। देखा जा रहा है कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पों की संस्कृति, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में हाल के कुछ वर्षों में यहां कुछ ज्यादा ही फली-फूली है। पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए पंचायत चुनाव के दौरान खूब खूनखराबा हुआ जिसमें तीन दर्जन से अधिक राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। यह इस बात की पुष्टि करता है कि दीदी यानी ममता बनर्जी की सरकार सत्ता की हनक को बरकरार रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं। लेकिन, ममता बनर्जी भूल जाती हैं कि कोई भी सरकार कल्याणकारी राज्य के तौर पर काम करती है और कानून का राज उसकी एक अहम शर्त होती है। आज भले ही पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पंचायत चुनाव में जीत का जश्न मना रही है, लेकिन इस जश्न में उन परिवारों की चीत्कार का कोई मायने नहीं है जिनके परिजन चुनावी हिंसा के शिकार हो गये। निश्चित रूप से खून से सने पोलिंग बूथ, टूटी मतपेटियां और बुलेट-बम की खौफनाक तस्वीरें भी जीत के जश्न में कहीं खो जायेंगी, क्योंकि; यह सब बंगाल की नियति से जुड़ गई हैं। शायद इसीलिए आम लोगों के बीच उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्ण चुनाव की चर्चा जोर पकड़ने लगी है। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में हुए पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न हुए थे। इसलिए कहने वाले कह रहे हैं कि ममता बनर्जी को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चुनाव प्रबंधन सीखना चाहिए। पुराना इतिहास चुनावी हिंसा काः दरअसल पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा का इतिहास बहुत पुराना है लेकिन, अगर हम आजादी के बाद की बात करें तो 1960 के दशक के अंत में पश्चिम बंगाल की राजनीति में वाम मोर्चा एक ताकतवर दल के रूप में उभरा, जिसके कारण राजनीतिक हिंसा की संस्कृति स्थापित हुई। वाम मोर्चे ने जैसे-जैसे कांग्रेस के प्रभुत्व को चुनौती देना शुरू किया, दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें रोजमर्रा की घटनाएं बन गईं। 17 मार्च 1970 को पूर्व बर्धमान जिले में हुए सैनबाड़ी नरसंहार, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या की गई और 27 फरवरी 1971 को कोलकाता में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के अध्यक्ष हेमंत बसु की हत्या से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। इन घटनाओं ने राजनीतिक सत्ता को बरकरार रखने के लिए 'बंदूक संस्कृति' की नींव रखी। 1998 में ममता बनर्जी की ओर से टीएमसी के गठन के बाद वर्चस्व की लड़ाई ने हिंसा का नया दौर शुरू किया। उसी साल हुए पंचायत चुनावों के दौरान कई इलाकों में भारी हिंसा हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2018 के पंचायत चुनाव के दौरान 23 राजनीतिक हत्याएं हुई थीं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख भी है कि साल 2010 से 2019 के बीच पश्चिम बंगाल में 161 राजनीतिक हत्याएं हुई और पश्चिम बंगाल इस मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर रहा।

**आज भले ही पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पंचायत चुनाव में जीत का जश्न मना रही है, लेकिन इस जश्न में उन परिवारों की चीत्कार का कोई मायने नहीं है जिनके परिजन चुनावी हिंसा के शिकार हो गये।**

राजनीति


## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

सुलगता हुआ उत्साह चतुराई और सतत प्रयास यही वे गुण है जो सफलता के लिए ज़रुरी होते हैं ।

# भारतीय वेद व विश्व शांति की प्रार्थना



हृदयनारायण दीक्षित

***भारत*** अव्याख्येय है। राष्ट्र रूप में भारत की व्याख्या कठिन है। यह सामान्य राष्ट्र राज्य नहीं है। भूमि का साधारण खण्ड नहीं है। सामान्य इतिहास या भूगोल नहीं है। इस धरती के लोग सदियों से व्यक्तिगत हित की तुलना में विश्व लोकमंगल की आराधना में संलग्न रहे हैं। भारत की अनुभूति संसार में अद्वितीय है। यह एक प्रेमपूर्ण गीत है। हम सब के अंतस का छंदस है भारत। भारत और भारतीय संस्कृति विश्व के विद्वानों के लिए शोध का विषय रहे हैं। ऋग्वेद में एक सुंदर मंत्र में भारत बोध की झांकी है, 'हे सोम देव जहां सदा नीरा नदियां बहती हैं। प्रचुर अन्न होता है। कृषि धन धान्य देती है। जहां मुद, मोद, प्रमोद विस्तृत हैं। हम उसी भूखंड में आनंदित रहना चाहते हैं।' संविधान की उद्देशिका 'हम भारत के लोग' वाक्य से प्रारम्भ होती है। उद्देशिका के 4 शब्द महत्वपूर्ण है। हम भारत के लोगों की राष्ट्रीय संरचना का आधार जाति, पंथ, मत, मजहब नहीं है। ऐसा होता तो संविधान निर्माता उद्देशिका में दर्ज करते कि, 'हम भारत के अगड़े, पिछड़े जाति और पंथ से जुड़े लोग संविधान बनाते हैं।' वैदिक काल की सबसे छोटी, सुसंगठित और प्रीतिपूर्ण इकाई परिवार है। गण कई परिवारों से मिलकर बने समूह हैं। गण महत्वपूर्ण है। सभी गणों में परस्पर सम्बंध थे। राष्ट्रगान में जन के साथ गण हैं। गण नाम के इस छोटे से समूह नेता गणपति कहा जाता था। जैसे गण का नेता गणपति होता था वैसे ही गण का आराध्य देवता गणेश। गणेश गण और ईश से मिलकर बना शब्द है। बृहस्पति के लिए ऋग्वेद में स्तुति है - गणानां त्वा गणपतिं - आप विद्वान हैं। गणपति हैं। गण परस्पर प्रीति और प्यार में साधनारत एक सामूहिक इकाई थी। वैदिक इतिहास में अनेक गण हैं। देवताओं के समूह भी गण हैं। जैसे मरुदगण, रूद्रगण आदि। सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से गण टूट कर जन नाम की बड़ी इकाई में बदल गये। तब अनेक जन थे। लेकिन पांच जनों की चर्चा ज्यादा है। ये पंचजन अनु, द्रुह्यु , यदु, तुर्वश और पुरु थे। सरस्वती वैदिक काल की प्रसिद्ध नदी हैं। उनसे स्तुति है कि आप पांच जनों को समृद्धि देती हैं। जन गण से बड़े जनसमूह थे। इनका उल्लेख वैदिक साहित्य में विद्यमान है। भारतीय संस्कृति उदात्त और विश्ववरेण्य है। इस संस्कृति के प्रति दुनिया के तमाम देशों का आदर भाव रहा है और आज भी है। वैदिक ऋषियों का संकल्प ध्यान देने योग्य है। कहते हैं, 'कृण्वंतों विश्वं आर्यं - हम विश्व को आर्य बनाना चाहते हैं। हम किसी भी राष्ट्र राज्य पर आक्रमण के इच्छुक नहीं हैं।' भरतीय इतिहास में किसी दूसरे देश को जीतने की इच्छा नहीं मिलती। हाल ही में विश्व मुस्लिम लीग के प्रमुख मोहम्मद बिन अब्दुल करीम अल ईसा भारत आये थे। इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में अल ईसा ने भारत के ज्ञान और संविधान की प्रशंसा की है। विश्व मुस्लिम लीग दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम संगठनों में गिना जाता है। इसके प्रमुख अल ईसा ने भारत को शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का सुंदर उदाहरण बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अल ईसा से भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी को गहरा करने पर विचारों के आदान प्रदान की बातें कीं। उन्होंने अल ईसा के साथ हुई बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि हमने अंतरधार्मिक वार्ता को आगे बढ़ाने, चरमपंथी विचारधाराओं का मुकाबला करने व वैश्विक शांति को बढ़ावा देने पर बातचीत की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति की चर्चा होती है।

**इस धरती के लोग सदियों से व्यक्तिगत हित की तुलना में विश्व लोकमंगल की आराधना में संलग्न रहे हैं। भारत की अनुभूति संसार में अद्वितीय है। यह एक प्रेमपूर्ण गीत है।**

देश-विदेश

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में चार की मौत व एक गंभीर

**रायपुर।** राजनांदगांव जिले में सोमवार को दो बाइकों में आमने-सामने की भीषण टक्कर में चार बाइकसवारों की मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए हैं। पुलिस ने शवों को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना छुरिया-डोंगरगांव मार्ग पर बोईरडीह में एक पल्सर प्रो से शिव नेताम, मोमेंद्र कुंजाम और तिलक मंडावी छुरिया से पांडेटोला की ओर जा रहे थे। जबकि शिकारीमहका गांव से आ रही एक अन्य बाइक पर हितेश चौरे और दिलीप गोंड़ छुरिया सवार थे। दोपहर करीब 12 बजे पुल पर दोनों बाइकों की आमने-सामने से टक्कर हो गई। दोनों की रफ्तार काफी तेज थी। दुर्घटना में दोनों बाइकों पर सवार चारो लोगों हितेश चौरे, दिलीप गोंड़ छुरिया, शिव नेताम और मोमेंद्र कुंजाम की मौत हो गई। जबकि एक अन्य सवार तिलक मंडावी गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि दुर्घटना में हितेश चौरे की मौके पर ही मौत हो गई थी, दिलीप गोंड़ को घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जबकि पल्सर सवार शिव और मोमेंद्र की भी मौत हो गई।

### एनडीआरएफ के जवानों ने 500 से अधिक लोगों की जान बचाई

**मथुरा।** बाढ़ से प्रभावित इलाकों में लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) पूरी तरह से मुस्तैद हैं। जान हथेली पर रखकर रेस्क्यू ऑपरेशन कर एनडीआरएफ के जवानों ने करीब पांच सौ से अधिक लोगों की जान बचाई हैं। यमुना नदी का पानी अब जिले के कई इलाके में पहुंच गया है। मथुरा, वृंदावन के हजारों घर जलमग्न हो चुके हैं। घरों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए एनडीआरएफ और इलाका पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। इसी के तहत एनडीआरएफ ने अब तक 500 से ज्यादा लोगों की जान बचा चुके हैं। गौरतलब हो कि मथुरा में बाढ़ ने कोहराम मचाया तो केंद्र सरकार ने लोगों की मदद के लिए एनडीआरएफ की दो टीम मथुरा के लिए रवाना कर दी। एक टीम गाजियाबाद से तो दूसरी टीम बनारस से आई है। दोनों टीमों में 50 से अधिक जवान हैं। इनके पास लाइफ सपोर्ट सिस्टम, वोट और रेस्क्यू करने का सभी सामान है। शहर में लोगों को बचाने का जिम्मा गाजियाबाद की टीम ने संभाला है तो देहात इलाके में बनारस से आई टीम मोर्चा संभाले हुए हैं।

### पुलिस ने सुलझाई लेकटाउन फायरिंग की गुत्थी, पांच गिरफ्तार

**कोलकाता।** लेक टाउन में सरेआम गत 13 तारीख को दमकल कर्मी स्नेहाशीष रॉय की गोली मारकर हत्या मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान अफरोज अंसारी, आयुष शर्मा, आकाश, सागर और राहुल के तौर पर हुई है। विधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के डिप्टी कमिश्नर बिशॉप सरकार ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 13 तारीख को स्नेहाशीष जब स्कूल से अपनी बच्ची को लेकर घर लौटे और मोटरसाइकिल खड़ी कर रहे थे तभी पीछे से उन्हें प्वाइंट ब्लैंक रेंज से गोली मार दी गई। उनकी पत्नी जब उन्हें आर.जी. कर अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के दो घंटे के अंदर अफरोज अंसारी और आयुष शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया था। आयुष ने स्वीकार किया था कि उसी ने स्नेहाशीष को गोली मारी थी।

सीएम नीतीश ने प्रदेश भर से आए 62 फरियादियों की समस्या सुनी, अधिकारियों को दिए निर्देश

# समस्याओं का जल्द निष्पादन करें

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जनता दरबार में विभिन्न जिलों से पहुंचे 62 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में पूर्वी चंपारण जिले से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा हमारे पंचायत में नल-जल योजना के अंतर्गत जो पेयजल की आपूर्ति की जाती है वह साफ नहीं रहता है। इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी अब तक किसी प्रकार का कोई सुधार नहीं हुआ है, जिससे हमलोग दूषित पानी पीने को विवश हैं। मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कटिहार जिले से आयी एक आंगनबाड़ी सेविका ने गुहार लगाते हुए मुख्यमंत्री से कहा कि सीडीपीओ के द्वारा मुझे लगातार तंग किया जाता है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।



पूर्वी चंपारण जिले से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने के लिए कहा गया था, जो अब तक नहीं बन पाया है। इसके बन जाने से यहां के लोगों को सुविधा होगी। वहीं पूर्वी चंपारण जिले से ही आए एक अन्य फरियादी ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि बाढ़ आपदा के लिए दी जानेवाली सहायता राशि वर्ष 2021 का अबतक नहीं मिला है। को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पूर्णिया जिले से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए कहा कि परमान नदी के कटाव से गांव के लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, इस समस्या का निदान निकाला जाए। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अररिया जिले से आए एक वृद्ध ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि कोरोना से मृत्यु के मामले में अब तक अनुग्रह राशि का लाभ नहीं मिल सका है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुजफ्फरपुर जिले से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि जन वितरण प्रणाली की दूकान को अनुचित ठहराते हुए रद्द कर दिया गया था । उसको फिर से शुरू करने के लिए मोटी रकम की मांग की जा रही है। मुख्यमंत्री ने खाद्य एव उपभोक्ता संरक्षण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सीवान जिले से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे गांव में 300 मीटर तक सड़क का निर्माण नहीं होने से गांव के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बक्सर जिले से आये एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि गांव की सड़क को किसी मुख्य सड़क से नहीं जोड़े जाने से गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग से समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### भोपाल-दिल्ली वंदेभारत के सी-14 कोच में लगी आग

**भोपाल।** भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन की ओर जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन के सी-14 कोच में सोमवार सुबह कुरवाई कैथोरा स्टेशन के पास अचानक आग लग गई। इससे ट्रेन के यात्रियों में अफरातफरी मच गई। आग कोच के नीचे लगे बैटरी बॉक्स में लगी थी। बीना रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन को रोका गया। जैसे ही ट्रेन रुकी, सारे यात्री गाड़ी से सामान सहित बाहर निकल आए। सूचना पर बीना नगर पालिका व रिफाइनरी की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों और रेलवे की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद करीब तीन घंटे की देरी से ट्रेन रवाना हुई। बीना से रेलवे ने ट्रेन के साथ दुर्घटना राहत यान भी रवाना किया है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 20171 वंदेभारत एक्सप्रेस सुबह 5:40 बजे रानी कमलापति स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन के लिए रवाना हुई थी। बीना के पहले 7:10 बजे कुरवाई कैथोरा स्टेशन के समीप ट्रेन के सी-14 कोच के नीचे से अचानक धुआं निकला और आग लग गई।

## छत्तीसगढ़ी ओलंपिक पारंपरिक खेलों का समागम : भूपेश



**एजेंसी रायपुर**

पारंपरिक खेलों का छत्तीसगढ़ी ओलंपिक की हरेली पर्व से शुरूआत हुई। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी खेलों के रंग दिखेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को रायपुर के ग्राम पंचायत नवागांव में हरेली पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ गेड़ी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्यमंत्री ने खेल सामग्री का वितरण भी किया।

दरअसल, यह छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन का दूसरा वर्ष है। इसकी लोकप्रियता देखते हुए पहली बार रस्सी कूद और कुश्ती जैसे खेल भी शामिल किए गए हैं। इस बार छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 16 पारंपरिक मुकाबलों के साथ छह चरणों में संपन्न होगी। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में तीन अलग-अलग आयु वर्ग में 30 लाख से ज्यादा महिला एवं पुरूष प्रतिभागी हिस्सा लेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा आज के ही दिन तीन साल पहले गोधन न्याय योजना की शुरूआत की। हरेली साल का पहला त्योहार है। किसान कृषि औजार और गौमाता की पूजा करते हैं। बच्चे गेड़ी चढ़कर यह उत्सव मनाते हैं। इस बार हमारे प्रदेश में अच्छी बारिश हुई है। 18 जुलाई से रोपा आरंभ हो जाएगा। इस साल अच्छी फसल होने की उम्मीद है। इस साल आपको 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान बेचना है। भूपेश बघेल ने कहा कोरोना काल में भी हमने किसी को नुकसान नहीं होने दिया है।

## बंगलुरू में हाशिये पर रहेंगे नीतीश, कांग्रेस ड्राइविंग सीट परः सुशील

**एजेंसी। पटना**

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि विपक्षी एकता की पहली और दूसरी बैठक के बीच मात्र 24 दिनों के भीतर नीतीश कुमार हाशिये पर आ गये। शरद पवार की पार्टी टूट गई , कांग्रेस ड्राइविंग सीट पर आ गई और बिहार-यूपी में जीतन राम मांझी, ओम प्रकाश राजभर, चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा के एनडीए की ओर आने से विपक्ष कमजोर हुआ। सुशील मोदी ने आज यहां कहा कि विपक्षी एकता की बंगलुरू बैठक में जिन आठ नए दलों के जुड़ने की बात कही जा रही है, उनमें चार केरल और चार तमिलनाडु के छोटे-छोटे दल हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत के जिन दो राज्यों में भाजपा का प्रभाव बहुत कम है, वहां के इन



चंद दलों के विपक्ष के साथ जुड़ने-न जुड़ने से राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं। यह केवल परसेप्शन बनाने का खेल है। उन्होंने कहा कि अपना घर ठीक करने और टूट का घाव भरने में लगे शरद पवार बंगलुरू पहुचेंगे भी या नहीं, अभी कहना कठिन है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बंगलुरू बैठक में भाग लेंगी, लेकिन सोनिया गांधी की दावत में शामिल न होकर एकता में पड़ी गांठें भी जाहिर करेंगी। उन्होंने कहा कि ये वही ममता दीदी हैं, जिनके पश्चिम बंगाल में हाल के पंचायत चुनाव में भाजपा ही नहीं, कांग्रेस-माकपा के भी दर्जनों कार्यकताओं की हत्या हुई, लेकिन किसी विपक्षी नेता को लोकतंत्र की हत्या नहीं दिखी। उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता के नाम पर केवल भाजपा-विरोध की राजनीति हो रही है।

## 'नशा मुक्त भारत' का संकल्प साकार करने को प्रतिबद्ध है उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में सोमवार को ड्रग तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा विषयक क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, गोआ, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, लक्ष्यद्वीप, चंडीगढ़ आदि राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, और मुख्यमंत्रियों की वर्चुअल उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस सम्मेलन को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मादक पदार्थों से न केवल देश की युवा पीढ़ी का नुकसान हो रहा है, बल्कि यह समाज व राष्ट्र की भी क्षति कर रहा है। इसलिए इन पर प्रभावी रोक लगाया जाना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश में इस



दिशा में प्रतिबद्धता के साथ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं गृह एवं सहकारिता मंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने मादक पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनायी है। नशा मुक्त भारत बनाने की भारत सरकार की कटिबद्धता में पूरा सहयोग देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार तत्पर है। आज इस क्षेत्रीय सम्मेलन के मौके पर आप सभी की वर्चुअल उपस्थिति में उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 984 अभियोगों के तहत कुल 4146.75 किलोग्राम मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया है। गृह मंत्री के दिशानिर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश में एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति तथा सभी 75 जनपदों में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है। प्रदेश में एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की कुल 04 बैठकें हुई हैं।

प्रथम राज्य स्तरीय बैठक में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन का निर्णय लिया गया। द्वितीय बैठक में आबकारी नीति में बदलाव करते हुए सभी रेस्टोरेंट, पब, बार आदि पर स्टील प्लेटेड चेतावनी बोर्ड लगवाना अनिवार्य किया गया। तृतीय बैठक में एडवांस्ड डाटा प्रोसेसिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट और अफीम पोस्त फसल की सेटेलाइट मैपिंग और विनष्टीकरण का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री स्तरीय समिति की बैठक में सभी जनपदों में एनकॉर्ड के गठन और जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठकों के आयोजन के निर्देश दिए गए। सभी 75 जनपदों में एनकॉर्ड का गठन कर लिया गया है।

## शिक्षा के बिना जीवन सूना, इसलिये स्कूल चलें हमः मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, इसलिये स्कूल चलें हम। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 23 साल पहले इस अभियान की शुरूआत की थी। तब से यह अभियान निरंतर जारी है। शिक्षा के दरवाजे से दुनिया के सारे राज खुलते हैं। हम पढ़ें, आगे बढ़ें और सूरज सा चमकें। एकाग्रचित होकर पढ़ोगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। अर्जुन श्रेष्ठ विद्यार्थी था, उसे हमेशा चिड़िया की आंख दिखाई देती थी। आप भी अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त हों। और पढ़ाई के प्रति जीवन मे ईमानदार हों



मुख्यमंत्री चौहान सोमवार को आज शाजापुर के गुलाना में स्कूल चलें हम अभियान 2023 के शुभारंभ पर विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने सीएम राईज स्कूल गुलाना का लोकार्पण कर नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने घंटी बजाकर शाला प्रारंभ होने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदेश में 9 हजार सर्व-सुविधायुक्त सीएम राईज स्कूल खोले जा रहे हैं, जिनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। स्मार्ट क्लास में दिल्ली और मुंबई के शिक्षक भी बच्चों को पढ़ा सकेंगे। 'अटल टिंकरिंग लेब' बच्चों में नवाचार और रचना कौशल बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। सीएम राईज स्कूल इसी उद्देश्य के साथ खोले गये हैं। सीएम राईज विद्यालय, स्मार्ट क्लास, आधुनिक लैब, लाइब्रेरी, खेल-मैदान और अन्य सुविधाओं से युक्त होंगे। उन्होंने आदर्श सीएम राईज विद्यालय बनाये जाने के लिए शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और स्कूल शिक्षा विभाग की सराहना की।

## मोदी को तीसरी बार पीएम बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकतीः दारा

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी से त्यागपत्र देने वाले दारा सिंह चौहान ने सोमवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को दारा सिंह चौहान ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान दारा सिंह चौहान ने कहा कि पीएम मोदी जिस तरह से काम कर रहे हैं, उससे 2024 के चुनाव में दोबारा मोदी ही पीएम बनेंगे। दुनिया की कोई ताकत उनको रोक नहीं सकती है। उन्होंने आगे कहा, मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में जिस तरह से गरीबों के लिए काम हो रहा है। उससे लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत तय है। पूरी 80 सीटें भाजपा ही जीतेगी। आज दुनिया के तमाम मुल्क प्रधानमंत्री मोदी के पीछे चलने के लिए परेशान हैं। भाजपा के सिपाही के रूप में मेरी घर वापसी हुई है। पीएम मोदी की इज्जत धरती पर ही नहीं। आसमान पर भी हो रही है।



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस दौरान कहा कि दारा सिंह चौहान देश की राजनीति समझने वाले हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा ने 73 सीटें जीती थीं। 2019 में महागठबंधन के सामने हमने 64 सीटें जीती थीं। 2024 में 80 सांसदों की फौज तैयार हो रही है। 2024 में यूपी में एकतरफा फूल खिलेगा।

उपलब्धि | आईआईटी कानपुर ने आईआईसीडी जयपुर के साथ किया एमओयू

# ग्रामीण कारिगर होंगे सशक्त, उत्पादों को मिलेगा बाजार

**एजेंसी। कानपुर**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बनाने और विभिन्न उत्पादों के लिए बाजार में मांग बढ़ाने के लिए भारतीय शिल्प और डिजाइन संस्थान जयपुर (आईआईसीडी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन पर आईआईटी कानपुर के डीन ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. ए.आर. हरीश और आईआईसीडी की निदेशक डॉ. तूलिका गुप्ता के बीच हस्ताक्षर किए गए। एमओयू स्थानीय कारीगरों को डिजाइन की समझ विकसित करने और बाजार की जरूरतों के अनुसार अपने उत्पादों की मांग बढ़ाने में मदद करेगा।



आईआईटी कानपुर की ओर से रंजीत सिंह रोजी शिक्षा केंद्र (आरएसके) एमओयू उद्देश्यों के कार्यान्वयन की देखरेख करेगा। आरएसके की स्थापना 2021 में आईआईटी कानपुर में आईआईटीके के पूर्व छात्र स्वर्गीय डॉ. रंजीत सिंह (बीटी/एमएमई/1965) और उनकी पत्नी मार्था कैरेनो के उदार योगदान से की गई थी। आरएसके आईआईटी कानपुर कई वर्षों से ग्रामीण समुदायों और कारीगरों के साथ काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य उनकी आजीविका का उत्थान करना है। केंद्र आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करता है और ग्रामीण युवाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देता है, जिससे वे उच्च गुणवत्ता वाले परिधान, बैग, पोटली और पाउच, मिट्टी के बर्तन और खाने के लिए तैयार स्नैक्स का उत्पादन करने में सक्षम होते हैं। आईआईटी कानपुर ने स्थानीय और ग्रामीण उत्पादों की बाजार अपील को बढ़ाने में डिजाइन इनपुट के महत्व को ध्यान में रखते हुए आईआईसीडी के साथ इस सहयोग की शुरूआत की है। आईआईसीडी का भारत में एक प्रसिद्ध शिल्प और डिजाइन संस्थान होने के नाते पूरे देश में शिल्प क्षेत्र को सशक्त बनाने का एक समृद्ध इतिहास है। यह सहयोग कारीगरों के उत्पादों की अपील बढ़ाने के लिए उनकी विशेषज्ञता को उनके करीब लाएगा। इस सहयोग का प्राथमिक उद्देश्य पारंपरिक कला और शिल्प रूपों को संरक्षित करना, उन्नत प्रक्रियाओं को विकसित करना और स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों के लिए अभिनव डिजाइन तैयार करना है, जिससे कारीगरों, शिल्प समुदायों और उपभोक्ताओं के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित हो सके। आईआईटी कानपुर और आईआईसीडी ने इन उत्पादों को अधिक उपयोगी और विपणन योग्य बनाने के उद्देश्य से शिल्प क्षेत्र के भीतर अनुसंधान, डिजाइन और विकास पर सहयोगात्मक रूप से काम करने की योजना बनाई है।

हमें इस परिवर्तनकारी पहल पर भारतीय शिल्प और डिजाइन संस्थान, जयपुर के साथ सहयोग करके खुशी हो रही है। शिल्प और डिजाइन क्षेत्र में उनकी समृद्ध विरासत के साथ अनुसंधान, डिजाइन और विकास में हमारी विशेषज्ञता को जोड़कर, हमारा लक्ष्य पारंपरिक कला रूपों को संरक्षित करके और विपणन योग्य उत्पाद बना कर ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बनाना है। हमें उम्मीद है कि यह साझेदारी उत्तर प्रदेश में सामाजिक-आर्थिक विकास में बड़े पैमाने पर योगदान देगी, एमओयू पर हस्ताक्षर करने पर आईआईटी कानपुर के डीन ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रोफेसर ए. आर. हरीश ने कहा। उत्तर प्रदेश के शिल्प और हस्तनिर्मित उत्पाद क्षेत्र के भीतर डिजाइन सोच के विकास को बढ़ावा देने के संयुक्त परियोजनाओं और सहयोगी गतिविधियों में शामिल होंगे।


### उज्जैनः सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**उज्जैन।** इंदौर रोड़ फोरलेन पर ग्राम पंथपिपलई में रविवार की रात सांवेर के युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया सांवेर के टाकून गांव का रहने वाला रवि पुत्र सत्यनारायण बैरागी मंदिर में पुजारी है। वह रविवार को महाकाल दर्शन के लिए बाइक से उज्जैन आया था। रात में लौटते समय उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सोमवार को शव का र्त्रे करवा कर शव परिजनों को सौपा। वहीं, रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर भोपाल से काम की तलाश में आए मजदूर का ट्रेन से कट गया। जीआरपी ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार पवन पुत्र वीरेंद्र प्रसाद मजदूरी के लिए उज्जैन आया था।

# नोवाक को हराने का सपना पूरा हुआ : अल्कराज

**एजेंसी। लंदन**

अपना पहला विंबलडन खिताब जीतने के बाद 20 वर्षीय कार्लोस अल्कराज ने खुलासा किया कि जब से उन्होंने टेनिस खेलना शुरू किया, तब से वह नोवाक जोकोविच को हराने और विंबलडन चैंपियनशिप जीतने का सपना देखते थे। सात बार के विंबलडन चैंपियन जोकोविच ने 2013 के बाद से सेंटर कोर्ट पर कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन अल्कराज ने रोमांचक पांच सेटों में 1-6, 7-6(6), 6-1, 3-6, 6-4 से जीत कर ग्रास-कोर्ट पर सर्बियाई खिलाड़ी के प्रभुत्व को समाप्त कर दिया। अल्कराज ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आज मैंने जो इतिहास रचा, वह मेरे जीवन का सबसे खुशी का पल है। मुझे लगता है कि यह लंबे समय तक नहीं बदलेगा। नोवाक को हराना, विंबलडन चैंपियनशिप जीतना, कुछ ऐसा है जिसका मैंने तब से सपना देखा था जब मैंने टेनिस खेलना शुरू किया था। यही कारण है कि यह यह मेरे जीवन का सबसे



बड़ा क्षण है। उन्होंने कहा, नोवाक को उसके पीक पर हराना, इतिहास बनाना, उस कोर्ट पर 10 साल तक अजेय रहने वाले को हराने वाला खिलाड़ी बनना, मेरे लिए आश्चर्यजनक है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा।

अल्कराज ने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनकी जीत अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा, यह नई पीढ़ी के लिए भी बहुत अच्छा है, मुझे लगता है कि मैं उन्हें यह सोचने पर मजबूर करूंगा कि वे भी ऐसा कर सकते हैं। यह मेरे लिए बहुत अच्छा है और मैं युवा खिलाड़ियों के लिए भी ऐसा सोचता हूं। अल्कराज ओपन एरा (1968 से) में 21 साल की उम्र से पहले कई प्रमुख खिताब जीतने वाले पांचवें खिलाड़ी बन गए। अल्कराज ने कहा, मैं रोलैंड गैरो से बिल्कुल अलग हूं। मैं उस पल के बाद से काफी बड़ा हो गया हूं। मैंने उस पल से बहुत कुछ सीखा है। जैसा कि मैंने फाइनल से पहले कहा था, मैंने उस मैच से सबक लिया। मैंने मैच से पहले कुछ अलग किया। मैंने मैच से पहले मानसिक रूप से कुछ अलग तैयारी की। मैं रोलांड गैरो की तुलना में दबाव से बेहतर तरीके से निपट सका।

## विंबलडन फाइनल देखने गई सोनम कपूर ने अल्कराज की तारीफ की



**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस और फैशन दिवा सोनम कपूर रविवार को अपने पति आनंद आहूजा के साथ कार्लोस अल्कराज और नोवाक जोकोविच के बीच विंबलडन का फाइनल मैच देखने गई। विंबलडन सेंटर कोर्ट में नजर आईं सोनम बेहद स्टाइलिश लग रही थीं। उन्हें बरबरी के डिजाइनर आउटफिट में देखा गया। उन्होंने ग्रीन कलर की चेकर्ड आउटफिट पहनी हुई थी। उन्होंने स्लीक लो-बन हेयरस्टाइल, ब्लैक सनग्लासिस और ब्लैक बैग के साथ लुक को पूरा किया। सोमवार को उन्होंने सेंटर कोर्ट से पति आनंद और अपने दोस्तों के साथ कई फोटोज भी शेयर किए। उन्होंने टिकट, फूड और खिलाड़ियों की क्लिपिंग की झलक भी पेश की। सोनम ने अल्कराज की एक तस्वीर भी साझा की। बता दें कि स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने विंबलडन फाइनल 2023 में सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पांच सेट में हराकर खिताब अपने नाम किया। एक्ट्रेस ने लिखा, ऐसी शानदार संगति के साथ देखना कितना अविश्वसनीय ऐतिहासिक मैच है! बेहद प्रतिभाशाली कार्लोस अल्काराज और अद्भुत नोवाक जोकोविच को बधाई!

# सीह सू-वेई और स्ट्राइकोवा ने महिला युगल वर्ग में जीता विंबलडन का खिताब

**एजेंसी। विंबलडन**

ताइवान की सीह सू-वेई और चेक गणराज्य की बारबरा स्ट्राइकोवा ने रविवार को यहां बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स और ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर को हराकर दूसरी बार विंबलडन का महिला युगल खिताब जीता। सू-वेई और स्ट्राइकोवा की जोड़ी ने फाइनल में बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को सीधे सेट में 7-5, 6-4 से हराया। सू-वेई ने बैकहैंड से दूसरा मैच प्वाइंट जीता जिससे 2019 की विंबलडन चैंपियनशिप जोड़ी ने विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़कर खिताब अपने नाम किया। स्ट्राइकोवा ने अपने बेटे के जन्म के बाद संन्यास से वापसी की है और उन्हें लगता है कि यह उनका आखिरी विंबलडन टूर्नामेंट है। स्ट्राइकोवा ने कहा, मैं इससे बेहतर अंत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। पिछले साल मैंने सू-वेई को एसएमएस



किया था कि एक साथ विंबलडन 2023 खेलने का प्रयास करते हैं। अब कोई कोविड नहीं है। उसने कहा कि हां ऐसा करते हैं। मजे करते हैं। अब हम ट्रॉफी के साथ खड़े हैं।'

## तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की इंग्लैंड टीम में वापसी

**लंदन।** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे एशेज टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को टीम में शामिल किया है, चौथा टेस्ट बुधवार से एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। श्रृंखला के पहले दो टेस्ट में 75.33 की औसत से तीन विकेट लेने के बाद एंडरसन को हेडिंग्ले में तीसरे टेस्ट में आराम दिया गया था। इंग्लैंड ने यह मैच 3 विकेट से जीता था। एंडरसन को ओली रॉबिन्सन के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। टीम में एक और महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है, जिसमें मोईन अली को नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने के लिए चुना गया। मोईन ने लीड्स में पहली पारी में नंबर 7 पर बल्लेबाजी की, लेकिन दूसरी पारी में उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया, जिससे हैरी ब्रुक अपने पसंदीदा नंबर 5 पर उतरे। मोईन की नंबर 3 पर पदोन्नति तब हुई, जब तीसरे टेस्ट की तीसरी शाम को, उन्होंने ब्रेंडन मैकुलम से संपर्क किया और फेरबदल का सुझाव दिया।

# राउरकेला स्टेडियम में खेलना मेरे जीवन का बहुत ही अनोखा अनुभव : भूमिक्षा

**एजेंसी। बेंगलुरु**

हॉकी इंडिया ने हाल ही में विश्व स्तरीय बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन किया, इस स्टेडियम ने इस साल की शुरूआत में एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 के दौरान दुनिया भर के खिलाड़ियों की मेजबानी की थी। हाल ही में संपन्न 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 आयोजन स्थल पर आयोजित चार राष्ट्रीय चैंपियनशिप में से एक थी, जहां भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड भूमिक्षा साहू ने हॉकी मध्य प्रदेश के लिए खेला और स्वर्ण पदक जीता। 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 में अपने अनुभव पर भूमिका ने कहा, इतना खूबसूरत स्टेडियम




मैंने पहली बार देखा, जब मैं पहली बार मैदान पर गई तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए। मैं कल्पना भी नहीं कर सकती कि विश्व कप में जब स्टेडियम समर्थकों से खचाखच भरा होगा तो कैसा महसूस हुआ होगा।" भूमिक्षा 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 की अग्रणी गोल स्कोरर थीं। उन्होंने 9 फील्ड और 9 पेनल्टी कॉर्नर सहित मध्य प्रदेश के लिए कुल 18 गोल किए। उन्होंने कहा, इस बार पूरी टीम एक इकाई के रूप में खेली और मेरे इतने गोल करने का एकमात्र कारण यह था कि टीम ने कड़ी मेहनत की और मेरे लिए गोल करने के मौके बनाए। टीम एकजुट हुई और बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेलने का आनंद लिया। मुझे लगता है कि राउरकेला में खेलना अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए एक अच्छा कदम था और अंतरराष्ट्रीय टीमों का सामना करते समय मुझे अधिक आत्मविश्वास मिलेगा। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम ने 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 की भी मेजबानी की, जहां सुरिंदर सिंह हॉकी चंडीगढ़ के लिए 11 गोल के साथ शीर्ष गोल स्कोरर थे।

सुरिंदर ने विश्व स्तरीय बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम पर टिप्पणी करते हुए कहा, पहला कदम अंतरराष्ट्रीय मानकों पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप खेलना था, अब हम एक शानदार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भी खेल चुके हैं, बस इन सुविधाओं का उपयोग करना और प्रदर्शन करना बाकी है। हॉकी चंडीगढ़ 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 के फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश से 2-4 से हार गया। सुरिंदर ने 31वें मिनट में गोल करके खेल को 2-2 से बराबर कर दिया, लेकिन यह वापसी के लिए पर्याप्त नहीं था, और चंडीगढ़ ने रजत पदक जीता।

उन्होंने कहा, अब हम जानते हैं कि ऐसे स्टेडियम में खेलना कैसा लगता है जहां दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलने आते हैं और इससे खिलाड़ियों को भारत के लिए खेलने के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। मुझे लगता है कि अगर अब मुझे भारी भीड़ के सामने रखा जाए तो मैं बहुत कम घबराऊंगा।'

**चहल ने धोनी के साथ अपने रिश्ते पर किया खुलासा**

# 'पूर्व कप्तान के सामने मेरी बोलती बंद हो जाती है'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल ने कहा कि वह अक्सर पूर्व कप्तान एमएस धोनी को लेकर चुप रहते हैं। अनुभवी लेग्गी ने महान क्रिकेटर धोनी के साथ अपने रिश्तों के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे वह धोनी के बारे में चुप रहना पसंद करते हैं। चहल ने 'द रणवीर शो' में बताया, वह (एमएस धोनी) एकमात्र व्यक्ति हैं, जिनके सामने आते ही मेरी बोलती बंद हो जाती है। मैं चाहे किसी भी तरह के मूड में हो, ज्यादा नहीं बोलता हूं। मैं बस शांत बैठता हूं और तभी जवाब देता हूं जब माही भाई कुछ पूछते हैं। अन्यथा, मैं चुप रहता हूं।" चहल ने 72 वनडे और 75 टी20आई में भाग लिया है और क्रमशः 121 और 91 विकेट लिए हैं। गौरतलब है कि 32 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल के इतिहास में सबसे




ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं, जिन्होंने 147 मैचों में 187 विकेट लिए हैं। युजवेंद्र चहल ने उस पल को याद किया जब धोनी ने 'ऑफ डे' के दौरान उनका समर्थन किया था। चहल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टी20 मैच के दौरान एक अजीबोगरीब घटना को याद किया, जिसमें उनके चार ओवरों में 64 रन बने थे। हालांकि, मैदान पर एक 'ऑफ डे' से निपटने के बावजूद, चहल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह धोनी ही थे जिन्होंने उनका समर्थन किया था और पूर्व खिलाड़ी से कहा था कि वह खुद को संभालें और परेशान न हों।

# यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल हार का मुझ पर गहरा असर पड़ा है : सिंधु

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने कहा है कि यूएस ओपन में गाओ फैंग जी से क्वार्टर फाइनल में मिली हार का उन पर गहरा भावनात्मक प्रभाव पड़ा है। अमेरिका के काउंसिल ब्लफ्स में सुपर 300 टूर्नामेंट में सिंधु को शुक्रवार को चीन की फैंग जी के खिलाफ 20-22, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने इंस्टाग्राम पर क्वार्टर फाइनल में फैंग जी की सराहना करते हुए कहा कि चीनी खिलाड़ी, जिसे उन्होंने इस महीने की शुरूआत में कनाडा ओपन क्वार्टर फाइनल में हराया था, ने इस बार अपनी कमजोरियों से सबक सीख कर उन्हें हरा दिया। सिंधु ने एक इंस्टाग्राम



पोस्ट में लिखा, मेरी यूएस ओपन यात्रा क्वार्टर फाइनल में समाप्त हुई, जहां मेरा सामना प्रतिभाशाली गाओ फेंग जी से हुआ। पहले कनाडा में उसे हराने के बावजूद, उसने इस बार मेरी कमजोरियों का प्रभावी उपयोग करते हुए मुझे सीधे सेटों में हरा दिया। अगली बार जब मैं गाओ से सामना करूंगी तो एक बड़ी लड़ाई होगी। उन्होंने आगे कहा, इस हार ने मुझ पर एक महत्वपूर्ण भावनात्मक प्रभाव छोड़ा है। प्रत्येक सफल टूर्नामेंट के बाद हार का अनुभव करना निराशाजनक है। हालांकि, मैं अपने प्रयासों को दोगुना करने और वर्ष के शेष भाग को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने लक्ष्य सेन को बधाई देते हुए कहा कि उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को देखना वास्तव में प्रेरणादायक रहा है। सेन की यात्रा उन्हें सेमीफाइनल तक ले गई, हालांकि उन्हें अंतिम चैंपियन ली शी फेंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, मैं लक्ष्य के लिए अपनी वास्तविक खुशी व्यक्त करना चाहती हूं।

## अविनाश साबले ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** अविनाश साबले रविवार को यहां सिलेसिया डायमंड लीग मीट में अपने करियर के दूसरे सर्वश्रेष्ठ समय के साथ छठे स्थान पर रहकर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले छठे भारतीय एथलीट बन गए। 28 वर्षीय साबले ने 8 मिनट और 11:63 सेकंड का समय लिया, जो उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय 8:11.20 से थोड़ा अधिक था, लेकिन इसने पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क 8:15.00 को काफी अंतर से पीछे छोड़ दिया। ओलंपिक क्वालीफिकेशन अवधि 1 जुलाई, 2023 से शुरू हुई और 30 जून, 2024 तक जारी रहेगी।

# बीबीएल, डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट 3 सितंबर को

## थंडर, स्टार्स को मिलेगा पहला मौका

**एजेंसी। मेलबर्न**

बिग बैश लीग (बीबीएल) और महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) दोनों के विदेशी ड्राफ्ट 3 सितंबर को आयोजित किए जाएंगे। सिडनी थंडर को उद्घाटन डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट में पहली बार चयन करने का मौका मिलेगा, जबकि मेलबर्न स्टार्स के पास बीबीएल ड्राफ्ट में पहला कदम रखने का मौका होगा। बिग बैश लीग के महाप्रबंधक एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा,"हम पहली बार वेबर डब्ल्यूबीबीएल की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं।केएफसी बीबीएल ओवरसीज प्लेयर ड्राफ्ट रविवार, 3 सितंबर को आयोजित किए जाएंगे। दोनों ड्राफ्ट के लिए चयन के क्रम की पुष्टि भी सूची प्रबंधकों और उच्च प्रदर्शन वाले कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। क्योंकि वे आने वाले सीजन के लिए अपनी रणनीति को आकार देना जारी रखेंगे।" डब्ल्यूबीबीएल के लिए, पिछले सीजन के फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करने में विफल रहने के बाद, चार टीमों पर्थ स्कॉर्चर्स (एक प्रविष्टि), मेलबर्न स्टार्स (दो प्रविष्टियाँ), मेलबर्न रेनेगेड्स (तीन प्रविष्टियाँ) और सिडनी थंडर (चार प्रविष्टियाँ) को पहले ड्रा में प्रवेश दिया गया है। मौजूदा चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स सहित पिछले साल फाइनल में खेलने वाले क्लबों को दूसरे ड्रा में रखा गया था। थंडर को पहली पसंद मिलने के बाद, मेलबर्न रेनेगेड्स, पर्थ स्कॉर्चर्स और मेलबर्न स्टार्स को अपने विदेशी खिलाड़ियों को चुनने का मौका मिलेगा। डब्ल्यूबीबीएल के मौजूदा विजेता एडिलेड स्ट्राइकर्स, ब्रिस्बेन हीट, होबार्ट हरिकेंस और सिडनी सिक्सर्स को क्रमशः पांचवें, छठे, सातवें और आठवें स्थान पर अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को चुनने का मौका मिलेगा। डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट नियमों के अनुसार, जो टीमें पिछले साल के फाइनल में नहीं पहुंची थीं,जिनमें होबार्ट हरिकेंस (एक प्रविष्टि), एडिलेड स्ट्राइकर्स (दो प्रविष्टियां) और मेलबर्न स्टार्स (तीन प्रविष्टियां) शामिल है को पहले ड्रा में प्रवेश दिया गया है। मेलबर्न रेनेगेड्स को पिछले सीजन में चौथे स्थान पर रहने के बाद इस साल के ड्राफ्ट में चौथी पिक मिली है, स्ट्राइकर्स और हरीकेन को दूसरी और तीसरी पिक का अधिकार दिया गया है। थंडर, सिक्सर्स, हीट और गत चैंपियन स्कॉर्चर्स अपनी-अपनी पसंद बनाने के लिए 5-8 क्रम में हैं। दोनों ड्राफ्ट में चार राउंड होंगे, जिसमें क्लब कुल मिलाकर न्यूनतम दो और अधिकतम तीन खिलाड़ियों का चयन कर सकेंगे, प्रत्येक क्लब को कम से कम एक राउंड में पास होना आवश्यक होगा। राउंड 1 और 2 ऊपर बताए गए संबंधित आदेशों का पालन करेंगे, राउंड 3 और 4 एक स्नैकिंग ऑर्डर का पालन करेंगे। लीग ने क्लबों के लिए ड्राफ्ट पिक्स का व्यापार करने की क्षमता भी पेश की है जिसके परिणामस्वरूप ऑर्डर में बदलाव हो सकता है।

**डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023** | **रहाणे की वापसी पर बोले बल्लेबाजी कोच राठौड़**

# हमें दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए उनकी जरूरत

**एजेंसी। रोसेयु (डोमिनिका)**

बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ का मानना है कि आश्वस्त होकर खेलना अजिंक्य रहाणे की वापसी का अहम पहलू रहा है और भारतीय टीम को उम्मीद है कि वह इस साल होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान अपनी फॉर्म बरकरार रखेंगे। पिछले महीने लंदन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारत की हार के दौरान रहाणे की 89 और 46 रन की पारियां भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पक्ष रहा। यह रहाणे का 18 महीने में पहला टेस्ट था और इसके बाद उन्हें वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया। यह 35 वर्षीय बल्लेबाज हालांकि यहां पहले टेस्ट में सस्ते में आउट हो गया और पोर्ट ऑफ स्पेन में 20 जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में इसकी भरपाई करने की कोशिश करेगा।





रहाणे की वापसी पर राठौड़ ने कहा, वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में काफी अच्छा खेला। वह हमेशा से अच्छा खिलाड़ी रहा है। उसे खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर किया गया था। जब बात तकनीक की आती है तो आप लगातार इस पर काम करते हो लेकिन मेरे लिए महत्वपूर्ण यह है कि उसका रवैया काफी शांत था।' उन्होंने कहा, वह देर से और शरीर के करीब शॉट खेल रहा है। वापसी के बाद से यह सबसे महत्वपूर्ण चीज रही है। वह नेट पर अब भी इसी तरह बल्लेबाजी कर रहा है। हमें उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। दक्षिण अफ्रीका के हालात में आपको जरूरत है कि उसकी तरह का कोई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करे।'

भारत अपनी अगली टेस्ट श्रृंखला दिसंबर-जनवरी में दक्षिण अफ्रीका में खेलेगा। राठौड़ अपने पहले टेस्ट में युवा यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित दिखे। जायसवाल ने 171 रन की पारी खेलकर भारत की जीत की नींव रखी। उन्होंने कहा, मैं पहले चयनकर्ता भी रह चुका हूं इसलिए जब भी आप किसी खिलाड़ी को चुनें तो आपको उसे इस इरादे से चुनना चाहिए कि वह अगले 10 वर्षों तक भारत के लिए खेलेगा। उसमें निश्चित रूप से क्षमता है।'

राठौड़ ने कहा, हालांकि मैंने यशस्वी के साथ पहले काम नहीं किया है। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि मैंने उसे आईपीएल में रन बनाते हुए देखा था। आपने देखा होगा कि वह कितना गतिशील बल्लेबाज है। वह किस तरह का स्ट्रोक खेलने वाला खिलाड़ी है। लेकिन वह टीम की स्थिति के अनुसार खेल को बदलने में भी सफल रहा।' भारत के बल्लेबाजी कोच ने कहा, दूसरे दिन उसने लंच से पहले 90 गेंदों पर लगभग 20 रन बनाए। मुझे लगता है कि मेरे लिए यह पारी का मुख्य आकर्षण था। कोई ऐसा व्यक्ति जो ऐसा करने में सक्षम है, जो अपने चरित्र, अपने सामान्य खेल के विपरीत खेल सकता है, उस चरण से निकलना और फिर रन बनाना, यह देखना शानदार था।' तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद शुभमन गिल पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। लेकिन राठौड़ ने कहा कि गिल को अपने नए बल्लेबाजी क्रम में खुद को साबित करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

उन्होंने कहा, उसमें बहुत क्षमता है और वह अन्य प्रारूपों में भी उस क्षमता तक पहुंचा है। उसने टेस्ट क्रिकेट में भी रन बनाए हैं। कभी-कभी किसी विशिष्ट प्रारूप में थोड़ा समय लग सकता है और वह समय ले रहा है। उसके पास वह समय है।'

राठौड़ ने कहा, वह समय ले रहा है लेकिन अच्छी बात यह है कि उसकी मेहनत में कोई कमी नहीं है। वह चीजों पर काम कर रहा है। क्षमता के साथ-साथ उसके पास धैर्य भी है जो किसी को बड़ा खिलाड़ी बनाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह लंबे समय तक तीनों प्रारूप में खेलेगा।'



NEWS इन ब्रीफ

## सोना हुआ सस्ता-चांदी के रेट में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी दोनों कीमती मेटल्स आज गिरावट के साथ कारोबार कर रही हैं। भारतीय कमोडिटी बाजार में आज सोना-चांदी लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। गोल्ड और सिल्वर के रेट में गिरावट के पीछे कम डिमांड और डॉलर की बढ़ती कीमतों का असर कारण बना है। जानिए आज आपके शहर में सोना और चांदी किस रेट पर मिल पा रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर सोना 122 रुपए या 0.21 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। सोना आज 59194 रुपए प्रति 10 ग्राम के रेट पर कारोबार कर रहा है। नीचे में आज सोना 59130 रुपए तक गया था जबकि ऊपर के दाम की बात करें तो 59251 रुपए तक उछला था।

## बीच हवा में बिगड़ी पायलट की तबीयत, प्लेन उड़ाने में हुआ असमर्थ

**वाशिंगटन।** बीच उड़ान में अगर पायलट की अचानक तबीयत खराब हो जाए तो सोचिए प्लेन में बैठे पैसेंजर्स का क्या हाल होगा। कुछ ऐसा ही एक हैरान कर देने वाला मामला अमेरिका के मैसाचुसेट्स में सामने आया है। दरअसल, अमेरिका की एक फ्लाइट में पायलट की तबीयत अचानक खराब हो गई जिसके बाद प्लेन में बैठे एक पैसेंजर की सूझबूझ ने बाकी यात्रियों की जान बचाई। मामला, अमेरिका के मार्थाज विनियार्ड एयरपोर्ट का है जहां उड़ान के बाद पायलट की तबीयत बीगिड़ गई और उसे मेडिकल इमरजेंसी का सामना करना पड़ा। इस बीच वह प्लेन उड़ाने में असमर्थ हो गया और यह खबर सुन एक पैसेंजर ने प्लेन उड़ाने का जिम्मा संभाला और जैसे-तैसे प्लेन की क्रैश लैंडिंग करवा दी।

## जल्द होने वाला है केन्द्रीय कर्मियों के डीए में 4% का होगा इजाफा

# 47.58 लाख कर्मचारी व 69.76 लाख पेंशनर्स को होगा लाभ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय कर्मचारियों को महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का बेसब्री से इंतजारी है। सरकार साल में दो बार महंगाई भत्ते में इजाफा करती है। पहला जनवरी से जून तक की अवधि के लिए होता है और दूसरा जुलाई से दिसंबर तक की अवधि के लिए होता है। साल 2023 की पहली छमाही में सकार ने डीए में 4 फीसदी का इजाफा किया था। इससे यह बढ़कर 42 फीसदी हो गया। केद्र सरकार द्वारा डीए बढ़ाने के बाद राज्य सरकारें भी अपने राज्यों में डीए को बढ़ाती हैं। हाल ही में कई राज्य सरकारों ने डीए में इजाफा किया है। अब दूसरी छमाही के लिए सरकार जल्द ही डीए हाइक की घोषणा करने वाली है। केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी इंडस्ट्रीयल वर्कर्स की महंगाई में इजाफे के आधार पर होती है। इन आंकड़ों के अनुसार इस बार भी महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी का अनुमान है। इससे डीए बढ़कर 46 फीसदी हो जाएगा। कुछ मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार सरकार सितंबर या दिसंबर में डीए हाइक की घोषणा कर सकती है। महंगाई भत्ता सरकारी कर्मचारियों को दिया जाता है। वहीं, महंगाई राहत पेंशनर्स को दी जाती है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश में 47.58 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारी हैं। वहीं, 69.76 लाख पेंशनर्स हैं। डीए में बढ़ोतरी होने पर इन सभी को फायदा मलेगा। हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया है। शिवराज सिंह की सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाकर 42 फीसदी करने की घोषणा की है। यह बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता जनवरी 2023 से मिलेगा। जुलाई की सैलरी से यह मिलना शुरू होगा। जनवरी से जून तक के डीए का एरियर 3 किस्तों में मिलेगा। ऐसे में एमपी के सरकारी कर्मचारियों को आने वाले महीनों में काफी अधिक बढ़ी हुई सैलरी मिलेगी। इसके पहले कर्नाटक सरकार ने महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी की घोषणा की थी। कर्नाटक में डीए 31 फीसदी से बढ़कर 35 फीसदी हो गया है। इसके अलावा झारखंड और हिमाचल प्रदेश ने भी अपने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए सैलरी हाइक की घोषणा की।



## बीएमडब्ल्यू की बिक्री पहली छमाही में 5% बढ़कर 5,867 इकाई पर पहुंची

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू ग्रुप की कुल बिक्री 2023 की पहली छमाही में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 5,867 इकाई पर पहुंच गई है। कंपनी ने सोमवार को बयान में यह जानकारी दी। समूह की बीएमडब्ल्यू मोटरराड ब्रांड के तहत प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बिक्री भी जनवरी-जून के दौरान 50 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 4,667 इकाई पर पहुंच गई है। पहली छमाही में समूह ने बीएमडब्ल्यू ब्रांड वाले 5,476 वाहन बेचे। वहीं मिनी की बिक्री 391 इकाई रही। यह भारत में कंपनी की छमाही बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने कहा, अंततः लक्जरी कार बाजार बढ़ना शुरू हो गया है। हमारे लिए यह नए मॉडल उतारने की वजह से भी बढ़ रहा है।'' उन्होंने कहा कि बीएमडब्ल्यू ने यह आंकड़ा पिछले साल शुरू हुई।

## आम आदमी को मिली राहत : बाजार में आ गया सस्ता टमाटर



**नई दिल्ली।** टमाटरों के दाम आसमान छू रहे हैं। इस बीच केंद्र सरकार ने बीते रविवार को सरकारी स्वामित्व वाली सहकारी समितियों - एनसीसीएफ और एनएएफईडी द्वारा बेचे जाने वाले टमाटरों की कीमत घटा दी है। केंद्र ने इसे घटाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया है। जबकि पहले यह कीमत 90 रुपये प्रति किलोग्राम थी। रसोई में टमाटरों का इस्तेमाल खूब होता है। इसके बढ़ते दामों से आम आदमी सबसे ज्यादा परेशान हैं। अब सरकार के बाजार में हस्तक्षेप की वजह से कीमतों में कमी आई है। रियायती मूल्य से दिल्ली और एनसीआर में टमाटरों की थोक और खुदरा बाजारों में दरें 30-35 रुपये प्रति किलोग्राम तक कम हो गई हैं। अब और राज्यों में भी इसकी कीमत कम हो जायेगी। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि टमाटर बेचने वाली और ज्यादा वैन राष्ट्रीय राजधानी, इसके उपनगरों और देश भर के अन्य प्रमुख शहरों में तैनात की जाएंगी। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह के मुताबिक, देश में कई स्थानों पर जहां टमाटर की कीमतें असाधारण रूप से ज्यादा थीं। वहां अब रियायती दर पर बेचने के सरकार के हस्तक्षेप के कारण टमाटर की थोक कीमतों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। एनसीसीएफ के सूत्रों ने कहा कि पिछले तीन दिनों में दिल्ली और एनसीआर में लगभग 50 टन टमाटर बेचा गया है। उन्होंने कहा कि कीमतें सामान्य होने तक यह कवायद जारी रहेगी।

## भारत में फ्रेंचाइज उद्योग के पांच साल में 140-150 अरब डॉलर होने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत में फ्रेंचाइज कारोबार के अगले पांच साल में 140-150 अरब डॉलर का होने की संभावना है। फ्रेंचाइज इंडिया ने शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट ह्यफ्रेंकास्ट व्हाइटपेपर ऑन फ्रेंचाइज फोरकास्ट 2023-24' के अनुसार, भारत का फ्रेंचाइज उद्योग लगभग 800 अरब रुपए का है और इसके आगामी वर्षों में सालाना आधार पर 30-35 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस समय दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फ्रेंचाइज बाजार है। पांच साल बाद फ्रेंचाइज उद्योग के 140-150 अरब डॉलर का होने की संभावना है। भारत में इस समय सभी क्षेत्रों में लगभग 4,600 सक्रिय फ्रेंचाइजर हैं, जो लगभग दो लाख दुकानें संचालित कर रहे हैं।

# मछली पालन में अधिक ध्यान दें : नरेंद्र सिंह तोमर



**नवीन मेल संवाददाता। नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने उत्पादन बढ़ाने और संपूर्ण कृषि क्षेत्र की वृद्धि के लिए कृषि विज्ञानियों से पशु पालन एवं मछली पालन में अनुसंधान करने के लिए कहा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के 95वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए तोमर ने कहा कि भारत ज्यादातर फसलों के मामले में दुनियाभर में पहले या दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को हासिल करने में कृषि वैज्ञानिकों के साथ-साथ किसान समुदाय के प्रयासों और सरकारों द्वारा की गई नीतिगत पहलों का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कृषि आय बढ़ाने के अपने उद्देश्य के तहत पिछले नौ साल में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि में बेहतर उत्पादकता और उत्पादन के लिए भी प्रयास किए गए हैं और गुणवत्ता में सुधार पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। तोमर ने कहा कि भारतीय कृषि उत्पादों को विश्व स्तर पर स्वीकार किया जा रहा है और इसलिए वार्षिक कृषि निर्यात 50 अरब डॉलर को पार कर गया है। उन्होंने परिषद से पांच साल बाद आईसीएआर की 100वीं वर्षगांठ के लिए लक्ष्य तय करने और उन्हें पूरा करने के लिए काम शुरू करने के लिए कहा। मंत्री ने कहा कि कृषि के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में फसल से ज्यादा योगदान पशुपालन और मछली पालन का है। उन्होंने कहा, ह्यइसलिए मुझे लगता है कि हमें पशुपालन और मत्स्य पालन में शोध पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

## ईशा अंबानी खरीदने जा रही आलिया भट्ट की चाइल्ड वियर ब्रांड एड-ए-मम्मा कंपनी



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार छोटी-बड़ी कंपनियों का अधिग्रहण कर रही है। कारोबार विस्तार के लिए रिलायंस लगातार दूसरी कंपनियों के साथ साझेदारी कर रही है। इसी क्रम में रिलायंस की रिटेल ब्रांच रिलायंस रिटेल वेंचर्स बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट (की कंपनी को खरीदने जा रही है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स कंपनी आलिया की चाइल्ड वियर ब्रांड एड-ए-मम्मा को खरीदने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि दोनों कंपनियों के बीच 300-350 करोड़ रुपये की डील होगी। रिलायंस अपने तेजी से फैलते कारोबार के तहत यह कदम उठाने जा रही है। देशभर में रिटेल का कारोबार फैल रहा है। इसी के तहत कंपनी आलिया के चाइल्ड वियर ब्रांड का अधिग्रहण करने जा रही है। माना जा ये डील 300-350 करोड़ रुपये में हो सकती है। रिलायंस आलिया की कंपनी रड-ए-मम्मा का अधिग्रहण कर अपने किड्स वियर पोर्टफोलियो को और मजबूत करने की योजना बना रही है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस डील पर अंतिम मुहर लग जाएगी। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों कंपनियों के बीच इस डील को लेकर अंतिम दौर में है।

## विदेश

## हांगकांग में 'तालीम' तूफान के कारण स्कूल व शेयर बाजार हुए बंद

**हांगकांग।** हांगकांग में तालीम तूफान के कारण सोमवार को स्कूल और शेयर बाजार बंद रहे। आर्थिक केंद्र हांगकांग में बारिश होने और तेज हवाएं चलने के बीच 100 से अधिक लोगों ने अस्थायी राहत केंद्रों में शरण ली। कुछ सरकारी सेवाओं और नौका सेवाओं को रोकना पड़ा और विभिन्न कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया। शहर के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने बताया कि 16 उड़ान रद्द कर दी गई हैं। हांगकांग वेधशाला ने रविवार देर रात 12 बजकर 40 मिनट पर ह्यसंख्या आठ तूफान संकेत' दिया, जो शहर की मौसम प्रणाली के तहत तीसरी सबसे गंभीर चेतावनी है। मौसम वैज्ञानिकों ने अनुमान जताया है कि तालीम 140 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से सोमवार को सुबह हांगकांग के दक्षिण-दक्षिण पश्चिम से 300 किलोमीटर दूर तक पहुंच जाएगा।

## पाक आर्मी चीफ अचानक पहुंचे ईरान

# दौरे के पीछे छुपा चीन का कनेक्शन

**एजेंसी। तेहरान**

पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर अचानक ईरान के दौरे पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने यह अचानक ही ईरान नहीं पहुंचे हैं। इसके पीछे पाकिस्तानी सेना का बड़ा खतरा और चीन कनेक्शन छिपा हुआ है। चीन ने पिछले दिनों ईरान और सऊदी अरब की दोस्?ती कराई है। अब ईरान और चीन के बीच 25 साल के लिए बड़ा समझौता हुआ है। चीन अब ईरान में अपने इस बढ़ते हुए प्रभाव का इस्तेमाल बलूच विद्रोहियों को कुलचने में करने जा रहा है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने ईरान की शक्तिशाली सेना आईआरजीसी के चीफ मेजर जनरल हुसैन सलामी से मुलाकात की है। पाकिस्तान और ईरान के बीच बलूचिस्तान में



विद्रोहियों को लेकर लंबे समय से तनाव रहा है। ईरान का दावा है कि पाकिस्तान उसके बलूच इलाके में सुन्नी आतंकियों को शरण देता है। तेहरान में जनरल असीम मुनीर ने ईरान के राष्ट्रपति से लेकर शक्तिशाली सेना प्रमुख तक से मुलाकात की। इस यात्रा के बाद पाकिस्तानी सेना द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि दोनों देश सहयोग को और ज्यादा बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। साथ ही पाकिस्तान और ईरान के बीच बलूचिस्तान सीमा पर सुरक्षा को बेहद पुख्ता किया जाएगा और दोनों के 'साझा खतरे' आतंकवाद से निपटा जाएगा। दरअसल, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोही और टीटीपी आतंकी पाकिस्तानी सेना और चीन के लिए काल बन गए हैं। अभी पिछले दिनों ही टीटीपी ने बलूचिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हमला करके पाकिस्तानी सेना के 12 जवानों को मार गिराया था। यही नहीं बलूच विद्रोही भी अक्सर पाकिस्तानी सेना और चीन के इंजीनियरों पर हमले करते रहते हैं। कुछ महीने पहले दासू बांध को बना रहे चीनी कामगारों पर बलूचों ने हमला करके कई इंजीनियरों से भरी पूरी बस को ही उड़ा दिया था। वहीं पाकिस्तान का कहना है कि बलूच विद्रोही पाकिस्तानी सेना और चीन के नागरिकों को हमले करने के बाद ईरान भाग जाते हैं जहां उन्हें सुरक्षित पनाह मिल जाती है। अब चीन इन दोनों ही देशों के बीच दोस्ती की कड़ी बना है। पाकिस्तानी सेना की मानें तो दोनों देशों ने बलूचों और टीटीपी आतंकियों को एक साथ मिलकर कुचलने का फैसला किया है।

## आक्रोश
## कनाडा में जारी है भारत विरोधी गतिविधियां

# अब श्री भगवद गीता पार्क में तोड़फोड़

**एजेंसी। कनाडा**

भारत के चेतावनी देने के बावजूद कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र के ब्रैम्पटन शहर में श्री भगवद गीता पार्क पर हमला हुआ है और वहां पर नारे लिखकर तोड़फोड़ की गई है। हमलावरों ने पार्क के साइन बोर्ड पर भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ नारे लिखे थे, जिन्हें बाद में मिटाया गया। हाल ही में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद कनाडा में खालिस्तानियों के प्रदर्शनों में जहां भारत के राष्ट्रीय ध्वज को पांव तल रौंदा गया था, वही अब हिंदुओं के मंदिरों पर एक बार फिर से हमलों का सिलसिला शुरू हो गया है। हैरत की बात तो यह है कि पूर्व में हुए हमलों को लेकर भी कनाडाई पुलिस की जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में 3.7 एकड़ में फैले ट्रॉयर्स पार्क को पिछले साल सितंबर में श्री भगवद गीता पार्क के रूप में परिवर्तित




किया गया था। इस पार्क को गीता के संदेशों से जोड़कर संवारने की तैयारी हो रही है। इसके तहत पार्क में मूर्तियां बनाने की योजना है, जिसमें रथ पर भगवान कृष्ण और अर्जुन की मूर्ति भी शामिल है। इस पार्क पर हमला कर पार्क के संकेत चिह्न को तोड़ दिया गया। सुबह सफाई कर्मियों ने इसे देखा, तो नारे हटाकर संकेत चिह्न को मूल स्थिति में लगा दिया। इसे लेकर ब्रैम्पटन के भारतीयों में आक्रोश देखा गया है। भारतीय-कनाडाई लोगों ने इस बर्बरता पर अपना गुस्सा जाहिर किया। एक मीडिया रिपोर्ट में ब्रैम्पटन निवासी विजय जैन ने इसे पूरी तरह से हिंदूफोबिया से ग्रस्त मामला बताया। हिरेन पटेल ने कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ तत्काल और निर्णायक कार्रवाई की मांग की। ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने कहा कि वह इस बर्बरता से नाराज हैं और शहर में किसी भी धार्मिक समुदाय को डराने- धमकाने के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति लागू है। ब्रैम्पटन शहर के ट्विटर हैंडल से भी ट्वीट किया गया कि पार्क साइन को निशाना बनाकर की गई बर्बरता की हालिया कार्रवाई के बारे में

**भारतीय-कनाडाई लोगों ने इस बर्बरता पर अपना गुस्सा जाहिर किया। एक मीडिया रिपोर्ट में ब्रैम्पटन निवासी विजय जैन ने इसे पूरी तरह से हिंदूफोबिया से ग्रस्त मामला बताया**

जानकर बहुत निराशा हुई, यह एक धार्मिक समुदाय पर हमला है। ट्वीट में कहा गया कि मामला पील क्षेत्रीय पुलिस को भेजा गया है। दुर्भाग्य से इस क्षेत्र में बर्बरता की ऐसी कई घटनाएं अभी भी अनसुलझी हैं और किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है। ट्वीट में कहा गया है कि ब्रैम्पटन शहर में हम असहिष्णुता और भेदभाव के ऐसे कृत्यों के खिलाफ एकजुट हैं। हम विविधता, समावेशिता और सभी के प्रति सम्मान के अपने मूल्यों को गर्व से कायम रखते हैं और नफरत के इन कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## रूस ने यूक्रेन को अनाज आपूर्ति करने वाले सौदे पर लगाई रोक

**मास्को।** रूस ने युद्ध के दौरान यूक्रेन को अफ्रीका, मध्यपूर्व और एशिया तक अनाज भेजने की अनुमति देने संबंधी अभूतपूर्व सौदे पर सोमवार को रोक लगा दी। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान सौदे पर रोक लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि रूस की मांग पूरी होने के बाद ही वह इस सौदे पर से रोक हटाएगा। पेस्कोव ने कहा, जब रूस से संबंधित कालासागर समझौते को लागू किया जाएगा, तब रूस तत्काल इस सौदे पर से रोक हटा लेगा। संयुक्त राष्ट्र और तुर्किये ने पिछले साल दोनों देशों के बीच एक ऐतिहासिक समझौता कराया था, जिसके तहत यूक्रेन को कालासागर क्षेत्र के रास्ते खाद्यान्न की आपूर्ति की अनुमति मिली थी। इससे अलग एक समझौते के तहत पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच रूस को खाद्यान्न और उर्वरक की आपूर्ति की अनुमति मिली थी। रूस और यूक्रेन दुनियाभर में गेहूं, जौ, सूरजमुखी का तेल और अन्य किफायती खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में शुमार हैं।

## पेज एक के शेष

### दो सगे भाइयों ...

टोली आये एवं नवीन भेंगरा से उलझने लगे बहस की बीच मामला इतना बिगड़ गया कि नवीन भेंगरा ने लकड़ी के टुकड़े से मार कर दोनों भाइयों की बेरहमी से हत्या कर दी। ग्रामीणों द्वारा हत्या की सूचना जलडेगा पुलिस को दी गई जिसके बाद एसआई धीरज उरांव एवं एसआई संतोष कुमार ने दल बल सहित मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को अपने कब्जे में ले लिया वहीं आरोपी को नवीन भेंगरा को गिरफ्तार कर लिया। मृतक पीटर जोजो की पत्नी सेतेंग जोजो के बयान पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है एवं आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### झारखंड का हॉकी...

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड के खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, हॉकी झारखंड के सीईओ रजनीश कुमार मौजूद थे।

### दिनेश गोप का...

सूचना के आलोक में उनके निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्रनीलांबर गोप को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि नीलांबर गोप का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और वह कई बार जेल जा चुका है। नीलांबर के खिलाफ खूंटी जिले के तोरपा, जरियागढ़ और रनिया थाना में विभिन्न संगीन धाराओं के तहत सात मामले दर्ज है। एसडीपीओ ने बताया कि ओडिशा के राउरकेला थाना की पुलिस भी एसे एक बार जेल भेज चुकी है। उन्होंने बताया कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के जेल जाने के बाद नीलांबर गोप संगठन को फिर खड़ा करने के प्रयास में लगा था। गत वर्ष चार-पांच फरवरी को जब दिनेश गोप को गोली लगी थी, उस समय नीलांबर ने ही तोरपा के कोटेंगसेरा में लाकर उसका इलाज कराया था। इतना ही नहीं नीलांबर ने दो बार नेपाल जाकर दिनेश गोप से मुलाकात भी की थी। बताया कि नीलांबर की निशानदेही पर गरई डिगरी स्थित एक निजी विद्यालय के परिसर से हथियार बनाने में प्रयोग होनेवाली लेथ मशीन को बरामद किया है।

### 30 हजार से अधिक...

इसमें सफलता मिली और 14,243 महिलाओं को रोजगार के अन्य वैकल्पिक साधनों से जोड़ा गया। इस चरण में महिलाओं के बीच ब्याज मुक्त कुल 1,424.3 लाख ऋण की सहयोग धनराशि उपलब्ध कराई गई। इसके बाद अभियान का दूसरा चरण 15 नवंबर 2021 से 28 दिसंबर 2021 तक संचालित किया गया। इसमें सर्वेक्षण के माध्यम से 9,474 महिलाएं चिन्हित हुईं और 9,291 महिलाओं को वैकल्पिक सम्मानजनक आजीविका गतिविधियों से जोड़ने में सफलता मिली। इन्हें रोजगार के अन्य साधनों से जोड़ने के लिए 929.1 लाख ब्याज मुक्त धनराशि उपलब्ध कराई गई। इस तरह दो चरण में योजना के तहत 2,353.4 लाख की धनराशि महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दी गई। इसके बाद भी अभियान नहीं रुका। हड़िया और शराब बिक्री एवं निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को चिन्हित करने का कार्य पूरे राज्य में चलता रहा। इसका परिणाम है कि अबतक 30,013 महिलाओं को इस योजना से जोड़ बेहतर जीवन के अवसर प्रदान करने में राज्य सरकार को सफलता प्राप्त हुई है।

### बीमारी के कारण विष्णु ...

ने 9 अगस्त 2019 को पुगड़ू मौजा की 9.30 एकड़ जमीन की खरीद की थी। खास महल की यह जमीन आशीष कुमार गांगुली ने विष्णु अग्रवाल को रजिस्ट्री की थी। इससे पहले इस जमीन की लीज का आवेदन आशीष ने 2013 में डीसी को दिया था। प्रारंभिक जांच में ईडी ने पाया है कि जमीन की प्रकृति फर्जी दस्तावेजों के जरिए बदल कर इसकी रजिस्ट्री करा दी गई। ईडी ने प्रारंभिक जांच में पाया है कि जमीन की रजिस्ट्री गलत दस्तावेजों के आधार पर की गई है। ईडी से विष्णु अग्रवाल ने भले ही वक्त की मांग की है। लेकिन पुगड़ू जमीन केस में रजिस्ट्री करने वाले आशीष कुमार गांगुली के साथ साथ अलग अलग पक्ष को समन किया है। कुल 17 लोगों को अबतक समन कर ईडी ने पूछताछ के लिए तलब किया है।

### चुनाव आयोग के ...

एडीआर रिपोर्ट के अनुसार 20,000 रुपए से ज्यादा के आय को ज्ञात स्रोतों की आय के रूप में रखा गया है। क्योंकि इनके दाताओं का ब्यौरा क्षेत्रीय दलों द्वारा चुनाव आयोग को दी गई जानकारी में उपलब्ध कराई गई है। चुनाव आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए राजनीतिक दलों पर अंकुश लगाने की तैयारी की है, जिसके तहत राजनीतिक दलों की फंडिंग और चुनावी खर्च में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए क्लीनअप, क्रैकडाउन और अनुपालन यानी 3C पर काम करते हुए बड़ा कदम उठाया गया है।

### 5 साल में 13.5 करोड़ ...

करने की राह पर है। यह रिपोर्ट नवंबर 2021 में लॉन्च की गई भारत की राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) को अद्यतन करता है। राष्ट्रीय एमपीआई स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के तीन समान रूप से महत्वपूर्ण आयामों में एक साथ अभावों को मापता है जो 12 एसडीजी-संरेखित संकेतकों द्वारा दर्शाए जाते हैं। इनमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने का ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी 12 संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है, जिससे गरीबी में कमी आई है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### शाह के बाद नड्डा से मिले चिराग पासवान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात करने के बाद लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने सोमवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर एनडीए गठबंधन में शामिल होने की औपचारिक जानकारी उन्हें दी। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने चिराग पासवान के एनडीए गठबंधन में शामिल होने के निर्णय की जानकारी साझा करते हुए औपचारिक तौर पर उनका एनडीए गठबंधन में स्वागत भी किया। चिराग पासवान के साथ मुलाकात की तस्वीरों को शेयर करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट कर कहा, चिराग पासवान से दिल्ली में भेंट हुई।

### वाहन दुर्घटना में ट्रैफिक पुलिसकर्मी समेत तीन की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के श्रीनगर जिले में सोमवार को तीन वाहनों के आपस में टकराने से एक यातायात पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि यह दुर्घटना श्रीनगर शहर के बाहरी मलूरा इलाके में उस समय हुई जब इलाके में पेट्रोल पंप के पास कुछ वाहन आपस में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा, "मलूरा इलाके में पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक, एक तिपहिया वाहन और एक कार आपस में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई।

# भारतीय परंपरा में परोपकार महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि मानव सेवा के प्रति भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी का समर्पण, करुणा और निस्वार्थ भावना दूसरों को प्रेरित करती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की वार्षिक बैठक (एजीएम) के औपचारिक सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय परंपरा में परोपकार को सबसे महत्वपूर्ण मानवीय मूल्य माना गया है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी 100 से अधिक वर्षों से लोगों की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस ने




प्राकृतिक आपदाओं और स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान राहत कार्यों के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। उन्होंने मानवता के प्रति समर्पण और सेवा के लिए सोसायटी के सभी सदस्यों और स्वयंसेवकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मानव सेवा के प्रति उनका समर्पण, करुणा और निस्वार्थ भावना दूसरों को प्रेरित करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता के कल्याण के लिए काम करना जारी रखेगी। राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी देश भर में 100 से अधिक रक्तदान केंद्रों और मोबाइल अभियानों के माध्यम से भारत की लगभग 10 प्रतिशत रक्त आवश्यकताओं को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जरूरतमंद लोगों के लिए सुरक्षित रूप से रक्त एकत्र करने और स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट भूमिका निभा रही है। उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों से रक्तदान से संबंधित गलत धारणाओं को दूर करने और लोगों, विशेषकर युवाओं को इस महान सामाजिक उद्देश्य से जोड़ने के लिए काम करने का आग्रह किया।

# विपक्ष की एकजुटता स्वागत योग्य कदम : अमर्त्य सेन

**एजेंसी। बोलपुर (पश्चिम बंगाल)**

लोकतंत्र में अक्सर सत्ता साझेदारी की जरूरत का जिक्र करते हुए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने अगले साल होने वाले आम चुनावों के लिए एक संघीय मोर्चा बनाने के सिलसिले में गैर-भाजपा दलों के बीच जारी चर्चा का स्वागत किया है। अपनी हालिया भारत यात्रा के दौरान यहां अपने पैतृक आवास पर एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि केंद्र को मणिपुर में शांति स्थापित करने के लिए पुरजोर तरीके से हस्तक्षेप करना चाहिए। सेन (89) ने कहा, मुझे लगता है कि लोकतंत्र अक्सर सत्ता साझेदारी की मांग करता है, लेकिन अक्सर बहुमत, अल्पमत वाले दलों को वह ताकत हासिल नहीं करने देता और



अल्पमत को एक संकटपूर्ण स्थिति में छोड़ देता है। अर्थशास्त्री-दार्शनिक ने कहा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए विपक्षी दलों के लिए सत्ता संतुलित करने का एकमात्र तरीका कमजोर बने रहने के बजाय एक दूसरे के साथ खड़े रहना है। उन्होंने कहा, (पिछले महीने) पटना में हुई (विपक्ष की) बैठक में जो कुछ हुआ, उससे कुछ ऐसा ही जाहिर होता है। बेंगलुरु में सोमवार और मंगलवार को 26 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक होने वाली है।

कांग्रेस, जनता दल (यूनाइटेड) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अलावा तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) जैसे बड़े विपक्षी दल बैठक में शामिल होंगे। इसमें, 2024 के लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर लड़ने की रणनीति की रूपरेखा तैयार करने की उम्मीद है। सेन ने मणिपुर में स्थिति पर कहा, सिर्फ इस चीज की जरूरत है कि केंद्र सरकार न्यायसंगत, पुरजोर तरीके से हस्तक्षेप करे। राज्य में तीन मई से हुई जातीय हिंसा में 150 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## 1.44 लाख किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थ नष्ट किए गए : शाह



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मादक पदार्थ की तस्करी को राष्ट्रीय सुरक्षा से अलग करके नहीं देखा जा सकता है। इसलिए इसकी खरीद, बिक्री और तस्करी पर हमें पूर्ण प्रतिबंध लगाना होगा। इस अभियान में केन्द्र के साथ-साथ राज्य सरकारों सहित देश के हर नागरिक को अहम भूमिका निभानी होगी। शाह ने सोमवार को अटल अक्षय ऊर्जा भवन में "ड्रग्स तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा" पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यों के एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के समन्वय से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने आज देश के विभिन्न हिस्सों में 1,44,000 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स को नष्ट किया है। यह अभियान जारी रहना चाहिए। शाह ने कहा कि हमें मिलकर देश को "ड्रग फ्री" बनाना है। इसे लक्ष्य मानकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएं तो देश ड्रग फ्री राष्ट्र हो। इस संकल्प के साथ हमें काम करना होगा।

# पुंछ में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो घुसपैठिए ढेर

**एजेंसी। पुंछ**

जम्मू संभाग के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के साथ सटे इलाका चक्का दा बाग में सुरक्षा बलों ने रविवार देर रात घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दो घुसपैठियों को मार गिराया है। इसके बाद सुरक्षाबल के जवान पूरे इलाके को घेर कर तलाशी अभियान चला रहे हैं। सेना की हाइट नाइट कॉर्प्स ने सोमवार को एक ट्वीट के माध्यम से कहा कि पुंछ सेक्टर में ऑपरेशन बहादुर के तहत रविवार देर रात भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान दो घुसपैठियों का सफाया कर दिया गया है। पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा से दो आईईडी बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सेना के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में उत्तरी कश्मीर के हंदवाड़ा के वोधपुरा वन क्षेत्र से दो आईईडी बरामद किए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, विशेष इनपुट के आधार पर सेना ने हंदवाड़ा पुलिस के साथ सुबह वोधपुरा जंगल में खोज अभियान शुरू किया। संयुक्त अभियान में एनएच-701 के पास वोधपुरा रिज (चोटी) से लगभग पांच और सात किलोग्राम के दो आईईडी बरामद किए गए। संयुक्त टीम ने तुरंत पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। आईईडी की पहचान विस्फोटक डिटेक्टरों और आर्मी डॉग से लैस इंडियन आर्मी हाइली ट्रेंड्स एक्सप्लोसिव डिटेक्शन टीम द्वारा की गई थी। किसी और आईईडी या आतंकवादियों के छिपे होने की संभावना के लिए वोधपुरा जंगल क्षेत्र में सेना और हंदवाड़ा पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा गहन तलाशी अभियान फिर से शुरू किया गया है।

## ईडी ने तमिलनाडु के मंत्री पोनमुडी से जुड़े नौ स्थानों पर छापे मारे

**एजेंसी। चेन्नई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सोमवार को तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी से जुड़े नौ स्थानों पर छापेमारी कर रही है। द्रमुक के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि छापेमारी उच्च शिक्षा मंत्री के बेटे डॉ. गौतम शिकामणि के आवास और अन्य परिसरों पर की गई। सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी और न्यायिक हिरासत के बाद पोनमुडी जांच के दायरे में आने वाले दूसरे मंत्री हैं। पोनमुडी और उनकी पत्नी पी. विशालाक्षी को इससे पहले जून 2023 में वेल्लोर के प्रधान जिला न्यायाधीश ने सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक



निदेशालय द्वारा 2011 में दायर एक मामले में बरी कर दिया था। डीवीएसी ने मामला दायर किया था कि मंत्री और उनकी पत्नी ने 2006 और 2011 के बीच डीएमके सरकार में खान और खनिज मंत्री रहते हुए अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक 1.36 करोड़ की संपत्ति अर्जित की थी।

# क्या सुप्रिया को केंद्र में मंत्री बनाने का ऑफर लेकर आये थे अजित?

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

केन्द्र के पूर्ण सहयोग से एनसीपी में दो फाड़ करके महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री बन गये अजित पवार का मात्र चौबीस घंटे में बिड़ी किंग प्रफुल्ल पटेल के साथ अपने सगे चाचा शरद पवार से दो बार बिना समय लिए मिलने जाना कई तरह के संकेत दे रहा है। अजित पवार व बिड़ी किंग प्रफुल्ल पटेल गुट द्वारा शरद पवार को मनाने की कोशिशें लगातार की जा रही हैं। रविवार के बाद सोमवार को लगातार दूसरे दिन अजित गुट द्वारा एनसीपी संस्थापक व दिग्गज नेता शरद पवार को मनाने के लिए मुंबई के वाई बी चव्हाण सेंटर में पहुंचे। लेकिन रविवार की तरह सोमवार को भी शरद पवार ने अजित गुट की बातें ध्यान से सुने लेकिन एक शब्द भी नहीं बोले। इस सबको लेकर अंदरखाने जो चर्चा है ,उसमें कहा जा रहा है कि ये दोनों सुप्रिया सुले




को केंद्र में राज्य मंत्री बनाने का प्रस्ताव लेकर गये थे। लेकिन पवार ने कुछ नहीं कहा। वह सधी चाल चलते अजित गुट व उनके रहनुमा बन गये केन्द्र के साहबों पर पलटवार की तैयारी में लगे हुए हैं। यह भी चर्चा है कि अजित गुट वाले एनसीपी को अपनी अलग बनाई पार्टी को अवैध घोषित होने का खतरा होने लगा है। क्योंकि इस बार चुनाव आयोग द्वारा जिस तरह शिवसेना के शिंदे गुट के लाभ वाला फैसला मिल गया, वैसा एनसीपी के अजित गुट को मिलने में अड़चन आने लगी है। शिवसेना टूट मामले में राज्यपाल की भूमिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ी टिप्पणी की है। विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका भी घेरे में आई। अभी उस मामले में अध्यक्ष को कुछ दिन में फैसला देना है। जिसके चलते शिवसेना से अलग होकर शिंदे वाली शिव सेना बनाने वाले विधायकों की विधायकी पर खतरा मंडरा रहा है। इसी को देखते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अजित पवार गुट केन्द्र के हुक्मरानों द्वारा हर तरह से सपोर्ट के बाद भी घबड़ाया हुआ है। क्योंकि यदि शिंदे शिवसेना गुट के विधायकों के दलबदल मामले में फैसला विरोध में आता है, तो उसके विधायकों की सदस्यता खत्म हो जाएगी। इससे शिंदे सरकार संकट में पड़ जाएगी। इसी तरह से यदि अजित पवार गुट की टूट अवैध करार कर दी गई, तब इनके गुट के विधायकों की विधायकी जाएगी। इससे अजित पवार गुट का भट्ठा तो बेठेगा ही , केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी व उसके हुक्मरान रणनीतिकारों को भी बड़ा झटका लगेगा। सो इस सबकी काट के लिए शरद पवार की बेटी व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की कार्यकारी अध्यक्ष तथा सांसद सुप्रिया सुले को केन्द्र में राज्य मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया है। कहा जाता है कि केन्द्र के इसी प्रस्ताव को लेकर अजित पवार दो दिन से शरद पवार के पास जा रहे हैं। यदि शरद पवार मान गये , तो इससे न केवल एनसीपी में दो फाड़ का विवाद खत्म हो जाएगा, बल्कि महाराष्ट्र विधान सभा में भाजपा - राकांपा का मजबूत गठबंधन भी बन जाएगा। जिसका लाभ 2024 के लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा। यदि सुप्रिया सुले केंद्र में राज्य मंत्री पद आती हैं तो महाराष्ट्र में अजित पवार मुख्यमंत्री हो सकते हैं। या केन्द्र में सुप्रिया सुले को केन्द्रीय मंत्री बना, महाराष्ट्र में फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाया जा सकेगा। इस बारे में एनसीपी सूत्रों का कहना है कि केन्द्रीय हुक्मरानों से मिलकर सगे भतीजा अजित पवार ने जिस तरह से दगा दिया, उसके बाद बयान दिया, बयासी वर्षीय शरद पवार उसको भूल नहीं पा रहे हैं, और इसका राजनीतिक बदला दोनों से लेना चाहते हैं। इसीलिए अभी मौन रह आगे की राजनीति की बिसात बिछाने में लगे हैं। फिर भी राजनीति में कब दोस्त दुश्मन और दुश्मन दोस्त बन जाए, कहा नहीं जा सकता है। इसीलिए तो राजनीति को हरजाई भी कहा जाता है।




### बादशाह ने हनी सिंह पर लगाए कई गंभीर आरोप



**मशहूर** रैपर यो यो हनी सिंह और बादशाह को बॉलीवुड के "जय-वीरू" के नाम से जाना जाता था। एक समय था जब इस जोड़ी ने इंडस्ट्री को कई हिट गाने दिए थे। उनका "माफिया मुंडीर" नाम से एक बैंड भी था। हालाँकि, एक दिन अचानक उनके बीच बहुत झगड़ा हो गया। उनके बीच का यह विवाद सार्वजनिक हो गया। अब बादशाह ने विवाद का कारण बताया। बादशाह ने हाल ही में एक इंटरव्यू में हनी सिंह का जिक्र किया था। कई दिनों के बाद बादशाह बताते हैं कि कैसे उनके बीच झगड़े के लिए हनी जिम्मेदार थे। हनी सिंह उस समय बहुत आत्मकेंद्रित थे। वह केवल अपने शब्दों को महत्व देते थे। उन्होंने कभी भी दूसरे लोगों की राय स्वीकार नहीं की। तो हमारा बैंड टूट गया। इससे पहले भी थोड़ा विवाद हुआ था। बादशाह ने कहा, "मैंने उसे कई बार फोन किया लेकिन उसने फोन नहीं उठाया।" आगे बादशाह ने कहा, "मैंने हनी को बहुत समझाने की कोशिश की। मेरे पास कई गाने थे लेकिन उन्होंने कभी नहीं सुना।" वह मुझे भाई कहकर बुलाता था।

### 'नीरजा' में मेरी भूमिका मेरी क्षमता को परखने का मौका है: स्नेहा वाघ



**फैमिली** ड्रामा 'नीरजा' में प्रोतिमा की भूमिका निभा रहीं टीवी एक्ट्रेस स्नेहा वाघ ने कहा कि यह शो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ और यह एक नई भूमिका में उनकी क्षमता को परखने का अवसर है। 'नीरजा... एक नई पहचान' दिखाती है कि एक मां और सेक्स वर्कर प्रोतिमा कोलकाता के कुख्यात रेड-लाइट जिले सोनागाछी में रहते हुए अपनी बेटी नीरजा के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किस हद तक जा सकती है। किरदार के बारे में बात करते हुए स्नेहा ने कहा, यह शो मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। मैंने इस भूमिका को निभाने का फैसला किया क्योंकि यह एक नई भूमिका में अपनी क्षमता का परीक्षण करने का अवसर है।

## पहचान | दुनियाभर में 8.4 मिलियन से अधिक लोग डुओलिंगो से सीख रहे हैं हिंदी

# अंग्रेजी के बाद हिंदी दूसरी सबसे लोकप्रिय भाषा

### हिंदी सबसे ज्यादा सीखे जाने वाली भाषा की सूची में 10 वें स्थान पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका स्थित भाषा शिक्षण ऐप डुओलिंगो ने सोमवार को घोषणा की है कि वैश्विक स्तर पर 8.4 मिलियन से अधिक शिक्षार्थी ऐप से सक्रिय रूप से अंग्रेजी से हिंदी सीख रहे हैं। वर्तमान में भारत में डुओलिंगो यूजर्स के बीच अंग्रेजी के बाद हिंदी दूसरी सबसे लोकप्रिय भाषा है। कंपनी के अनुसार वैश्विक स्तर पर हिंदी ने पुर्तगाली भाषा को पीछे छोड़ते हुए सबसे ज्यादा सीखी जाने




वाली भाषाओं की सूची में 10वां स्थान हासिल कर लिया है। 2018 में डुओलिंगो की शुरूआत के बाद से हिंदी भाषा पाठ्यक्रम न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में तेजी से बढ़ती भाषाओं में से एक बन गया है। यह मनोरंजन, खेल व्यवसाय और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में भारत की वैश्विक प्रमुखता को दशार्ता है। डुओलिंगो कपनी के कंट्री मार्केटिंग मैनेजर करणदीप सिंह ने एक बयान में कहा कि इससे शिक्षार्थियों के बीच भारत की भाषाओं और इसकी समृद्ध संस्कृति को जानने की गहरी जिज्ञासा पैदा हुई है। अंग्रेजी और हिंदी के साथ-साथ फ्रेंच, कोरियाई और स्पेनिश लोकप्रिय भाषाओं में से एक हैं, जिन्हें भारतीय डुओलिंगो पर सीख रहे हैं।

कंपनी ने कहा, डुओलिंगो पर हिंदी की लोकप्रियता सामाजिक-आर्थिक कारणों से आई है। काम के लिए जो लोग हिंदी भाषी क्षेत्रों की ओर रुख करते है उनके लिए यह फायदेमंद है। जैसे-जैसे भारत खुद को व्यापार और विनिर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है, प्रवासी आबादी बढ़ रही है। कोविड के बाद पर्यटन में उछाल के बाद अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में वृद्धि हुई है। अपनी भारत केंद्रित पेशकश के हिस्से के रूप में डुओलिंगो ने पिछले साल विशेष रूप से बंगाली बोलने वालों के लिए एक अंग्रेजी सीखने का पाठ्यक्रम तैयार किया था।

## फिल्म 'मेरी क्रिसमस' का पोस्टर रिलीज

**कैटरीना कैफ** और विजय सेतुपति ने सोशल मीडिया पर 'मेरी क्रिसमस' के एक नए पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट घोषित की है। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म के लिए दर्शक उत्साहित हैं, क्योंकि कैटरीना और विजय पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे। फैंस काफी समय से इस फिल्म की घोषणा का इंतजार कर रहे थे। यह फिल्म पहले 2022 में रिलीज होने वाली थी। अब यह फिल्म 15 दिसंबर, 2023 को रिलीज होने जा रही है।




विजय सेतुपति और कैटरीना कैफ ने दो पोस्टर लॉन्च किए, एक हिंदी में और दूसरा तमिल में। दोनों ही पोस्टर में कैटरीना और विजय नजर आ रहे हैं और इस पोस्टर ने सभी की उत्सुकता बढ़ा दी है। नया पोस्टर दर्शकों को विंटेज वाइब्स दे रहा है। हिंदी पोस्टर पर नजर डालें तो पुरानी मुंबई की झलक मिलती है। पोस्टर में टैगलाइन है रात जितनी संगीन होगी, सुबह आती रंगी होगी। हिंदी भाषा की फिल्म में संजय कपूर, विनय पाठक, प्रतिमा कन्नन और टीनू आनंद भी हैं, जबकि तमिल भाषा की फिल्म में राधिका सरथकुमार, शनमुगराजा, केविन जय बाबू और राजेश विलियम्स हैं।